CMYK

सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-23 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 10 जुलाई 2025
14 मोहर्रम 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# प्रदेश में एक दिन में रोपे गए 37 करोड़ पौधे, सीएम ने अयोध्या तो राज्यपाल ने बाराबंकी में किया पौधरोपण









### ■ पौधों की सुरक्षा के लिए सीएसआर फंड का होगा इस्तेमाल

**लखनऊ।** यूपी में आज सुबह पौधरोपण महाभियान-2025 का शुभारंभ हो गया। एक पेड़ मां के नाम थीम पर प्रदेश में 37 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बाराबंकी में पौधरोपण किया। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में पौधरोपण कर लोगों से पौधों के संरक्षण की अपील की। प्रदेश में दोपहर एक बजे तक 20 करोड़ पौधे लगाए गए।

इस मौके पर अयोध्या में अभियान का शुभारंभ करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा का सामना पूरी दुनिया को करना पड़ रहा है। अमेरिका जैसे देश भी इससे सुरक्षित नहीं है। यह अनियोजित विकास का परिणाम है। ऐसे में हमें विकास के साथ पर्यावरण की रक्षा करनी ही होगी। पौधरोपण अभियान अपनी मां के नाम कृतज्ञता ज्ञापित करने का मौका देता है इसलिए इस अभियान को एक पेड़ मां के नाम नाम दिया गया है। विकास के साथ पर्यावरण की रक्षा करने के लिए कई तरह की तकनीक विकसित हो चुकी है। इससे पर्यावरण की रक्षा करते हुए विकास भी सुनिश्चित किया जा सकता है। इन दोनों में संतुलन बनाना होगा।


मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में 204 करोड़ पौधे रोपित किए गए हैं। इनमें से 75 फ़ीसदी से ज्यादा पेड़ जीवित हैं। पांच लाख एकड़ क्षेत्र में प्रदेश में वन क्षेत्र बढ़ा है। इससे पहले सीएम योगी ने त्रिवेणी वाटिका में नीम, पीपल और बरगद के पौधे रोपित किए। पौधरोपण के बाद पौधों की सुरक्षा के लिए कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) फंड का इस्तेमाल होगा। बैंकों और निजी कंपनियों से रोपण क्षेत्रों को गोद लेने और पौधों की सिंचाई व सुरक्षा के लिए संसाधन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इससे पौधरोपण अभियान तकनीकी नवाचार और सामुदायिक सहयोग के बल पर और भी प्रभावी होने की उम्मीद है।

### पौधरोपण कर इनके संरक्षण के लिए काम करें : योगी

सीएम योगी बुधवार को अयोध्या में सरयू किनारे रामपुर हलवारा में सिटी फॉरेस्ट और किष्किंधा वन की सौगात देते हुए पौधरोपण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास के साथ पर्यावरण की रक्षा करने के लिए कई तरह की तकनीक विकसित हो चुकी है। इससे पर्यावरण की रक्षा करते हुए विकास भी सुनिश्चित किया जा सकता है। इन दोनों में संतुलन बनाना होगा।

## रिटायरमेंट के बाद वेद-उपनिषद और खेती पर करूंगा फोकस : शाह

### ■ सेवानिवृत्ति के बाद की योजना बताई




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर बुधवार को गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान की सहकारिता क्षेत्र से जुड़ीं महिलाओं और अन्य सहकारी कार्यकर्ताओं के साथ सहकार-संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में सहकारी क्षेत्र महिलाओं को आत्मनिर्भर करने का मजबूत माध्यम बना है।

गृह मंत्री अमित शाह ने सहकार-संवाद कार्यक्रम में बनासकांठा का जिक्र किया और कहा कि जब मैं पैदा हुआ था, तब बनासकांठा के लोगों को सप्ताह में सिर्फ एक बार नहाने के लिए पानी मिल पाता था। मध्य प्रदेश और राजस्थान के लोगों को शायद इसका अंदाजा न हो, लेकिन बनासकांठा और कच्छ गुजरात के सबसे ज्यादा पानी की कमी वाले जिलों में से थे। आज एक परिवार सिर्फ दूध उत्पादन से सालाना 1 करोड़ कमाता है। यह एक बहुत बड़ा बदलाव है।

गृह मंत्री अमित शाह ने सहकार-संवाद कार्यक्रम में कहा कि मैंने निर्णय लिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद मैं अपना शेष जीवन वेदों, उपनिषदों और प्राकृतिक खेती के अध्ययन के लिए समर्पित करूंगा। प्राकृतिक खेती एक वैज्ञानिक प्रयोग है, जिसके अनेक लाभ हैं। रासायनिक उर्वरकों से उगाए गए गेहूं से अक्सर कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

# भारत-नामीबिया अपने स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही साथ-साथ खड़े रहे : मोदी

### ■ पीएम मोदी नामीबिया के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे गए




**विंडहोक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नामीबिया ने भी सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाज दिया है। पीएम मोदी को बुधवार को नामीबिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस से सम्मानित किया गया। मई 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के पदभार ग्रहण करने के बाद से किसी विदेशी सरकार की ओर से उन्हें प्रदान किया गया यह 27वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति नंदी-नदैतवा ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसके बाद दोनों देशों ने ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह ने कहा कि नामीबिया के संविधान की ओर से मुझे दी गई शक्ति के तहत मुझे प्रधानमंत्री मोदी को ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस प्रदान करने का सम्मान प्राप्त हुआ है, जिन्होंने नामीबिया और विश्व स्तर पर आर्थिक विकास और शांति एवं न्याय को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सम्मानित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इस सम्मान से सम्मानित होना मेरे लिए अत्यंत हर्ष और गर्व की बात है। मैं राष्ट्रपति, नामीबिया सरकार और नामीबिया की जनता के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से यह सम्मान स्वीकार करता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह भारत और नामीबिया की मित्रता का साक्षी है। आज इससे जुड़कर मुझे अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है। मैं यह सम्मान नामीबिया और भारत के लोगों, उनकी निरंतर प्रगति और विकास तथा हमारी अटूट मित्रता को समर्पित करता हूं। एक सच्चे मित्र की पहचान कठिन समय में ही होती है। भारत और नामीबिया अपने स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। हमारी मित्रता राजनीति से नहीं, बल्कि संघर्ष, सहयोग और आपसी विश्वास से उपजी है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों और उज्ज्वल भविष्य के सपनों से पोषित हुई है।


## वडोदरा में महिसागर नदी पर बना पुल ढहा, नौ लोगों की मौत



**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार सुबह एक चार दशक पुराने पुल का हिस्सा ढह जाने से कई वाहन नदी में गिर गए। जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। नौ अन्य लोगों को सुरक्षित निकाला लिया गया। इनमें से पांच को एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस घटना पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति सांत्वना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिवारों के लिए दो-दो लाख और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की मदद का एलान किया। वडोदरा कलेक्टर ने बताया कि महिसागर नदी पर मध्य गुजरात को सौराष्ट्र क्षेत्र से जोड़ने वाले गंभीरा पुल का 10 से 15 मीटर का एक स्लैब ढह गया। छह वाहन, जिनमें दो ट्रक, दो वैन, एक ऑटोरिक्शा और एक बाइक नदी में गिर गए। दो अन्य वाहन भी गिरने ही वाले थे कि उन्हें खींचकर बचाया गया।



# सांसद आनन्द भदौरिया जनसमस्याओं को लेकर समर्थकों संग धरना पर बैठे दिया ज्ञापन

## हर वर्ग की जनता डबल इंजन की सरकार से त्रस्तः अनुराग पटेल



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** धौरहरा लोकसभा के सांसद आनंद भदौरिया के नेतृत्व में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने विलोबी मेमोरियल प्रांगण में एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया, सभा के बाद कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए तत्काल समस्याओं के समाधान की मांग की जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद भदौरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 22 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे झूठे साबित हुए हैं, अघोषित विद्युत कटौती, जर्जर तारों और जलते ट्रांसफार्मरों की वजह से आमजन को परेशानी हो रही है, नई आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा बड़ी संख्या में संविदा विद्युतकर्मियों की छंटनी की गई है जिससे वे बेरोजगार हो गए हैं इसके साथ ही ग्रामीण गरीबों को मुफ्त बिजली कनेक्शन देने के बाद भारी भरकम बिल भेजकर शोषण किया जा रहा है। मांग की गई है कि गरीबों के एक किलोवाट तक के कनेक्शन का बिल माफ किया जाए।उन्होंने आगे कहाकि प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर के फैसले को शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार स्कूलों को बंद कर गांव-गरीबों के बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीन रही है खाद की किल्लत को कृत्रिम संकट बताया गया है, किसानों को कालाबाजारी और नकली खाद से परेशान बताया गया है तथा खाद की गारंटी सुनिश्चित करने की मांग की गई है, जल जीवन मिशन को भ्रष्टाचारग्रस्त योजना बताते हुए इसकी जांच कराने की मांग की गई है, कहा गया कि पानी की टंकियों का फटना और सड़कों को बर्बाद करना इस योजना की असफलता का प्रमाण है।आवारा पशुओं की समस्या को गंभीर बताते हुए कहा गया कि इससे किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं और आम जन की जान भी खतरे में पड़ गई है। बाढ़ और कटान से प्रभावित क्षेत्रों को राहत देने की मांग की गई है। साथ ही बाढ़ बचाव कार्यों की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई, मनरेगा मजदूरी और निर्माण सामग्री भुगतान में देरी पर चिंता जताते हुए कहा गया कि इससे ग्रामीणों का पलायन बढ़ रहा है। मनरेगा में मजदूरी और विकास कार्यों के लिए धन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई है पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने कहाकि की हर वर्ग की जनता डबल इंजन की सरकारों से त्रस्त हो चुकी है,* पीडीए के लोगो का शोषण हो रहा है और उनकी आवाज दबाई जा रही है धरने को जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, पूर्व विधायकगण दाऊद अहमद , राम सरन, आर एस कुशवाहा, विनय तिवारी, डॉ आर ए उस्मानी, सुनील लाला, वरुण चौधरी, पूर्व उपाध्यक्ष क्रांति कुमार सिंह, सुरेश पाल यादव, वीरेंद्र वर्मा, भंडारी यादव, विकास यादव, त्रिलोक सिंह, शेर सिंह यादव, हिमांशू पटेल, गुरप्रीत सिंह जॉर्जी, डॉ जुबेर, महिला सभा अध्यक्ष प्रख्याति खरे, प्रवीण यादव, उमेश गिरी, खुर्शीद अहमद, यश मोहन पटेल ने संबोधित किया!

धरने का संचालन महामंत्री अंसार महलूद ने किया!धरने में इसरार अहमद, रेहान खान, अभय प्रताप सिंह बंटी, जगदीश राज, उत्तम वर्मा, कार्तिक तिवारी, सुरेंद्र कुमार एडवोकेट, दानिश अब्दुल्ला, आनंद पटेल, मिर्ज़ा शेखू, माधुर्य सिंह मधुर, रियाजुल्ला खान, हरजीत सिंह, यदुवेंद्र वर्मा पम्मू, मो0 सलीम, राशिद पठान, दीपक रस्तोगी, आकाश गुप्ता, रविशंकर वर्मा, भूपेंद्र सिंह अन्नू, संजीव वर्मा, रमन मनार, शब्बीर बाबा, विवेक मौर्य, यज्ञ प्रताप शुक्ला के साथ बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय जूनियर बालक/ बालिका प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** ललितपुर जिला खेल कार्यालय लखीमपुर द्वारा खेल निदेशालय के निर्देशन में जिला स्तरीय जूनियर बालक/ बालिका प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ संपन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर जिला उप क्रीड़ा अधिकारी मो इरफान व बीजेपी के जिला महामंत्री बृजेश सिंह व गणमान्य लोगों द्वारा किया गया सम्मानित।

## हाथियों का खौफ अभी कम नहीं हो पाया था कि तेंदुए की दस्तक ने किसानों और ग्रामीणों में पैदा की दहशत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना मझगईं क्षेत्र में हाथियों का खौफ अभी कम नहीं हो पाया था कि तेंदुए की दस्तक ने किसानों और ग्रामीणों में दहशत पैदा कर दी है। सियार को निवाला बनाने के बाद एक बाग में तेंदुए को बैठा देख किसानों के होश उड़ गए। किसानों ने भागकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पगचिह्न देखकर तेंदुआ होने की पुष्टि की है। साथ ही ग्रामीणों को सतर्क रहने और समूह में खेतों की तरफ आने-जाने की अपील की है।वन रेंज मझगईं के गांव बेला कला की लोहार विधान कॉलोनी के निकट एक खेत में घूम रहे सियार पर तेंदुए ने हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया और गन्ने के खेतों में गुम हो गया। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। कुछ देर बाद खेतों में काम कर रहे किसान मान सिंह व अन्य लोगों की नजर पास में स्थित एक बाग में बैठे तेंदुए पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। किसानों ने शोर शाराबा कर किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी।

## ट्यूबवेल पर नहा रही युवती के साथ दो युवकों ने की छेड़छाड़

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सरकारी ट्यूबवेल पर नहा रही युवती के साथ दो युवकों ने छेड़छाड़ की। युवती ने जब विरोध किया तो उस पर अश्लील कमेंट किए। उसका मोबाइल छीन लिया भाई ने विरोध किया तो उससे स्कूटी की चाबी छीन ली भाई के फोन करने पर जब तक पुलिस मौके पर पहुंची दोनों युवक भाग निकले। सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने बताया कि मंगलवार को वह अपने भाई के साथ स्कूटी से गांव बनवारीपुर में लगे सरकारी ट्यूबवेल पर नहाने गई थी। इसी बीच दो अनजान युवक आए और उससे ट्यूबवेल से हटने के लिए कहते हुए कहा कि हम नहाएंगे। उसने युवकों से कहा कि वह पहले नहा ले। इसके बाद नहा लेना। इस पर दोनों युवक अभद्रता करने लगे और अश्लील बातें करने लगे। विरोध करने पर मोबाइल छीन लिया और अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। भाई ने विरोध किया तो उसके साथ भी गाली गलौज की और स्कूटी की चाबी छीनने की कोशिश करने लगे। किसी तरह से भाई ने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचती। इससे पहले ही दोनों आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़ित युवती ने अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

## 17 सूत्रीय मांगों को लेकर देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में लखीमपुर खीरी के बैंकों में भी एक दिवसीय हड़ताल रही

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** देश के नौ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर बुधवार को 17 सूत्रीय मांगों को लेकर देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में लखीमपुर खीरी के बैंकों में भी एक दिवसीय हड़ताल रही। हड़ताल के दौरान इंडियन बैंक (इलाहाबाद बैंक) के जोनल ऑफिस के बाहर बैंककर्मियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। मजदूर विरोधी, कारपोरेट समर्थक रवैये का विरोध करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बैंकर अनुराग पांडे ने कहा कि उनकी मांगों में नए श्रम संहिताओं की वापसी सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जन व श्रम विरोधी नीतियों के विरोध में यह राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल की गई है। सरकार ने सभी को बंधुआ मजदूर बनाने की योजना बना ली है, जो बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार को अपने फैसले वापस लेने होंगे। अतुल मेहरोत्रा ने कहा कि सरकार को बैंकों का निजीकरण रोकना होगा, पर्याप्त भर्तियां सुनिश्चित करें, आउटसोर्सिंग भर्ती बंद की जाए, कॉरपोरेट के बकाया ऋणों की तत्काल वसूली हो, ग्राहकों के लिए बैंकों में सेवा शुल्क कम किया जाए। यूनाइटेड फोरम के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने सरकार से मांग की है कि प्रतिगामी श्रम संहिताओं को लागू न किया जाए, ओपीएस बहाल करें, ट्रेड यूनियन अधिकारों में हस्तक्षेप बंद हो, बैंक कर्मियों की लंबित मांगों का निराकरण शीघ्र किया जाए। प्रदर्शन में केनरा बैंक के शाश्वत, इंडियन बैंक के शैलेंद्र कश्यप , संजीव सिंह, मोनिका सिंह, राममोहन, निहारिका सिंह, सपना स्वराज, प्रीती कुमारी, शक्ति सिंह, रिम्पू सिंह ,जुल्मी पांडा, रोहित वर्मा , आशुतोष अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

## 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना ईसानगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 288/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस में 02 नफर वांछित अभियुक्तों विनोद पुत्र रंगीलाल कमलेश पुत्र बदलू निवासी गण ग्राम भयापुरवा मजरा सुर्जनपुर थाना खमरिया को मय चोरी का माल एक अदद ट्राली का डाला (लोहे का) बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# महाविद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम थीम पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर प्रदेश शासन एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के निर्देशों के अनुपालन महाविद्यालय में दिनांक 09.07.2025 को वृक्षारोपण महाभियान-2025 के अन्तर्गत ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण महाअभियान प्रातः 6ः00 बजे से प्रारंभहुआ तथा निर्धारित समय तक महाविद्यालय परिसर एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्य राजा राज राजेश्वर सिंह (झण्डीराज एवं भाजपा प्रदेश संयोजक, उ0प्र0) ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया इसी क्रम में प्राचार्य प्रो0 हेमंत पाल, चीफ प्रॉक्टर प्रो0 सुभाष चन्द्रा, पौधरोपण कार्यक्रम संयोजक डा0 सतेन्द्र पाल



सिंह, प्रो0 ज्योति पन्त, पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबन्धक व स्टाफ, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी, एन0सी0सी0, रोवर्स-रेन्जर्स, एन0एस0एस0 के छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर अनार, आम, जामुन, नींबू शीशम, आंवला, बकैना, बिलायती बबूल, पाकड़, नीम, अमरूद टिकोमा, बेल, जराकुश, कंजी, करी पत्ता आदि प्रजातियों के फलदार एवं छायावाले वृक्ष लगाए गए इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 हेमंत पाल ने अभियान में उपस्थित सभी को रोपित पौधों के संरक्षण का संकल्प दिलाया साथ ही अभियान में शामिल छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रो0 हेमन्त पाल ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पेड़ लगाना धरा को हरा भरा बनाने के साथ-साथ अच्छे स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है। हम सभी को मिलकर ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान को व्यापक आन्दोलन का स्वरूप देना चाहिए। प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल ने पौधरोपण महाअभियान में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के रूप में जनपद के सभी महाविद्यालयों में मानक लक्ष्य के अनुरूप पौधे रोपित करने के निर्देश है।

# कहा एक सप्ताह के भीतर होगा कार्य - एक्शन ई एन

## आश्वासन पर किसानों ने समाप्त किया धरना



**नजीबाबाद।** अधिशासी अभियंता विद्युत नजीबाबाद के कार्यालय पर चल रहा भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना एक्स ई एन रामकुमार की ,जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह के साथ पल्ले पर बैठकर वार्ता हुई जिसमें ई एक्स एन ने संगठन की ओर से रखी गई सभी मांगों को एक सप्ताह के अंदर पूरा करने का लिखित आश्वासन दिया इसके बाद संगठन की आपसी सहमति से इस शर्त पर धरने का समापन किया गया कि यदि एक सप्ताह के अंदर-अंदर इन सभी समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत आठवें दिन फिर से धरना देने के लिए बाध्य होगी, धरना स्थल पर जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप मोर, जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा, तहसील प्रभारी सुनील चौधरी, तहसील अध्यक्ष नजीबाबाद सतपाल शर्मा, जिला महासचिव विकास चौधरी, जिला प्रवक्ता पुष्पेंद्र, चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष किरतपुर गजेंद्र सिंह, कपिल चौधरी, कृष्ण कुमार, सूरज कुमार, मीडिया प्रभारी जकी मलिक और शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

## डीएम साहिबा ने चलाया वृहद वृक्षारोपण अभियान

### पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ : डीएम साहिबा



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** माननीय कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश शासन श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता तथा शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी डॉ लोकेश एम0 (आई0ए0एस0) एवं डीएम जसजीत कौर के मार्गदर्शन में ÷पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ÷ वृहद जन वृक्षारोपण महा अभियान 2025-26 (एक पेड़ मां के नाम) के उपलक्ष पर जिला बिजनौर में गंगा बैराज घाट पर वृहद जन वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला प्रशासन सहित समस्त विभागों, मा0 जनप्रतिनिधियों एवं पूरे जिले वासियों ने पेड़ लगाओ - पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत वृक्षारोपण महाभियान में प्रतिभाग कर पौधे रोपित किए। पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान 2025-26 के अन्तर्गत जिले में आज एक ही दिन में होने वाले वृहद वृक्षारोपण महाभियान के तहत आवंटित लक्ष्य 72,12,400 से अधिक पौधों का पौधारोपण किया गया। वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत माननीय केबिनेट मंत्री द्वारा गंगा बैराज प्रांगण में एक पौधा मां के नाम से रोपित कर वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई तथा उसके बाद नोडल अधिकारी डॉ लोकेश एम0 एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा गंगा बैराज पर ही पौधारोपण किया गया।

# एक दिन में लगाए 96 लाख से ज्यादा पौधे, गूंजा एक पेड़ मां के नाम का संकल्प



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले में पौधरोपण जन आंदोलन-2025 का आगाज हुआ। इस दौरान उप्र गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता की अगुवाई, नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस की देखरेख, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के कुशल निर्देशन में वन एवं वन्यजीव विभाग और अन्य राजकीय कार्यदायी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ने तय लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का रोपण शुरू किया जिले में एक दिन में लक्ष्य 96 लाख 75 हजार 100 के सापेक्ष 96 लाख 89 हजार 100 पौधे रोपकर एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक चले इस अभियान में सरकारी विभागों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों व जागरूक नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पौधों की सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया बुधवार को तहसील सदर, ब्लॉक बेहजम की ग्राम मरखापुर स्थित खीरी ब्रान्च नहर पटरी पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने शुभारंभ किया। इस दौरान आयोग अध्यक्ष ने विधायक सदर और एमएलसी के प्रतिनिधिगण, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, डीएफओ संजय विश्वाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह संग फलदार, छायादार, औषधीय पौध का रोपण किया। आचार्य अनूप मिश्रा ने वैदिक मंत्र पढ़कर पूरे विधि विधान से पौधों को विधिवत् पूजा अर्चना कर मंत्रोचारित किया। वेद मन्त्रों की गूंज रही ध्वनि के बीच आयोग अध्यक्ष ने पौध का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग ग्रामवासियों को सहजन का पौधा प्रदान किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि लखीमपुर खीरी की पावन धरती और इसकी श्रेष्ठ वायु गुणवत्ता हम सबके लिए गर्व की बात है। सभी लोग एक नहीं, दो पेड़ माँ के नाम लगाएं और उनकी देखभाल करें। उन्होंने गौवंश को धरती का श्रेष्ठ प्राणी बताया और जल, जमीन व हरियाली को बचाने का संकल्प दिलाया। 1000 तालाब निर्माण की सराहना की और वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए योगी सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने किसानों से खेत की मेड पर पेड़, हर 30 फीट पर फलदार पौधे और खूंटे पर दो गाय रखने का आह्वान किया। गोबर-गोमूत्र के उपयोग से स्वस्थ जीवन का , पानी, गौ माता – तीनों हमारे सुखदाता! डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि धरती से भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है। 'एक पेड़ मां के नाम' नारा हमारी संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण की भावना को दर्शाता है। उन्होंने सभी से अपील की कि सिर्फ पौधे लगाएं नहीं, बल्कि उन्हें जीवित और सुरक्षित भी रखें।

## जनता से हुए वादों को पूरा कर रहे चैयरमेन मुअज़्ज़म खां इंजीनियर

### मौके पर पहुंचे बन रही सड़कों और मटेरियल की गुणवत्ता कर ले रहे जायजा।



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नगर का विकास करने में लगे हुए हैं चैयरमेन मुअज़्ज़म खां इंजीनियर। सड़क निर्माण से लेकर सफाई व्यवस्था और सफाई व्यवस्था से लेकर बिजली और पानी, यह सारी ज़रूरतें नगर को विकास की ओर पहुंचाने में अहम रोल अदा करती हैं। नजीबाबाद नगर के चैयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने नगर में इन सारी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी अपनी देखरेख में ले रखी है। जब भी कभी नगरवासियों को बिजली, पानी, नालों और नालियों की सफाई व्यवस्था को लेकर और विशेष तौर पर सड़कों के निर्माण को लेकर दिक्कतें आती है तब इंजीनियर मुअज्जम उन समस्या का तत्काल निवारण कर नगरवासियों के साथ खड़े नजर आते हैं। उसी क्रम में सड़कों के निर्माण को लेकर वे बेहद गंभीर नजर आते हैं जहां पर भी नगर में उनके माध्यम से सड़कों का निर्माण होता है वहां पर वह स्वयं पहुंचकर अपनी देखरेख में सड़क निर्माण कराते हैं और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच करते हैं और संबंधित अधिकारियों से भी कराते हैं। उसी के मद्देनजर अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम ने वार्ड नंबर 20 में सड़क निर्माण के चलते, निर्माण सामग्री की जांच की एवं अपनी देखरेख में सड़क निर्माण शुरू कराया। यह सड़क काफी खस्ता हाल में थी जिससे नगरवासियों एवं राहगीरों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस मौके पर चैयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने कहा कि नगर के लोगों ने नगर की जिम्मेदारी सौंप कर मुझे जो इज़्ज़त दी है, उसका मैं नगर वासियों का शुक्रिया अदा करता हूं और नगर के विकास में सहायक उन सब जरूरी कार्यों का मैं ईमानदारी से निर्वोहन कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। आपको बता दें इंजीनियर मुअज़्ज़म ने जब से नजीबाबाद नगर की बागडोर संभाली है तब से आज तक किसी भी नगरवासी को बिजली-पानी की समस्या से नहीं जूझना पड़ा है और साथ ही वे नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर काफी चिंतित नजर आते हैं। चैयरमैन इंजीनियर मुअज्जम नगर के प्रत्येक वार्ड में स्वयं जाकर, वहां की सड़कें, बिजली, पानी एवं सफाई व्यवस्था पर विशेष नजर बनाकर रखते हैं और साथ ही नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उनका नगर के विकास को लेकर सहयोग करते हैं।

## राज्यमंत्री ने त्रिवेणी का पौधा रोपित कर वृक्षारोपण महाअभियान का किया शुभारम्भ



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** लोनिवि राज्यमंत्री ब्रजेश सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माँ का स्थान सर्वोच्च रखा गया है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति माँ को समर्पित करते हुए कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं एवं उसकी देखभाल अपनी माँ की तरह करें। ब्रजेश सिंह आज यहां एक पेड़ माँ के नाम 2.0 वृक्षारोपण महाअभियान 2025 के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र, राधा विहार कालोनी नुमाईश कैम्प में पीपल, बरगद, नीम का पौधा रोपित कर वृक्षारोपण महाअभियान के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होने कहा कि कोई भी अभियान जन सहभागिता के बिना संभव नहीं है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति अपने बेहतर भविष्य के साथ ही पशु-पक्षियों के जीवन के लिए पौधारोपण जरूर करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों पर प्रत्येक जनप्रतिनिधि ने अपनी निधि का 01 प्रतिशत वन विभाग को देने का निर्णय लिया है। उन्होने कहा कि पौधे रोपित करने के साथ ही अधिकतम संख्या में उन्हें संरक्षित करने का कार्य भी करें।महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने कहा कि पौराणिक, आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व है। वृक्ष लगाने के साथ-साथ जरूरी है कि उसे संरक्षित भी किया जाए। उन्होने छात्रों से कहा कि पौधों की सेवा ऐसे करें जैसे अपनी माँ की करते है।

# कब्बडी में चमकेगा बिजनौर का लाल अक्षत... बाबूराम तोमर

## भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के मंडल अध्यक्ष ने शॉल उढ़ाकर कर किया उत्साह वर्धन

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर के छोटे से गांव शाहपुर गंज की पृष्ठ भूमि में पलकर बड़े हुए और डीडीपीएस स्कूल से कक्षा 6 पास भाकियू के पूर्व युवा जिला उपाध्यक्ष रवि शेखर तोमर के बड़े बेटे अक्षत तोमर ने कब्बड्डी के खेल में अपना लोहा मनवाते हुए मंडल स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया उसके बाद अक्षत तोमर का कब्बडी खेल में की गई कड़ी मेहनत के बल पर अक्षत स्टेट लेबल का ट्रायल पास कर लिया जिसकी वजह से अब अक्षत तोमर का एडमिशन मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स एकेडमी सैफई में कक्षा 7 में हुआ है जहां अक्षत अब सरकारी खर्चे पर अपनी पढ़ाई के साथ कब्बडी के उच्चतम कोच के निर्देशन में कब्बड्डी खेलने के गुर सीखेगा जहां अब अक्षत को नेशनल कब्बडी प्लेयर बनाने का काम किया



जायेगा। जैसे ही अक्षत तोमर के लिंक एक्सप्रेस से सैफई के लिए जाने की जानकारी भाकियू कार्यकर्ताओं को मिली तो भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर के नेतृत्व में भाकियू कार्यकर्ताओं ने अक्षत तोमर का नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर अक्षत को शॉल उढा कर सम्मानित किया और अक्षत को ट्रेन में बैठाकर उत्साहवर्धन करते हुए अक्षत से कब्बड्डी के खेल में नाम रोशन करने का आशीर्वाद देकर अक्षत तोमर के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मास्टर अवधेश शुक्ला, प्रियांशु चौधरी, नीतीश कुमार, रवि शेखर तोमर, तिलकराम, हेमंत चौहान, मोहित भटनागर आदि मौजूद रहे!

# प्रेमी युगल हत्याकांड का खुलासा : किशोरी के परिजनों ने हत्या कर पेड़ से लटकाया था शव

**एक सप्ताह पूर्व हत्या कर बगीचे में युवक व किशोरी का लटका दिए थे शव**

अवधनामा ब्यूरो


हत्याकांड का खुलासा करती पुलिस व गिरफ्त में हत्यारे

**कुशीनगर।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के परसौन गांव में एक सप्ताह पहले किशोरी और युवक की हत्या का खुलासा पुलिस ने बुधवार को कर दिया। ऑनर किलिंग के तहत किशोरी के परिजनों ने युवक और किशोरी की हत्या की और उसे आत्महत्या देने के लिए पेड़ पर लटका दिया था। बुधवार को पुलिस ने मामले का पर्दाफाश किया है। किशोरी और युवक की हत्या में पुलिस ने किशोरी के चचेरे भाई, इसके दो नाबालिग दोस्त, इसकी भाभी और पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी तमकुही व कसया ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि मृतक राहुल निषाद और मृतका आशू कुशवाहा के बीच काफी दिनों से प्रेम संबंध था, जिसकी जानकारी लड़की के घर वालो को हुई एवं गांव समाज में इस बात को लेकर चर्चाएं थी। राहुल निषाद को लड़की के घर वालो द्वारा लड़की (आशु) से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। पिछले महिने दोनों को लड़की के घर वालों ने मिलते जुलते पकड़ लिया,जिसके सम्बन्ध में गांव में पंचायत हुई थी। जिसमें सिकंदर (लडकी का चचेरा भाई) ने राहुल को धमकाया था कि अगर फिर मिले तो तुम्हे जान से खत्म कर दुंगा। दिनांक 30/01 जुलाई की रात्रि को गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में सिकन्दर ने दोनों को एक साथ देख लिया, जिसके सम्बन्ध में लड़की के घर वालो ने सुबह लड़की को डाट-फटकार कर राहुल से न मिलने की हिदायत दी गई परन्तु लड़की के नही मानने पर आक्रोशित होकर सिकंदर, रामदेव (मृतका के पिता) और रामदुलारी (मृतका की भाभी) ने मिलकर लड़की आशु की हत्या कर दी।

इसी आवेश में सभी लोगों ने योजना बनाकर उसी दिन शाम को राहुल निषाद को बुलाकर उसकी भी हत्या कर दी और रात के अंधेरा व सुनसान का फायदा उठाते हुए दोनों के शव को बगीचे में ले जाकर आत्महत्या का रूप देने के उद्देश्य से दोनों के शव को रस्सी से बांध कर पेड़ से लटका दिया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में ये रहे शामिल

प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला थाना तमकुहीराज, प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह स्वाट टीम जनपद कुशीनगर, प्रभारी निरीक्षक मनोज पन्त साइबर सेल जनपद कुशीनगर मय टीम, दिनेश कुमार साहनी थाना तमकुहीराज, अवनीश कुमार सिंह चौकी प्रभारी डिबनी बंजरवा, अवधेश कुमार, अरविंद कुमार सिंह, अंजली सिंह, शम्मी कुमार सर्विलांस सेल, मुकेश सिंह व कंचन लता शामिल रहे।

## पीडीए एकता से घबराई भाजपा जातीय हिंसा की साजिश कर रही है : उर्मिला

जीशान खान संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** सपा मुखिया के निर्देश पर समाजवादी पार्टी इन दिन पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर पीडीए जन पंचायतों का आयोजन कर रही है इसी क्रम में जिला संगठन फर्रुखाबाद द्वारा 195 विधानसभा भोजपुर के ग्राम इन्दरपुर, नगला भूड़, ईशीपुर, बलरामपुर, रैशेपुर एवं नकटपुर में पीडीए जन पंचायतों का आयोजन किया गया, उपरोक्त कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्रीमती उर्मिला राजपूत उपस्थित रहीं, उन्होंने ग्रामीणों से समस्याएँ पूछीं, ग्रामीणों एंव कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न तरीकों से सरकार पर उत्पीड़न और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया, जिस पर उन्होंने कहा कि उत्पीड़न करने बाले ये ध्यान रखें कि सरकारें आती जाती रहतीं हैं यही जनता है जो एक साधारण से व्यक्ति को सरताज बना देती है। और जब सरकार के संरक्षण में गुण्डई होने लगती है तो यही जनता एक झटके में उस सरकार को उखाड़ कर फेंक देती है।

आज समूचे प्रदेश में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में पीडीए सशक्त होकर धीरे-धीरे एक राजनैतिक आंदोलन का आकार लेता जा रहा है, जिसकी बानगी 2024 के लोकसभा आम चुनाव के परिणाम स्वरूप सबके सामने हैं। पीडीए परिवार की एकता से सत्तारूढ़ भाजपा बुरी तरह घबराई हुई है, इसीलिए ये मायावी लोग प्रदेश में जातीय हिंसा की कुटिल साज़िश रच रहे हैं, हम सभी को बहुत ही सावधान रहने की आवश्यकता है और पूरे पीडीए परिवार को समय आने पर वोट की चोट से इन अंहकारी लोगों को जवाब देना है।

आज पूरे प्रदेश का युवा, व्यापारी, किसान, मजदूर, गरीब, पिछड़े, दलित, शोषित, वंचित, अल्पसंख्यक सहित समाज का हर वर्ग व्यक्ति इस सरकार से पीड़ित है, ये यूपी बहरे लोगों की सरकार जाति-वादी रवैये और भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है, समाज में तोड़फोड़ करके समाज को बांटकर सत्ता तक पहुँचना ही भाजपा का एकमात्र उद्देश्य है। गरीब परिवारों की चिंता, बच्चों की शिक्षा, अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रदेश के विकास से इस सरकार का दूर-दूर तक कोई रिश्ता नहीं है।

## चिटफंड कंपनी में नौकरी देने के नाम पर बेरोजगार से किया ठगी

**गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के बनौली निवासी एक बेरोजगार से बगलौर स्थित एक चिटफंड कंपनी में नौकरी देने के नाम पर साढ़े पच्चीस हजार की ठगी किया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उस चिटफंड कंपनी के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के बनौली निवासी रामनवल मौर्य पुत्र संतराज मौर्य जो बेरोजगार है। मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण चलता है। पीड़ित ने आईसीएस टेलीकॉम सर्विस कंपनी से संपर्क किया जो बंगलौर में स्थित है। पहले जालसाजों ने उसका सभी प्रमाण मांगा। फिर सादे पच्चीस हजार रुपया की मांग किया गया। पीड़ित ने इतनी रकम फोन पे के माध्यम से भेज दिया। इसके बाद जालसाज उससे और रकम की मांग करने लगे। तो उसने भेजने से इंकार कर दिया। और रकम वापस करने को कहा तो कंपनी का संचालक टालमटोल करना शुरू कर दिया। जिस नंबर पर रकम भेजी गई थी उसका नाम रजत शर्मा,राकेश शर्मा बता रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जालसाज रजत शर्मा,राकेश शर्मा के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर लिया है।

## दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**गोरखपुर ।** 15 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित राजकुमारी राजदेव त्रिलोकी नाथ पीजी कालेज जोन्हिया, सहजनवां में आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से हुआ। सामूहिक गीत, सामूहिक नृत्य से एनसीसी कैडेट्स ने धूम मचाई। मुख्य अतिथि प्रबन्धक शैलेन्द्र कुमार यादव ने एनसीसी कैडेट्स से कहा कि यह समय छात्रों के लिये अमूल्य है। कैडेट्स में आत्मविश्वास, संयग भावना विकसित करने में मदद करता है, जो उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाता है। इसके पूर्व पिछले दस दिनों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को कमाण्डेंट कर्नल अमूल्य प्रताप सिंह ने पुरस्कृत किया। जिसमें समूह गीत में सीआरडीएम कालेज प्रथम, समूह नृत्य में डीआरटीएस कालेज प्रथम, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सेन्द्र ऐण्ड्यूज कालेज प्रथम, वाद-विवाद प्रतियोंगिता में सीआरडीएम कालेज प्रथम, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कालेज प्रथम, लाइन एरिया प्रतियोगिता में सीआरडीएम कालेज विजेता रहा। फायरिंग प्रतियोगिता में गवर्नमेन्ट पालीटेक्निक प्रथम ,ड्रिल प्रतियोगिता में %ए% कम्पनी विजेता रही। इस अवसर पर डिप्टी कैम्प कमाण्डेन्ट कैप्टन डॉ. अपर्णा मिश्रा, एडजुटेन्ट ले. गुंजन मिश्रा, सुबेदार मेजर सीके मण्डल, सुबेदार मेजर राजू मोरे बलिराम, बीएचएम एसके शर्मा, ले. स्वाति मिश्रा, थर्ड आफिसर रेनुका राव, जीसीआई. कविता गुप्ता, सीमा राय, नीता यादव, सीटीओ अनन्या पाण्डेय, हवलदार बलराम बासनेट, हवलदार सोनू, नायक पुष्पेन्दर, हवलदार प्रकाश थावेल, हवलदार समरजीत, हवलदार श्रवण कुमार, हवलदार अनूप आदि मौजूद रहे।

## जनआंदोलन के तहत तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में किया गया वृक्षारोपण

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में चल रहे वृक्षारोपण जनआंदोलन के तहत तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत में एक प्रेरणादायक एवं भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों, महिलाओं, स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई। सभी ने यह संकल्प लिया कि %एक वृक्ष ङ्क सौ पीढ़ियों का जीवन% देने वाला होता है, इसलिए हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसे अपने बच्चे की तरह सींचे। कार्यक्रम में पीपल, नीम, सहजन, आम आदि छायादार व औषधीय पौधों का रोपण कर गांव को हरियाली की सौगात दी गई। ग्राम पंचायत मिनवा में ब्लाक प्रमुख पाली शशि प्रताप सिंह प्रधान दिनेश कुमार की अध्यक्षता,तथा ग्राम पंचायत हरपुर में प्रधान मदन मुरारी गुप्ता, गोरेडीह में प्रधान प्रधान प्रतिनिधि गिरीश यादव, कटसहरा में प्रधान गंगा प्रसाद ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान बीडीओ बृजेश यादव ग्राम सचिव सुषमा ,चौबे,ग्राम सचिव अरविंद कुमार सहित अनेक ग्राम सचिव और ग्रामीण मौजूद थे।

## डॉ. अरशद मंसूरी ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**फर्रुखाबाद।** विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत हमीरपुर खास में आज भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के नेता एवं समाजसेवी डॉ अरशद मंसूरी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम की थीम पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान डॉ. अरशद मंसूरी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हरियाली को बढ़ावा, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है इसका अनुमान बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग, मौसम में असामान्य बदलाव और विलुप्त होते जानवर और पक्षियों की संख्या से लगाया जा सकता है। जब तक प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी नहीं लेगा तब तक हम प्रकृति की रक्षा नहीं कर पाएंगे।

# राज्य मंत्री राकेश राठौर ने किया पौधा रोपण

समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ



**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के सबसे बड़े वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जनपद फर्रुखाबाद में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत जनपद पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्य मंत्री व सीतापुर से सदर विधायक राकेश राठौर गुरु ने मुख्य अतिथि के रूप में पुठरी गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया इस दौरान उन्होंने पौधा रोपित किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने प्रदेश में पौधा रोपण का सबसे बड़ा अभियान चलाया है इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में 37 करोड़ पौधों को रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद फर्रुखाबाद में भी 62000 पौधे रोपित किया जा रहे हैं। यह कार्यक्रम पूरे जनपद में अलग-अलग स्थान पर आयोजित हो रहा है सरकार की मंशा है जो लक्ष्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रखा है उस लक्ष्य को पूरे प्रदेश में सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है।

मानव के जीवन में वृक्ष का बहुत महत्व है अत्यधिक पेड़ काटने से ऑक्सीजन की दिक्कत होने लगी है कोरोना जैसी महामारी में ऑक्सीजन की महत्वता दिखाई दी। केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार की सूझबूझ से ऐसे अभियान को हर वर्ष चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक पौधारोपित हो सके। समाज में संकल्पित होकर इस अभियान में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी की आवश्यकता है ताकि यह अभियान बृहद रूप से पूरे जनपद के साथ ही पूरे प्रदेश में सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके और आगामी भविष्य में मानव जीवन पर पढ़ने वाली विपत्तियों का सामना भी किया जा सके। एक परिवार में जो मां का महत्व होता है वह सभी जानते हैं इसीलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अभियान को एक पेड़ मां के नाम दिया है ताकि जो भी व्यक्ति एक पेड़ लगाए उसकी देखरेख भी अपनी मां की तरह कर सके।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा मानव जीवन में वृक्ष का बहुत महत्व है शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पर्यावरण संतुलन अति आवश्यक है पेड़ों के अत्यधिक कटने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है जिसके कारण अनेक बीमारियां मानव जीवन को घेर रही है। प्रत्येक व्यक्ति को संकल्प लेकर अपने घर यह अपने आसपास के क्षेत्र में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए ताकि इस पर्यावरण असंतुलन को रोका जा सके। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा वृक्षारोपण अभियान प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी योजना है जिससे प्रदेश की जनता की स्वास्थ्य कल्याण के लिए चलाया जा रहा है।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में इको क्लब ने किया वृक्षारोपण

जया उल्लाह खान संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में इको क्लब प्रभारी जानवी ने अपनी टीम के साथ स्कूल में किया वृक्षारोपण -इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने ईको क्लब टीम के साथ जामुन अशोक, गुड़हल, चांदनी,शमी तुलसी आदि वृक्षों को रोपित किया।

उन्होंने सभी बच्चों से एक वृक्ष मां के नाम पर लगाने का आह्वान किया। ग्राम प्रधान सूर्य कुमार वर्मा ने डीएल?एड प्रशिक्षु प्रतीक शुक्ला,ज्योति प्रसाद, जयवीर , उदयवीर, आशा, उमा, सत्यवती आदि से जन्मदिन और शादी की सालगिरह पर एक वृक्ष मां के नाम लगाने का अनुरोध किया।

## सामुदायिक शौचालयों की स्थिति पर सख्त रुख, लापरवाही पर होगी कार्यवाही

**अलीगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों की स्थिति पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला पंचायत राज अधिकारी यतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हाल ही में हुए निरीक्षणों में कुछ ग्राम पंचायतों में शौचालयों की बदहाल स्थिति और संचालन में लापरवाही सामने आई है। कहीं शौचालय बंद पाए गए तो कहीं नियमित सफाई की व्यवस्था नहीं पाई गई, जो न केवल शासन की मंशा के विरुद्ध है, बल्कि ग्रामीणों की असुविधा का कारण भी बन रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई, मरम्मत एवं संचालन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों की है, और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। समस्त ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शौचालयों का भौतिक सत्यापन कर तीन दिवस में रिपोर्ट उपलब्ध कराएं तथा तत्काल मरम्मत, सफाई और संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

विशेष रूप से अतरौली के ग्राम गाजीपुर और पला सल्लू में हाइवे के किनारे बने सामुदायिक शौचालयों की जर्जर स्थिति पर संबंधित सचिवों को नोटिस जारी कर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण तलब किया गया है। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक को इन ग्रामों का स्थलीय सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। डीपीआरओ ने बताया कि ग्राम गाजीपुर के सचिव द्वारा आश्वासन दिया गया है कि 10 से 15 दिनों में शौचालय की मरम्मत पूर्ण करा ली जाएगी, वहीं ग्राम पला सल्लू में शौचालय की नियमित सफाई हेतु केयरटेकर को निर्देशित कर कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। केयरटेकर प्रतिदिन शौचालय की सफाई सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि शौचालयों की उपयोगिता, स्वच्छता और नियमित संचालन ही स्वच्छ भारत मिशन की सफलता की आधारशिला है, जिसे सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

## मध्यस्थता अभियान को लेकर विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने सदस्यों के साथ ली बैठक

**30 सितंबर तक चलेगा अभियान**

**उरई (जालौन)।** राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान को लेकर जिला जजी स्थित विधिक सेवा प्राधिकरण कक्ष में सदस्यों की बैठक हुई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पारुल पवार ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के तत्वाधान में संपूर्ण राष्ट्र में एक जुलाई से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है।जिसका उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराना है।अभियान को सफल बनाने के लिए सदस्यों के बीच चर्चा की गई। इस दौरान मंजू सेंगर सुलेखा सिंह विनोद प्रकाश व्यास राजकुमारी निषाद आदि मौजूद रही।

## डीएम के निर्देश पर वृहद वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**उरई (जालौन)।** ग्राम पंचायत जगम्मनपुर एवं विभिन्न सरकारी अर्द्ध सरकारी संस्थाओं द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया ।

जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे के निर्देश पर जनपद जालौन में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । विकासखंड रामपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत जगम्मनपुर में ग्राम प्रधान प्रज्ञादीप गौतम के आह्वान पर गांव के तमाम प्रतिष्ठित लोगों ने ग्राम पंचायत की खाली भूमि पर एवं तालाब के किनारे व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर की खाली भूमि पर विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया । इस अवसर पर सुरजीत सिंह अवर अभियंता लघु सिंचाई, विजय द्विवेदी डॉक्टर आर के मिश्रा हरेंद्र सिंह चंदेल,विजय शंकर याज्ञिक, अंकित सेन बृजेश कुमार पंचायत मित्र ,मोहित सिंह पंचायत सहायक , मुकेश बाबू याज्ञिक आदि गांव के लगभग 25-30 लोग उपस्थित रहे । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगम्मनपुर में डॉक्टर प्रदीप यादव, लाला जयकुमार फार्मासिस्ट ,लक्ष्मी देवी स्टाफ नर्स, प्रज्ञा गोस्वामी स्टाफ नर्स ,साधना देवी एएनएम ,परमात्मा शरण एमटीएस कीर्तिभूषण स्वीपर, पवन यादव ने वृक्षारोपण किया। जगम्मनपुर की प्रसिद्ध शिक्षण संस्था श्री राजमाता वैश्नी जूदेव इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य संतोष सिंह सेंगर द्वारा विद्यालय स्टाफ एवं छात्रों के सहयोग से 51 वृक्ष लगाकर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।

## अज्ञात युवक का शव बरामद

**गोरखपुर ।** गीडा सेक्टर 15 में एक 35 वर्षीय युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। युवक सफेद पोलो टीशर्ट,नीला जींस,बाएं हाथ पर बलदेव सिंह नाम का टैटू लिखा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी के लिए भेज दिया।

## कुठौदा बुजुर्ग में श्री राम संकीर्तन हुआ शुरु

**उरई (जालौन)।** गुरु पूर्णिमा को लेकर ग्राम कुठौंदा बुर्जुग में श्री राम संकीर्तन शुरु होगया है। जिसका गुरु पूर्णिमा के दिन हवन पूजन कर समापन किया जायेगा।, तत्पश्चात विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया है। कुठौदा बुर्जुग में मां दुर्गा सेवा समिति द्वारा गांव के श्री शंकर जी मंदिर पर श्री राम नाम संकीर्तन का आयोजन शुरू हुआ जो प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, प्रतिबर्ष की भांति इस बर्ष भी गुरु पूर्णिमा के मौके पर यह आयोजन किया गया जिसका गुरु पूर्णिमा के दिन समापन किया जाएगा।

## एसएसपी के निर्देशन में पुलिस थाना चौकियों पर भी किया गया पौधारोपण

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** एक पेड़ मां के नाम समर्पित वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत बेबी रानी मौर्या मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 शासन के साथ जिलाधिकारी अलीगढ़ संजीव रंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा ÷शेखा झील पक्षी विहार÷ पर वृहद पौधारोपण किया गया।

विदित है कि ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक वृहद वृक्षारोपण अभियान है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश में वृक्षों की संख्या बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण करना और लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना है। 9 जुलाई 2025 को %वृक्षारोपण महाभियान-2025% के अंतर्गत प्रदेशभर में 37 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। जिसके क्रम में महोदय द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति एवं पर्यावरण को हरा- भरा रखने हेतु वृहद वृक्षारोपण किया गया एवं पर्यावरण के महत्व को समझाया गया ।

'एक-पेड़-माँ-के -नाम' अभियान के तहत द्वारा पौधारोपण कर जनपद को हरा भरा व प्रदूषण रहित रखने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त एसएसपी द्वारा पुलिस लाइन में भी वृक्षारोपण किया गया एवं जनपद के सभी थानों, व चौकियों पर प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारीगण द्वारा अपने-अपने परिसर में एवं पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों द्वारा फलदार, छायादार पौधों का रोपण किया गया।

# एसटीएच सर्वेक्षण के लिए एनसीडीसी दिल्ली की टीम ने विभिन्न विद्यालयों में नमूने किए एकत्रित

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** भारत सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अधीन कार्यरत राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र दिल्ली द्वारा प्रदेश के 14 जिलों में सॉइल ट्रांसमिटेड हेल्मिन्थियेसिस (एसटीएच) की स्थिति जानने के लिए प्रिवेलेन्स सर्वेक्षण एवं पुनः सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में एनसीडीसी की टीम बुधवार जिले में पहुंची और विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों से मल नमूनों (स्टूल सैम्पल) का संग्रहण किया गया। इसके साथ ही बच्चों को स्वछता के बारे में भी समझाया गया।

यह सर्वेक्षण विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मान्य मानकों के अनुसार किया जा रहा है, जिसमें 9 से 11 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को सम्मिलित किया जा रहा है। टीम में एक अधिकारी एवं तीन तकनीकी सदस्य सम्मिलित हैं, जिसका समन्वयन डॉ0 गज़ाला शिव प्रसाद, सहायक निदेशक, एनसीडीसी, दिल्ली द्वारा किया जा रहा है।

अलीगढ़ आगमन के दौरान एनसीडीसी टीम के सदस्य रोहित दराला, जगदीश एवं आनन्द सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम0 के0 माथुर से भेंट कर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, नमूना परीक्षण और प्रयोगशाला प्रबन्धन के संबंध में आवश्यक विचार-विमर्श किया। डॉ0 माथुर द्वारा जिले में सर्वेक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए टीम को स्थानीय स्तर पर परिवहन, आइस बॉक्स, माइक्रोस्कोप सुविधा, प्रयोगशाला स्थल की आवश्यक व्यवस्थाएं कराई गई हैं।

जिले स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा एनसीडीसी टीम को हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य बच्चों में पेट के कीड़ों से होने वाली बीमारियों की वास्तविक स्थिति का आंकलन कर भविष्य में प्रभावी उपचार और रोकथाम की रणनीति तैयार करना है। तकनीकी टीम के सदस्य आनन्द सिंह ने बताया कि बुधवार को प्राथमिक विद्यालय रुस्तमपुर सकत खां, प्राथमिक पाठशाला संख्या 60 से स्कूली बच्चों का स्टूल नमूना एकत्रित किया गया है। आनन्द सिंह ने विद्यार्थियों को पेट में होने वाले कीड़ों से परेशानियों एवं स्वास्थ्य संबंधी अन्य कठिनाइयों के बारे में भी जागरूक किया गया। सीएमओ कार्यालय से डॉक्टर शुएब द्वारा उपस्थित रहकर अपेक्षित सहयोग प्रदान किया गया।

## दस्तक अभियान के लिये आंगनबाड़ी तथा आशा बहुओं को प्रशिक्षण

**उरई (जालौन)।** नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र मे संचारी रोगों की रोकथाम के चलते दस्तक अभियान के तहत चिकित्सा अधीक्षक डां कपिल देव गुप्ता तथा डां सहन बिहारी गुप्ता ने संयुक्त रूप से एक दिवसीय प्रशिक्षण आशा बहुयें तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधीक्षक जालौन डा0 कपिल देव तथा डा0 सहन बिहारी गुप्ता ने संयुक्त रुप से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत सभी को उत्तम स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो सके, इसके लिये दस्तक अभियान के शुरू होने से पहले ही इस कार्य को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाने बाले कर्मियो के साथ बैठक कर उन्हें एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में ब्लाक क्षेत्र में तैनात आंगन बाड़ी कार्यकत्री तथा आशा बहुओं को अभियान को सफल बनाने के लिये प्रशिक्षित किया। यह अभियान 11 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है।

# भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक की बैठक रामनारायन राजपूत के आवास पर संपन्न

अल्ताफ उल्लाह खान



**फर्रुखाबाद।** भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत की बैठक मंण्डल अध्यक्ष रामनारायन राजपूत के आबास सहसापुर के मजरा नगला दढे पर सम्पन्न हुई।

बैठक में मौजूद पदाधिकारी प्रान्तीय महासचिव प्रबीन? गुप्ता और प्रदेश सचिव किशन अग्निहोत्री ने मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे जी को अबगत कराया कि हर? बार मांग पत्र दिया गया लेकिन जिला प्रशासन और प्रदेश की सरकार ने जौलाई महा आ गया स्कूल खुल चुके लेकिन न बढ़ी हुई फीस कम हुई और न ही किताबो की कमीशनखोरी कमालगंज मण्डी समिति में बरसाती पानी का कोई निकास नहीं है और नहीं प्रशासन ने इस और ध्यान नहीं दिया और नगला दढे? में मण्डल अध्यक्ष रामनारायन राजपूत के दरवाजे पर आम रास्ता पर तालाब का पानी भर जाता है? जिससे रास्ते पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है कायमगंज तहसील के अन्तर्गत गायब आता है शिखर ई बरियार जो नहर से होकर आम रास्ता जाता है? बह सड़क आज तक नहीं बनाई गयी जिसमें कम्पिल से अटैना के दक्षिण दिशा की तरफ बन्धा की मांग आज तक पूरी नहीं हुई नहीं विधायक और सांसद ने इस ओर आज तक ध्यान नहीं दिया और भगौतीपुर में जिस पार्टी ने ग्राम समाज की अबैध जमीन पर कब्जा करने बाले की शिकायत की उसे ही पार्टी बना दिया बैठक में मौजूद पदाधिकारी रामनारायन राजपूत जन्टसिह प्रबीन गुप्ता सुनील कुमार दुबे सुनीता देवी रीतादेबी और शिबमराजपूत आदि मौजूद रहे।

# हमने आठ साल में लगाए 204 करोड़ पौधे, 5 लाख एकड़ में हुआ वनाच्छादन : योगी आदित्यनाथ



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को रामपुर हलवारा में सरयू नदी के किनारे त्रिवेणी वाटिका में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बरगद, नीम और पीपल के पौधे रोपकर इसे भगवान श्रीराम, धरती माता और जन्मदायिनी माता को समर्पित किया। अयोध्या की पवित्र भूमि पर आयोजित एक जनसभा में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ इस अभियान की महत्ता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है। इस दौरान 204 करोड़ पौधों का रोपण किया गया, जिनमें से 75 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य में 5 लाख एकड़ क्षेत्र में वनाच्छादन बढ़ा है। सीएम योगी ने कहा कि हमने हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला है। यह प्रयास न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का उल्लेख करते हुए कहा कि पेड़ों में भी जीवन है और ये छाया, फल, मृदा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सीएम योगी ने धरती माता और जन्मदायिनी मां के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बताया। उन्होंने वैदिक उद्घोष 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सच्चा पुत्र वही है जो अपनी मां की सेवा और रक्षा करता है। इस अभियान के तहत प्रदेशवासियों ने सुबह 7 बजे से ही उत्साह के साथ पौधरोपण शुरू किया। योगी ने कहा कि यह अभियान वर्तमान को संवारने और भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। पेड़ हमें प्रदूषण, सांस की बीमारियों और कार्बन उत्सर्जन के दुष्प्रभावों से मुख्यमंत्री ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि अतिवृष्टि, अनावृष्टि और बादल फटने जैसी घटनाएं अनियोजित विकास का परिणाम हैं। उन्होंने अमेरिका के टेक्सास में हाल ही में हुई एक घटना का जिक्र किया, जहां अचानक आई बाढ़ में सैकड़ों बच्चे लापता हो गए। सीएम योगी ने जोर देकर कहा कि नियोजित और वैज्ञानिक प्रयासों से विकास और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आठ साल पहले शुरू हुए इस अभियान में शुरुआत में केवल 5 करोड़ पौधे उपलब्ध थे, लेकिन वन विभाग, मनरेगा और निजी क्षेत्र के सहयोग से आज 52 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं।

# बारिश बनी मुसीबत, जलनिकासी योजना हुई फेल



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** बुधवार की सुबह करीब 5:00 बजे शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने नगरवासियों की मुश्किलें बढ़ा दीं। कौशलपुरी, रामनगर, जनौरा, उसरू, मझवां, निराला नगर, जलावन का पुरवा, देवकाली, लालबाग, रिकाबगंज और रामनगरी सहित तमाम इलाकों में भारी जलभराव हो गया। हालत यह रही कि पवित्र रामपथ पर भी पानी लबालब भर गया।शहर के स्टेशन परिसर तक पानी से अछूता नहीं रहा। स्टेशन के ऑफिस और इंचार्ज कक्ष तक पानी पहुंच गया, जिससे यात्रियों और कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नाराजगी भी साफ देखने को मिली। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी एक बारिश में स्टेशन के पोर्च में पानी भर चुका है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई जलनिकासी योजनाएं और सीवर लाइनें बारिश की पहली बड़ी चुनौती में ही फेल हो गईं। रामघाट चौराहा, तुलसीबाड़ी, तपस्वी छावनी तिराहा, कुर्मी मंदिर (सीताकुंड), श्रीराम चिकित्सालय, स्टेशन रोड और राम पथ पर जलभराव से आमजन बेहाल हो गया।वहीं, देवकाली और वजीरगंज जसी जैसे इलाकों में भी सड़कें तालाब बन गईं। अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग कार्यालय के बाहर भी पानी का जमाव देखा गया।

# रामबली नेशनल इंटर कॉलेज गोसाईगंज, अयोध्या में फर्जी नियुक्तियों का पर्दाफाश

*अवधनामा संवाददाता*



**गोशाईगंज - अयोध्या ।** जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रामबली नेशनल इंटर कॉलेज, गोसाईगंज से एक चौंकाने वाला घोटाला सामने आया है कि रामबली नेशनल इंटर कालेज में बड़े पैमाने पर फर्जी नियुक्तियाँ, नियमों के विरुद्ध वेतन भुगतान और दस्तावेजी गड़बड़ियाँ हुई हैं। सूत्रों के अनुसार, सरोज कुमार द्विवेदी, निवासी थाना अहिरौली, जनपद अम्बेडकर नगर को एक साथ दो अलग-अलग पदों पर नियुक्त कर दोनों पदों का वेतन दिया गया। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि शिक्षा व्यवस्था की साख पर भी सवाल खड़े करता है। उनके सेवा अभिलेखों में भी भारी विसंगतियाँ पाई गईं, और नियुक्ति से संबंधित कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं।विद्यालय में उर्दू प्रवक्ता के रूप में सैयद शरीर हैदर रिज़वी की नियुक्ति की गई, जबकि यह पद विद्यालय में न तो स्वीकृत था और न ही वित्त पोषित। यह नियुक्ति पूरी तरह से नियमों के विरुद्ध मानी गई है। राजेश तिवारी को हिंदी प्रवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया, लेकिन जांच में यह तथ्य सामने आया कि नियुक्ति के समय उनकी शैक्षिक योग्यता अधूरी थी। उन्होंने डिग्री पाँच वर्ष बाद पूर्ण की, जो कि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन नियमों का गंभीर उल्लंघन है।गणित, विज्ञान और अन्य विषयों के प्रवक्ताओं की नियुक्तियों में भी इसी प्रकार की अनियमितताएं सामने आई हैं। कई शिक्षक वर्षों से वेतन ले रहे हैं जबकि उनके पास न तो वैध चयन प्रमाणपत्र है और न ही वित्तीय स्वीकृति।इस गंभीर घोटाले को उजागर करने वाले कामता प्रसाद ने प्रमुख सचिव (सतर्कता विभाग) एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग को पत्र भेजकर स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि दोषियों को बचाने की कोशिश की जा रही है, और इस पूरे मामले में शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी भी संलिप्त हो सकते हैं।जिला विद्यालय निरीक्षक की भूमिका संदेह के घेरे में,शिकायत सामने आने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक, अयोध्या की प्रतिक्रिया पहले असहयोगात्मक रही।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत किया गया पौधारोपण




*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा विकास खंड के गोपाला, चैनपुर, गौरी बढ़ई पुरवा, मझौआ, बसडीला, मधवलिया,शेषपुर, शीतलापुर व रुदलापुर में वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत बुधवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में विकास खंड अधिकारी अर्जुन चौधरी, एडीओ आईएसबी सुजीत गोड, एडीओ पंचायत सुरेश चंद्र कनौजिया, एपीओ सौरभ चौधरी ने हिस्सा लिया। वीडीओ अर्जुन चौधरी ने बताया कि गांव के खाली जगहों पर पौधे लगाकर इस मुहिम का शुरूआत किया गया है। पर्यावरण का जिस तरह संतुलन बिगड़ रहा है। उसे देखते हुए बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाना जनहित में जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम खुद तो पौधे लगाएंगे ग्रामवासी के सभी बंधुओं से इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित भी करेंगे। ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया। हमारे जीवन में पौधे जिस तरह उपयोगी है। इससे हमें सांस लेने में ऑक्सीजन मिलता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि अपने-अपने खाली पड़े खेतों में ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें। साथ ही पौधों की सुरक्षा भी करे इस दौरान एडीओ एजी धीरेंद्र सिंह युवा कल्याण अधिकारी राकेश पटेल ग्राम प्रधान जितेंद्र चौधरी,दीनानाथ सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रदीप साहनी व संजय मौर्य अपने-अपने ग्राम सभा में मौजूद रहे।

# एसडीओ ने एक पेड़ माँ के नाम किया वक्षारोपण



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** एक पेड़ मां के नाम के मद्देनजर जहां एक तरफ एसडीओ शिवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में बुधवार को उपकेंद्र जैदपुर में तमाम पेड़ लगाये गये वहीं उधौली में प्रधामंत्री आवास के लाभार्थियों को 2-2 वृक्षों का वितरण किया गया तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय उधौली प्रांगण में पीपल आदि के वृक्षों को रोपित किया गया। बताते चलें कि बुधवार को एस डीओ शिवेंद्र कुमार जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन व जौहर रिज़्वी सहित जैदपुर उपकेंद्र के तमाम कर्मचारियों ने परिसर में वृक्षा रोपण किया। इस मौके पर एस डी ओ शिवेन्द्र कुमार ने लोगों को पेड़ की रक्षा करने की भी अपील की। जबकि उधौली में भी जमकर पेड़ लगाये गये। कर्तथा वृक्षों की सुरक्षा को देखते हुए वृक्षों में टी गार्ड लगाकर वृक्षों को सुरक्षित किया तथा कार्यक्रम के मुख्यातिथि संजय अवस्थी नि. मंडल अध्यक्ष जैदपुर ने कहा मां के नाम एक वृक्ष लगाना अति आवश्य है। इससे पर्यावरण और हरियालीके लिए उपस्थित लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया, क्योंकि मां के जिस प्रकार से हम लोगो को पाल पोस कर इतना बड़ा किया है उसी प्रकार हम लोग अपनी मां के नाम एक वृक्ष लगाकर उसी प्रकार पाल-पोस के वृक्ष को तैयार करना चाहिए।

यह भी कहाँ कि जैसे हम लोग संतान को पालते है उसी तरह वृक्ष को भी पालने का काम हम ही लोगों का हैद्य इससे हरियाली व स्वास्थ भी बढ़ेगा,इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक राज कुमार गुप्ता पूर्व किसान मोर्चा जिलामंत्री कुंवर महेंद्र कुमार द्विवेदी अजय कुमार अवस्थी पंचायत मित्र रंजीत वर्मा एवं विद्यालय की सम्मानित प्रधानाचर्या अरुण लता वर्मा सहायक अध्यापक संतोष दीक्षित सीमा यादव श्वेता रानी सुमन कुमारी अचल कुमार सिंह जौहर रिज़्वी हसीब खान नेवल किशोर रूपेंद्र सिंह नन्दू सुरेंद्र फुरकान आदि लोग उपस्थिति रहें।

# स्कूल बंदी के खिलाफ समाजवादी शिक्षक सभा ने सौंपा राज्यपाल को ज्ञापन

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** प्रदेश में सरकार द्वारा 5000 प्राथमिक स्कूलों को बंद किए जाने के विरोध में समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।इस दौरान दान बहादुर सिंह ने कहा कि यह फैसला न केवल शिक्षा विरोधी है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21-ए के तहत बच्चों को प्राप्त निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह निर्णय ग्रामीण, पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों को शिक्षा से वंचित रखने की साजिश है। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि स्कूल बंदी का फैसला तत्काल वापस लिया जाए, हर गांव में एक गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक विद्यालय की अनिवार्य स्थापना हो, शिक्षा बजट में वृद्धि और शिक्षकों की बहाली शीघ्र शुरू की जाए।यदि सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया तो समाजवादी शिक्षक सभा प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में महासचिव डॉ. घनश्याम यादव, उपाध्यक्ष विमल सिंह यादव, सचिव अवनीश प्रताप सिंह, राष्ट्रीय महासचिव शावेज जाफरी एडवोकेट, धर्मेंद्र कुमार, राकेश यादव, रितेश भारती, सतीश वर्मा समेत कई शिक्षक शामिल रहे।

## आधार हाउसिंग फाइनेंस ने बरेली में घर खरीदना आसान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तेज़ की कोशिशें

Aadhar Housing Finance Ltd
GHAR BANEGA, TOH DESH BANEGA.

**बरेली।** कम आय वर्ग के लोगों को आवास ऋण देने वाली देश की अग्रणी कंपनी आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 (PMAY- 2.0) के तहत जन-जागरूकता अभियान के तीसरे चरण की घोषणा की है। इस चरण का विशेष उद्देश्य उत्तर प्रदेश के वंचित समुदायों को घर खरीदने के लिए सक्षम बनाना है।कंपनी 10 से 13 जुलाई 2025 तक बरेली में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) उत्सव और स्पॉट सैंक्शन कैंप का आयोजन करेगी। इन शिविरों के माध्यम से पहली बार घर खरीदने वालों के लिए पीएमएवाई की प्रक्रिया को और भी अधिक आसान, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया जाएगा। यह पहल पहले चरण की सफलता को आगे बढ़ाते हुए शुरू की जा रही है, ताकि हर ज़रूरतमंद परिवार अपने घर के सपने को साकार कर सके।आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एमडी और सीईओ ऋषि आनंद ने कहा, आधार हाउसिंग फाइनेंस में हमारा उद्देश्य हमेशा से भारत के वंचित परिवारों के घर खरीदने के सपने को साकार करना रहा है। सरकार द्वारा किफायती आवास को बढ़ावा देने और प्रधानमंत्री आवास योजना ब्याज सब्सिडी योजना के दोबारा शुरू होने के साथ, हमारे पास पहली बार घर खरीदने वाले और भी अधिक ग्राहकों तक पहुंचने का बड़ा अवसर है। स्पॉट सैंक्शन कैंप्स के ज़रिए—खासकर उभरते बाजारों में—हम सरल पहुंच, जागरूकता बढ़ाने और सपनों का घर पाने की राह को तेज़ और आसान बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह शिविर लोगों को यह समझने में मदद करेंगे कि वे होम लोन के लिए पात्र हैं या नहीं, इसके लिए कौन-कौन से दस्तावेज़ ज़रूरी हैं और उन्हें कितनी सहायता—जैसे कि 1.80 लाख रूपए तक की सब्सिडी—मिल सकती है। इसके अलावा, लोन की प्रक्रिया को तेज़ बनाकर उन्हें घर खरीदने के सपने के एक कदम और करीब लाया जाएगा। दस्तावेज़ों के सत्यापन के बाद पात्र लोगों को मौके पर ही होम लोन की मंज़ूरी का पत्र दिया जाएगा।

## आरएसएस का गुरु पूजन कार्यक्रम आज

**सिसवा बाजारमहराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिसवा इकाई का गुरु पूजन कार्यक्रम 10 जुलाई दिन गुरुवार को श्री राम जानकी मंदिर परिसर में रात 8 बजे से आयोजित किया गया है। यह जानकारी नगर कार्यवाहक अमित पुरी ने दी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में समग्र ग्राम विकास प्रांत प्रमुख सत्येंद्र जी एवं जिला प्रचारक विनय जी का मार्गदर्शन स्वयंसेवकों को प्राप्त होगा।

# भारतीय कम्युनिस्ट भी उतरे मैदान में कर्मचारी संगठनों किया समर्थन, सौपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा विभिन्न श्रमिक, किसान, कर्मचारी संगठनों द्वारा आयोजित भारत बंद का समर्थन प्रदर्शन कर को 15 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से देश के राष्ट्रपति को दिया गया। इस अवसर पर जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा देश में झूठों व जुमले बाजों की सरकार है, चंद उद्योगपतियों को देश की संपत्तियाँ लुटाई जा रही हैं, आम जनता बेहाल है, राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा की देश में सरकारों की तानाशाही के चलते ही आज देश के तमाम संगठन देश व्यापी भारत बंद का आयोजन कर रहे हैं,श्रमिक विरोधी श्रम संहिता रद्द करके श्रम क़ानून लागू होने चाहिए कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने बताया की पुरानी पेंशन की जगह नई पेंशन की स्कीम लागू कर कर्मचारियों को ठगने का काम किया जा रहा है, सहसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2020 में किसान आंदोलन के समय किसान संगठनों से आंदोलन समाप्त करने अपील करते हुए एमएसपी गारंटी क़ानून बनाने का वादा किया था जो आजतक नही पूरा किया है, खेती घाटे में जा रही है, किसान आत्म हत्या को मजबूर हैं,बिजली कर्मचारी नेता मुकेश शर्मा ने कहा संविदा कर्मचारियों की छटनी बंद की जाये,न्यूनतम वेतन 26 हजार किया जाये,लाल जी वर्मा ने कहा कि बिजली संविदा कर्मचारियों को स्थाई नियुक्ति दी जाये,किसान नेता दीपक वर्मा ने बताया कि प्रधान मंत्री ने किसानो की आय दुगनी करने का वादा किया था वह भी जुमला साबित हो रहा है, इस अवसर पर दीपक शर्मा, आशीष शुक्ला, जितेंद्र श्रीवास्तव जित्तू भैया, महेन्द्र यादव, एड श्याम सिंह, एड दीपक, राम नरेश, प्रेमचंद वर्मा, संदीप तिवारी, शोभित वर्मा, सुन्दर सोनी, धर्मेंद्र शर्मा,विशाल वर्मा, रंजीत वर्मा, राजकुमार सहित कई बिजली कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूरे प्रदेश में एक साथ लगेंगे 37 करोड़ पेड़, राज्यपाल मुख्यमंत्री लगाए पेड़

**रामनगर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** एक पेड़ मां के नाम जनक लली मेरी प्यारी मां वाटिका का शुभ उद्घाटन 37 करोड़ पौधरोपण महाअभियान 2025 के तहत आज बुधवार को इस अभियान के तहत एक ही दिन में पूरे प्रदेश में 37 करोड़ पौधो का रोपण किया गया। जिसमें प्रदेश के मुखिया आदित्यनाथ अयोध्या व आजमगढ़ में, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बाराबंकी, केशव प्रसाद मौर्य मेरठ बृजेश पाठक लखनऊ, श्रीमती माया सोनी, सचिन, अतुल, अमित के साथ रामनगर में आम के पेड़ लगाकर इस महा अभियान को अभूतपूर्व बनायाद्य इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम जी तिवारी प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रवादी किसान क्रांति दल के साथ उनकी सुपुत्री रिचा तिवारी डॉ सुमन अवस्थी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शिवा तिवारी तहसील अध्यक्ष हरीश मिश्रा, विश्वनाथ सोनी, कृष्ण कुमार यादव पत्रकार, प्रख्यात समाजसेवी कमलेश पांडे आदेश मौर्य आनंद अवस्थी पत्रकार, गिरजा शंकर दीक्षित सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय संभ्रांत जन उपस्थित रहे।

## वक्फ इमामबाड़ा गढ़ी जदीद में मजलिस का हुआ आयोजन

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** वक्फ इमामबाड़ा गढ़ी जदीद तालुकदार जैदपुर में हकीम प्रो सै मो अकबर रिज़्वी की अहलिया की इसाले सवाब की मजलिस को मौलाना कल्बे जवाद के सुपुत्र आले गुफरामआब मौलाना कल्बे अहमद नकवी साहब ने खिताब फरमाया। मौलाना ने मजलिस को खिताब फरमाते हुए कहा की इमामत एक ओहदा और ज़िम्मेदारी है जो अल्लाह की तरफ से रसूलललाह स अ स के अहलेबैत को मिली। इमाम ज़माने का रहबर और हादी होता है। जिसके ऊपर उम्मत की हिदायत की ज़िम्मेदारी होती है। और यही ज़िम्मेदारी इमाम हुसैन ने कर्बला में शहादत देकर भी निभाई। यज़ीद जो इस्लाम को अपने हिसाब से चलाना चाहता था उसके ज़ुल्म और दीने मोहम्मदी को बचाने के लिए इमामत को ही आगे आना पड़ा। मौलाना ने इमाम हुसैन की शहादत और उसके बाद उनके घर वालो के उपर ज़ुल्म और असीर होने के मसायब बयान फरमाये जिसे सुनकर अज़ादार गमगीन हो गये।

# राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने मजीठा मेले का किया उद्घाटन



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** मजीठा के नाग देवता मेले का आगाजः राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने किया उद्घाटन, गुरु पूर्णिमा पर जुटेंगे श्रद्धालु। बाराबंकी के मजीठा में नाग देवता मंदिर पर लगने वाले वार्षिक मेले का बुधवार को भाजपा खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मंत्री ने नाग देवता की पूजा-अर्चना भी की। मजीठा में प्रतिवर्ष लगने वाले इस मेले में जिले के साथ दूरदराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालु नाग बाबा के मठ पर दूध-चावल चढ़ाकर मनौती मांगते हैं। आषाढ़ पूर्णिमा की रात से श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो जाता है। मेले में भीड़ के कारण बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग सहित अन्य मार्गों पर जाम की स्थिति बनती है। मेला क्षेत्र में चलना भी मुश्किल हो जाता है। राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि नाग देवता का यह ऐतिहासिक मंदिर हजारों लोगों की आस्था का केंद्र है। यहां सर्पदंश से पीड़ित लोगों को नई जिंदगी मिलती है। उन्होंने मेला क्षेत्र की सभी जरूरतें पूरी करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व भाजपा प्रत्याशी अमरीश रावत, हरख ब्लॉक प्रमुख रवि रावत, जिला पंचायत सदस्य राम सिंह वर्मा और हरक मंडल अध्यक्ष सविता वर्मा समेत कई भाजपा कार्यकर्ता व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अभियान के तहत 37 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाएंगे : गिरीश चंद्र मिश्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ हुआ। उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी गिरीश चंद्र मिश्रा और नोडल अधिकारी व सचिव नगर विकास अनुज कुमार झा द्वारा जनपद में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। पौधरोपण अभियान का शुभारंभ 22वीं वाहिनी एसएसबी में पौधारोपण के साथ किया गया। उपाध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश में 37 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधों का विशेष महत्व है। विवाह, पर्व सहित विभिन्न अवसरों पर केला, तुलसी, बरगद, पीपल आदि की पूजा की जाती है। इनकी पूजा के पीछे इनका हमारे जीवन में महत्व निहित है। कहा कि अगर हम धरती को मां मानते हैं तो इसके वृक्ष रूपी श्रृंगार की सुरक्षा हमारा दायित्व है। नोडल अधिकारी श्री झा ने संबोधित करते हुए कहा कि



वृक्षारोपण कार्यक्रम भारत और उत्तर प्रदेश सरकार का बेहद अहम कार्यक्रम है। वर्ष 2025 में सरकार का लक्ष्य पूरे प्रदेश में 37 करोड़ पौधे लगाने का है। इसमें 40 लाख से अधिक पौधे जनपद महराजगंज में लगाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह अभियान शहर हो या गांव सभी जगह चलाया जा रहा है। इसके उपरांत एसएसबी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत जिलाधिकारी, मुख्य विकास



अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के उपरांत सभी अतिथियों ने सेल्फी भी खिंचवाई। इस दौरान विधायक सदर, मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ, विधायक सिसवा, कमांडेंट 22वीं वाहिनी एसएसबी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महराजगंज सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा महोगनी के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# एसडीएम ने खाद की तीन दुकानों को किया सीज

**नौतनवा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** तहसील क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब मंगलवार को उपजिलाधिकारी नौतनवा नवीन कुमार मय नायब तहसीलदार अपने सरकारी वाहन को छोड़कर मोटर साइकिल से खाद बीज की दूकानों की जांच करने पहुंच गए। उन्होंने दूकान पर पहुंच कर पहले तो ग्राहक बनकर खाद की बोरी का दाम पूछा और तब फिर दूकान के स्टाक रजिस्टर,विक्री रजिस्टर को चेक करना शुरू किया तथा गणेश पुर व रमगढवा में तेरह सौ पचास की खाद सत्रह सौ रुपए में बेचे जाने के कारण दो दूकानों को सीज कर दिया।यह घटना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फ़ैल गई जिसके कारण खाद की दूकानों का सटर गिरा कर ब्यापारी इधर उधर घूमते नजर आए।

# जियो पेट्रोल पम्प का 5वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** जियो पेट्रोल पम्प का 5 वा स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर तमाम ग्राहक मौजूद रहे।केक काट कर पम्प संचालन की बेहतरी के लिए कामना की गई। पम्प के प्रोप्राईटर अवधेश मिश्रा द्वारा आयोजित इस समारोह में रामनगर पी जी कालेज के प्राचार्य डा कौशलेन्द्र विक्रम मिश्र ने पंहुच कर केक काटा तथा पम्प संचालक को सफलतम पांच वर्ष पूर्ण करने की शुभकामनाए दी उन्होने कहा कि जियो पम्प गुणवत्ता युक्त तेल देकर अपने ग्राहकों की पहली पसंद बना हुआ है।

भविष्य में भी यह मुकाम बना रहेगा यंहा शुद्धता व मात्रा में कोई हेरा फेरी नही है।इस अवसर पर पौध रोपण भी हुआ। कार्यक्रम में आए अतिथि का अभिषेक मिश्र ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया।इस मौके पर कमलेश सिंह प्रधानाचार्य यूनियन इंटर कालेज रामनगर, सुनीत सिंह, डा संजय तिवारी, प्रो एच के मिश्रा, आलोक राय, सतेंद्र सिंह, अभिषेक मिश्रा, सन्त कुमार उपाध्याय एडवोकेट, मुदित अवस्थी, प्रमोद सोनी, सत्य नरायण शुक्ला, दीपू शुक्ला, सहित पम्प के कर्मचारी व ग्राहक मौजूद रहे।

# एक पेड़ मॉ के नाम 2.0 के तहत 37 करोड़ के सापेक्ष सात हजार वृक्षों का किया गया पौधरोपण

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश द्वारा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मॉ के नाम 2.0, एक ही दिन में 37 करोड़ पौधारोपण किये जाने का लक्ष्य के सापेक्ष आंकाक्षी विकास खण्ड खेसरहा, ग्राम पंचायत फरीदाबाद में मुख्य अतिथि अध्यक्ष, राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0 सुनील कुमार विश्वकर्मा, एवं विशिष्ट अतिथि सांसद डुमरियागंज श्री जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, वृक्षारोपड़ नोडल अधिकारी सिद्धार्थनगर/सदस्य (न्यायिक) एस.वी.एस.रंगाराव, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, डीएफओ पुष्प कुमार के0 की उपस्थिति में 7 हजार वृक्षो का पौधरोपड़ किया गया। डीएफओ द्वारा समस्त जनप्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।



मुख्य अतिथि अध्यक्ष, राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0 सुनील कुमार विश्वकर्मा ने एक पेड़ मॉ के नाम भावानत्मक लगाव दिया गया है। हजारो साल से वृक्ष की पूजा हम लोक करते चले आ रहे है। वर्षो पहले वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस ने बताया था कि वृक्ष में जान है। वृक्ष हमारे लिए बहुत उपयोगी है। इनसे हम फल, फूल, आक्सीजन मिलती है। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल सिंह ने कहा कि उ0प्र0 सरकार के निर्देश के क्रम में पौधरोपड़ अभियान चलाया गया है। पौधरोपण जन अभियान 2025 मुख्यमंत्री जी द्वारा 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य उ0प्र0 में सहभागिता के साथ सम्पन्न होगा। आज जिस तरह मुख्यमंत्री जी ने अयोध्या, आजमगढ़ एवं गोरखपुर में वृक्षारोपण किया गया है। हम संकल्प लेते है कि अपने जनपद को हरा भरा बनायेंगे। खेसरहा ब्लाक आकांक्षी ब्लाक है। हम इस ब्लाक को अधिक से अधिक विकास करके अग्रणी ब्लाक बनाने का कार्य करेंगे। आज यहां पर 7 हजार पेड़ लगाये गये है। इस ब्लाक से रेलवे लाइन का कार्य भी जोरो से चल रहा है। भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। पेड़ लगाने के साथ ही उसकी सुरक्षा करना भी हम सभी का दायित्व है। विधायक बांसी जय प्रताप सिंह ने कहा कि एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी का सपना है कि भारत को हरा भरा बनाने का, उसी सपने कोसाकार करने के लिए मुख्यमंत्री ने आज 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य उ0प्र0 की जनसंख्या से अधिक है। वृक्षारोपण से हमे फल, एवं लकड़ी के साथ आक्सीजन भी मिलता है। जिससे हमे जीने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका है। हम लोगो पेड़ लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण शुद्ध रहे। जितना अधिक पेड़ लगायेंगे उतना ही पर्यावरण शुद्ध रहेगा और हमे शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगा। हम सब को मिलकर पेड़ लगाना चाहिए। हम सबको चाहिए कि उसकी रखवाली भी करे।

वृक्षारोपड़ नोडल अधिकारी सिद्धार्थनगर (न्यायिक) एस.वी.एस. रंगाराव ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार मै यहां आया हूॅ। आज पूरे प्रदेश में वृहद स्तर पर वृक्षारोपड़ का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। एक पेड़ मॉ के नाम लगाये जाने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग पेड़ लगाये और उसकी सुरक्षा करे जिससे शुद्ध वायु एवं ऑक्सीजन मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद सिद्धार्थनगर के लिए शासन द्वारा 43.49 लाख का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि एक पेड़ मॉ के नाम के अन्तर्गत आज विकास खण्ड खेसरहा के ग्राम पंचायत फरीदाबाद में जन सहभागिता से 7 हजार पौध लगाया गया है।

# पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने के 02 आरोपी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

शैलेन्द्र अवस्थी

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज श्री विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना को0 कर्नलगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-248/25 धारा 109(1),115 (2),352 बीएनएस से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तों- 01. पवन पुत्र मायाराम, 02. राहुल पुत्र मायाराम निवासीगण ग्राम बरबटपुर, थाना कोतवाली करनैलगंज, जनपद गोण्डा को धमसड़ा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद बांका बरामद किया गया।




वादी प्रार्थी पुत्तन पुत्र मायाराम निवासी ग्राम बरबटपुर, थाना करनैलगंज, जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 कर्नलगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 06.07.2025 को प्रातः लगभग 10:00 बजे वह अपने घर पर सो रहा था। पूर्व में मेरे भाइयों राहुल एवं पवन से आपसी विवाद हुआ था। उसी रंजिश को लेकर दोनों भाई पवन और राहुल घर पर घात लगाकर आए और हाथ में बांका और लाठी लेकर मुझ पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे मेरे सिर व हथेलियों पर गंभीर चोटे आयी है। वादी की तहरीर पर थाना को0 कर्नलगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 09.07.2025 को थाना को0 कर्नलगंज पुलिस द्वारा घटना कारित करने के 02 आरोपी अभियुक्तों 01. पवन पुत्र मायाराम, 02. राहुल पुत्र मायाराम निवासीगण ग्राम बरबटपुर, थाना कोतवाली करनैलगंज, जनपद गोण्डा को धमसड़ा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद बांका बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 कर्नलगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## संचारी रोग अभियान के तहत एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम की रही धूम



**अम्बेडकरनगर।** राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज में संचारी रोग नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान एवं एक पेड़ माँ के नाम सन्दर्भ में समारोह पूर्वक कई कार्यक्रम आयोजित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन से किया गया।सर्वप्रथम संचारी रोग नियन्त्रण एवं जागरूकता अभियान अन्तर्गत छात्र-छात्राओं और शिक्षकों द्वारा इस सन्दर्भ में शपथ लिया गया। तत्पश्चात अपने उद्बोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि बैक्टीरिया, कवक, वायरस तथा प्रोटोजोआ के माध्यम से हवा, पानी, भोजन और शारीरिक सम्पर्क से फैलने वाले संचारी रोगों से बचाव के लिए जरूरी है कि हम स्वस्थ जीवन शैली अपनायें।समारोह में हिन्दी शिक्षक मुकेश कुमार, विज्ञान शिक्षक राम जतन वर्मा, सामाजिक विज्ञान शिक्षक प्रदीप कुमार, अंग्रेजी की मयंक राय व संस्कृत शिक्षिका क्षमा पटेल द्वारा संचारी रोग विषय पर अपने अपने विचार रखे गये। आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में- क्विज़ प्रतियोगिता में आकांक्षा, वाद-विवाद में अभिजीत व कृष्णा तथा भाषण में कर्णिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।एक पेड़ माँ के नाम विषयक वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सविता, अभिजीत, चांदनी, सलमान आदि छात्र-छात्राओं द्वारा आम, जामुन, अमरूद आदि के पेड़ रोपे गये।

## विद्युत कर्मियों ने किया परिसर मे पौधरोपण

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बुधवार को आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष चतुर्दशी को132 के.वी.एवं 220के. वी. उप-केंद्र बाँसी में उप- खण्ड अधिकारी लाल बहादुर गुप्त एवं अवर अभियंता सूरज प्रसाद के मार्गदर्शन में ÷ चलो चले एक पेड़ लगाये ,जीवन मे खुशहाली लाये के मूल वाक्य के साथ पौधरोपण का कार्य किया गया जिसके तहत आम, अमरूद, जामुन, आवला, सागौन,शीशम आदि अन्य के पौधों को लगाया गया। इस मौके पर उप-खण्ड अधिकारी लाल बहादुर गुप्ता जी ने पेड़ों के लगाने से होने वाले लाभ के बारे मे बिस्तार से बताया।इस मौके पर अवर अभियंता पशुपति नाथ मिश्र, अवर अभियंता परीक्षण राजेश कुमार, उपकेन्द्र परिचालक सुजीत, गुफरान,लालजी शर्मा, शैलेश, अजय कुमार गुप्ता, कृष्णकान्त, अंसू ,बलजीत, इनामुल हक़ एवं संविदा कर्मचारी मो.सईद, मो.आरिफ, संजय, उमेश पांडेय, अरविंद, सन्तोष, राम प्रकाश, दुर्गा प्रसाद, हरे राम, अशोक कुमार, आदि लोग उपस्थित थे।

## सांसद बृजलाल ने किया कलेक्ट्रेट में बने लाइब्रेरी भवन का लाकार्पण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सांसद निधि (राज्य सभा) वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में बने लाइब्रेरी भवन का लाकार्पण एवं कलेक्ट्रेट परिसर में पार्क निर्माण कार्य एवं विकास भवन से लेकर साड़ी तिराहा तक सार्वजनिक उद्यान/पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार की सांसद राज्यसभा बृजलाल, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा फीता काटकर एवं शिलापट का अनावरण कर किया गया।

सांसद राज्यसभा बृजलाल द्वारा स्वलिखित पुस्तक लाइब्रेरी हेतु जिलाधिकारी को भेट किया गया। इसके पश्चात पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञानप्रकाश, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, उपप्रभागीय वनाधिकारी बीना त्रिपाठी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विभिन्न धाराओं मे वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर।** थाना कोतवाली टांडा पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी कार्यवाही करते हुए 498ए, 323, 504, 506 भादवि एवं ड डीपी एक्ट के मामले में न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के तहत वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अंबेडकरनगर के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक विवेक कुमार मिश्र, कांस्टेबल राहुल तथा महिला कांस्टेबल शिखा की टीम द्वारा 8 जुलाई 2025 को रात्रि बलुआ देवहट निवासी अभियुक्त जितेन्द्र कुमार पुत्र रामू विश्वकर्मा उम्र 29 वर्ष को उसके घर से गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली टांडा में मु0अ0सं0 159/23 अंतर्गत धारा 498ए, 323, 504, 506 भादवि तथा ड डीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज है, पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## ग्राम पंचायत हल्लौर में चला एक पेड़ मां के नाम अभियान




अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शासन के निर्देशों के क्रम में ग्राम पंचायत हल्लौर ग्राम प्रधान अहमद ताकीब रिजवी व पंचायत सचिव हरीशंकर सिंह के नेतृत्व में ग्राम के विभिन्न स्थानों पर वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। ग्राम प्रधान अहमद ताक़ीब रिज़्वी ने बताया कि हल्लौर नहर पर पेड़ लगाए गए तथा लोगों को एक पेड़ मां के नाम पर लगाने के लिए जागरूक किया गया।

उन्होंने कहाकि जब से हमारे जीवन से पेड़ खत्म हुए है तब से मौसम भी बदल गया है इसलिए अपनी अपनी मां के नाम एक एक पेड़ लगाए जिससे कि हमें पहले जैसा वातावरण मिल सके। पंचायत सचिव हरीशंकर सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि एक पौधा अपनी माँ के नाम लगाए और उसकी पूरी सेवा के साथ संरक्षित करें। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि, राशिद हुसैन कप्तान, रोजगार सेवक हेलाल अनीस रिजवी, इकबाल मेहंदी, काजिम रजा, राहिब रिजवी, नासिर रिजवी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## क्यूआर कोडिंग के जरिए पौधों के विषय में जानेंगे विद्यार्थी




अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय में इको क्लब के विद्यार्थियों ने विद्यालय में लगे पौधों का क्यूआर कोड तैयार किया है। विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल ने बताया कि विद्यालय समय-समय पर पर्यावरण को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों को जागरुक करता रहता है।

विद्यालय के विद्यार्थी विद्यालय के पौधों के सजग प्रहरी हैं। वे समय-समय पर उसकी देख रख करते रहते हैं। आज उसी क्रम में इको क्लब के विद्यार्थियों ने इको क्लब अध्यक्ष अश्वनी कुमार राय एवं इको क्लब प्रभारी सिराज अहमद सिद्दकी के नेतृत्व में पौधों की क्यूआरकोडिंग कर उसे पौधों पर टैग किया। पौधों की क्यूआरकोडिंग हो जाने पर कोई भी उसे स्कैन कर उस पौधे के नाम, वैज्ञानिक नाम, औषधीय गुण आदि के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त कर सकता है।

कहा कि क्यूआरकोडिंग होने से जहां एक तरफ विद्यार्थियों का पौधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा वहीं दूसरी तरफ उनकी पर्यावरण के प्रति उत्सुकता एवं जानकारी बढ़ेगी।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान : डुमरियागंज में हुआ वृक्षारोपण

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शासन के निर्देशों के क्रम मे नगर पंचायत डुमरियागंज में उपजिलाधिकारी डुमरियागंज राजेश कुमार, तहसीलदार रवि कुमार यादव, नायब तहसीलदार विष्णु प्रताप सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि अतीकुर्रहमान, अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार और सभासदगण द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

उपजिलाधिकारी डुमरियागंज राजेश कुमार, तहसीलदार रवि कुमार यादव, नायब तहसीलदार विष्णु प्रताप सिंह अध्यक्ष प्रतिनिधि अतीकुर्रहमान, अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार और सभासदगण द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर इस अभियान में विशेष रूप से भागीदारी ली गई तथा लोगों को पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया गया। अभियान में लिपिक सैश्व हसन ताकीब रिजवी, सभासद उमाशंकर, मनोज कुमार गौतम, फरहान अहमद, महंथ मिश्रा, अर्पित द्विवेदी, राजेश, विवेक, रतन, राम गोपाल, अनिल और समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया।

## पालिका अध्यक्ष व उपजिलाधिकारी टांडा ने किया वृक्षारोपण

**नगर में कई जगहों पर हुआ पौधरोपण, लोगों ने उत्साह से भाग लिया**

अवधनामा संवाददाता

**टांडा अम्बेडकरनगर।** एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत नगर क्षेत्र में मोहल्ला छज्जापुर पूरब रामलीला ग्राउंड के पास की भूमि, हयातगंज जुबेर चौराहे के पास पानी की टंकी की भूमि, सिकंदराबाद काशीराम आवास, राजकीय स्कूल, पालिका पार्क में वृक्षारोपण शबाना नाज अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद टांडा अरविंद त्रिपाठी उपजिलाधिकारी/प्रभारी अधिशाषी अधिकारी के निर्देश पर किया गया।



सफाई मित्र,जनप्रतिनिधि, सभासदगढ़ अन्य नागरिक को अपने आस पास पौधारोपण के लिए जनजागरुक किया गया, उक्त कार्यक्रम का संचालन शमशाद जुबेर कर अधीक्षक,/ सफाई नोडल एवं आशीष कुमार चौहान जलकल अभियंता/प्रभारी सफाई निरीक्षक, द्वारा किया गया, जिसमे निशांत पांडेय कार्यालय अधीक्षक, जलील अहमद लिपिक, अनुरुद्ध कुमार लिपिक, मो0अरशद जमाल लिपिक, सलमान खान राजस्व निरीक्षक, हरिशचंद्र पाठक मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद इदरीश, मोहम्मद रब्बानी, मोहम्मद सुहेल, शकील अहमद, मंशाराम, महेंद्र कुमार, परवेज अहमद, सफाई नायक और सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे!

# अवैध निर्माण पर चला बुलडोज़र

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** जलालपुर बसखारी मार्ग पर पुल के समीप सड़क पुख्ता की जमीन पर बने अवैध हिस्से को उप जिला अधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की टीम द्वारा गिरा दिया गया।



**विरोध के चलते रुका अवैध निर्माण हटाने का कार्य**

प्रशासन द्वारा 2 घंटे तक बुलडोजर की कार्रवाई की गई इसके बाद भाजपा जिला मंत्री पंकज वर्मा व विशाल त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और प्रशासन से नोक झोक शुरू कर दिए। तहसील प्रशासन ने 10 जुलाई तक पैमाइश कराकर आश्वासन दिया कि अगर इसके अंदर यह मकान आता है तो पुनः कार्यवाही शुरू की जाएगी।

जलालपुर बसखारी मार्ग पर पुल के पास सड़क पोख्ता की भूमि पर अवैध रूप से कमलेश वर्मा निवासी घसियारी टोला द्वारा निर्माण कार्य कर लिया गया था जिसकी शिकायत विपक्षी कृष्ण गोपाल कसौधन ने उप जिलाधिकारी से किया था जिसके क्रम में राजस्व टीम बनाकर उक्त भूमि की पैमाइश कराई गई। जिसके तहत निर्धारित सीमा के अंदर निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग को राजस्व टीम पर नगर पालिका पालिका प्रशासन द्वारा पैमाइश की रिपोर्ट उप जिलाधिकारी को सौंप गई जिसका संज्ञान लेते हुए तत्कालीन उपजिलाधिकारी ने सड़क पुख्ता की जमीन का पैमाइश कराकर चिन्हित किया गया था और अवैध निर्माण कर्ताओं को नोटिस जारी कर उन्हें अपने द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की हिदायत दी गई थी जिसके तहत निर्माण कर्ता ने दूसरे तल के अंदर आ रहे अवैध निर्माण को गिरा लिया गया था परंतु पहली मंजिल की छत को नहीं गिराया गया जिसे मंगलवार को जेसीबी मशीन लगाकर गिराया गया। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस प्रशासन ने डंडा फटकार कर तीतर भीतर कर दिया इस मौके पर उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता तहसीलदार श्रीमती गरिमा भार्गव पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता जयशंकर चौबे अवर अभियंता अमितेश कुमार विजय बहादुर सिंह कोतवाल संतोष कुमार सिंह समेत तमाम पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने बताया की कमलेश वर्मा द्वारा अवैधताक्रमण किया गया था जिसको हटा दिया गया।

# उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी ने जिला कारागार का बुधवार को निरीक्षण कर महिला बंदियों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और उनके अधिकारों की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया।



निरीक्षण के दौरान कारागार प्रशासन के अधीक्षक सचिन वर्मा, जेलर रामसिंह यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी तथा अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान श्रीमती चारू चौधरी ने महिला बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना । उन्होंने महिला बैरकों की स्वच्छता, सुरक्षा, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं, योग अभ्यास, विधिक सहायता और पुनर्वास कार्यक्रमों की स्थिति का विशेष रूप से अवलोकन किया।उन्होंने महिलाओं एवं उनके साथ रहने वाले बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

श्रीमती चौधरी ने यह भी कहा कि महिला बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जेल में ही उन्हें कौशल विकास, सिलाई, हस्तशिल्प व योग आदि गतिविधियों से जोड़ा जाना चाहिए ताकि सजा पूर्ण होने के बाद वे समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।÷महिला आयोग महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है, चाहे वे जेल में हों या बाहर। किसी भी महिला के साथ अन्याय, उत्पीड़न या भेदभाव कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महिला बंदियों को भी न्याय व गरिमा से जीने का पूरा अधिकार है।÷ कारागार प्रशासन द्वारा यह बताया गया कि वर्तमान में जेल में कुल 34 महिला बंदी हैं, जिनके साथ 03 छोटे बच्चे भी रह रहे हैं। बच्चों के लिए आंगनबाड़ी और पोषण व्यवस्था की भी जानकारी उपाध्यक्ष महोदया को दी गई।

## लखनिया गाँव मे जुलुसे अज़ा 11 जुलाई को

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** तहसील क्षेत्र के लखनिया ग्राम सभा में आगामी 11 जुलाई को प्रातः 8¬00 बजे अंजुमन अजा-ए- हुसैन के तत्वाधान में जुलूस- -ए-अजा का आयोजन किया गया है। कर्बला की 72 शहीदों की याद में आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों अंजुमने नौहा मातम करेंगी ।

जुलूस के दौरान मौलाना कल्बे रूशैद दिल्ली, मौलाना सैयद मोहम्मद अजीम रिजवी, मौलाना हसन अकबर खान जौनपुर, मौलाना औन अब्बास रिजवी,मौलाना वजीर हसन, मौलाना नय्यर बहिश्ती, मौलाना जाहिद हुसैन तकरीर करेंगे।

अंजुमन हैदरिया मनियारपुर, अंजुमन हैदरिया बसखारी, अंजुमन नासिरिया नसीराबाद, अंजुमन अजा-ए- हुसैन लखनिया, अंजुमन सफीर नासीरूल अजा कटघर कमाल, अंजुमन जवानान ए हुसैनी अमलों आजमगढ़ नौहा मातम करेंगी। उक्त सूचना कुमैल अब्बास ने दी है।

# भारी बारिश से बांसी कस्बे की बिगड़ी सूरत

**जलभराव से दो दर्जन से अधिक दुकानों में भर गया पानी**

अवधनामा संवाददाता






**बांसी सिद्धार्थनगर।** मंगलवार की देर रात हुई भारी बारिश से कस्बे की सूरत बिगड़ गई है। प्रमुख सड़को, गली मोहल्लों में जल भराव हो गया। कोतवाली रोड और मंगलबाजार में हुए जलभराव से दो दर्जन से अधिक दुकानों में पानी भर गया जिससे व्यापारियों को काफी नुकसान हुआ है। इसके लिए लोग नगर पालिका को जिम्मेदार ठहरा रहे है।

लोगो का कहना है कि शुरुआती बरसात ने नगर पालिका के जल निकासी के व्यवस्था की पोल खोल दिया है। वही मंगल बाजार में हुए जलभराव के लिए लोग लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदार ठहरा रहे है। सर्राफा मार्केट में भी जलभराव होने से कई दुकानों में पानी भर गया और लोगों का काफी नुकसान हुआ है। कोतवाली रोड के सड़क पर दो से तीन फिट बहता पानी दुकानों के अन्दर तक घुस गया जिससे उनका लाखों रुपयों का सामान भीग गया। दुकानदारों का कहना है कि सुबह जब दुकान खोला तो अंदर का नजारा देखकर चिंतित हो गए तथा दुकान का जो सामान बचने योग्य था उसे सुरक्षित करने में जुट गए। बउरहवा बाबा मंदिर मार्ग पर भी नाले की गंदगी लेकर पानी सड़क पर बह रहा था ।तहसील परिसर, ब्लाक परिसर में दो से तीन फिट जलभराव हो गया। मंगलबाजार की मुख्य सड़क पर जलभराव होने से कई दुकानों में पानी भर गया जिससे कुछ दुकानदारों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है।

प्रतापनगर वार्ड की श्रीवास्तव कॉलोनी सहित कई सड़को और मोहल्लों में जलभराव हो गया।है जहां नगरवासी पानी में सड़क को तलाश रहे थे। इंद्रा नगर मे जल निकासी की समस्या इतनी जटिल हो गई है कि मामूली बारिश भी लोगों को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। मंगल बाजार के लोगो का कहना है कि अभी एक माह पूर्व लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क और नाला का निर्माण किया है नाले को सड़क से ऊपर कर दिया गया है और नाले में कही होल नहीं किया गया है जिससे सड़क पर जलभराव होकर दुकानों में जा रहा है। लोगो का कहना है कि इसकी शिकायत कई बार लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों से किया गया है इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया।

## भारत की कूटनितिक जीत

क्वैड देशो के संयुक्त बयान भारत कोशिशो को मजबूती देता है। सम्मेलन जो हुआ था उसे देखते हुये भारत के लिये कूटनीतिक जीत है और पाक को झटका है। क्वैड में सदस्य देशो के विदेशी मन्त्रियों की यह पहली बैठक थी। विदेश मंत्री ने जताया था कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के रूख को सदस्य देश समझेगे। विदेश मंत्री ने आतंकवाद को लेकर दुनियां से अपील की थी कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेन्स अपील की थी कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेलन्स अपनाया जाये। बैठक में आये संयुक्त बयान में यही भावना गुन्जित होती है। साझा बयान में भले पाक के नाम नहीं है पर इसका सीधा सन्देश उसी का उसी को लक्षित है। सारे सबूत भारत पहले ही रख चुका है। जो बताते है पहलगाम कान्ड में पाकिस्तान का हाथ था। पूरी साजिस वही रची गयी और आतंकी वही से आये। बयान से साजिश कर्ताओं हमलावरों और फन्डिग कराने वालो को सजा दिलवाने की मांग की गई है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशो आहवान किया गया है कि वे जिम्मेदार लोगो को कटघरे में लने के लिये अन्तरराष्ट्रीय कानून की तहत मिलकर काम करें। जाहिर है क्वैड मान रहा है पहलगाम साजिश विदेशी भूमि पर रची गई। इससे भारत का पक्ष मजबूत होता है।

यह बयान इस लिये भी महत्वपूर्ण है कि सदस्य देश अमेरिका भी क्वैड का सदस्य है। आपरेशन सिन्दूर के दौरान और बाद में वाशिंगटन ने सिन्दूर मामले को जिस तरह लिया था उससे भारत में यही सन्देश गया में सही सन्देश गया। ट्रम्प प्रशासन ने भारत और इस्लामाबाद को एक तराजू पर रखकर बात की थी। जबकि भारत का साफ कहना है आतंकवाद प्रयोजक और पीड़ित को एक तराजू पर रखकर नही देखा जाना चाहिये। चूकि क्वैड बयान में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की सहमति है तो निष्कर्ष निकलता है कि अमेरिकी रूख में कुछ बदलाव आया है।

कुछ दिन पहले हुई शंघाई को अपरेशन आर्गनाईजेशन की मीटिंग में सुयंक्त बयान जारी नही हो सका था। भारत का प्रस्ताव था कि पहलगाम में हुये आतंकी हमले को संयुक्त बयान में शामिल किया जाये। तब चीन और पाकिस्तान ने इसका विरोध किया था। पर चीन को समझना चाहिये वह पाकिस्तान को हर जगह नहीं बचा सकता। क्वैड का चीन पर पहले ही दबाव है अब इस बैठक और बैठक के बयान से और बढ़ेगा। चीन पाक और भारत दोनो को पड़ोसी देश है। भारत से सम्बन्ध सुधारने के लिये भारत के सीमा से लगे झगड़ो को तय करना चाहता है भारत के साथ उसका प्रयास इधर तेज हो गया है। पाक और भारत के सम्बन्धों को सुधारने में चीन अहम भूमिका निभा सकता है। विश्व शान्ती के पक्ष और अपनी ताकत बढाने के पक्ष में उसे अपना पुराना तरीका बदलना चाहिये। उसे जिम्मेदार और शान्ती का पक्ष घर बननी चाहिये। दुनियां बहुत समस्यायें है उसे अपनी शक्ति का प्रयोग कर निपटाने में सकारात्मक सहयोग करना चाहिये।

## गुरु के चरणों में अपने समस्त अहंकार घमंड अभिमान भ्रष्टाचारी मानसिकता अर्पित कर दें यही हमारी सच्ची गुरु दक्षिणा होगी

किशन भावनानी

गुरु मेरी पूजा गुरु गोविंद गुरु मेरा पारब्रह्म गुरु भगवंत,गुरु मेरा ज्ञान हृदय ध्यान गुरु गोपाल पुरख भगवान,गुरु जैसा नहीं को देव, जिस मस्तक भाग सो लागा सेव इत्यादि माननीय गुरुवर की महिमा के अनेक आध्यात्मिक भजन हम अनेक बार शिद्दत से सुनते गाते आ रहे हैं क्योंकि भारतमाता की मिट्टी से ही मानवीय जीव की रग रग में आध्यात्मिकता, माता पिता गुरुवर के प्रति सम्मान आस्था समर्पण का भाव समाया हुआ है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र ऐसा मानता हूं कि जितनी आध्यात्मिकता की श्रद्धा भारत में है शायद ही यह विश्व के किसी भी अन्य देश में होगी।यहां सदियों से माता-पिता और आचार्य को गुरु का दर्जा दिया जाता है भारतीय संस्कृति की पहचान है कि,मातृमान् पितृमानाचार्यवान पुरूषो वेदः।( अर्थात, जब तीन उत्तम शिक्षक अर्थात एक माता, दूसरा पिता और तीसरा आचार्य हो तो तभी मनुष्य ज्ञानवान होगा।) प्रशस्ता धार्मिकी विदुषी माता विद्यते यस्य स मातृमान। पितृ देवो भव। आचार्य देवो भव। अतिथि देवों भव। अर्थात् माता को, पिता को, आचार्य को और अतिथि को देवता के समान मानकर उनके साथ व्यवहार करो। गुरुर्ब्रह्मा ग्ररुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।।गुरु ब्रह्मा है, गुरू विष्णु है, गुरू महेश्वर अर्थात भगवान शंकर है। गुरु ही साक्षात परम ब्रह्म सर्वशक्तिमान है, ऐसे गुरु को मेरा नमस्कार। (उक्त श्लोक में गुरू की महत्ता स्पष्ट करते हुए गुरु को परम ईश्वर के तुल्य बताकर वंदना की गई है।)गुरु कृपा और आध्यात्मिक विकास गुरु पूर्णिमा का मूल उद्देश्य ही होता है, गुरु के प्रति श्रद्धा और आत्मा का शुद्धिकरण।इस दिन का आयोजन व्यक्ति के आध्यात्मिक उत्थान, साधना में सफलता और चित्त की स्थिरता लाने मेंसहायक होता है। विद्यार्थियों को विद्या, स्मरण शक्ति और अनुशासन की प्राप्ति होती है, वहीं साधकों को ध्यान, जप, और तप में मन की एकाग्रता मिलती है। यह दिन आत्मबोध और जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।इसलिए आज गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर हम माता पिता गुरु की विस्तार से चर्चा इस आर्टिकल के माध्यम से करके उसे पर अमल जरूर करेंगे। साथियों बात अगर हम इस बार गुरु पूर्णिमा की करें तो, अबकी बार बहुत ही अद्भुत संयोग बना है। दरअसल इस बार गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुवार है। गुरुवार 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व इस बार मनाया जा रहा है। पूर्णिमा पर भगवान विष्णु और उनके विभिन्न स्वरूपों की पूजा का सबसे ज्यादा महत्व शास्त्रों में बताया गया है। तो अब अबकी बार गुरु पूर्णिमा गुरुवार को होने से इसका महत्व और बढ़ गया है। गुरुवार और गुरु पूर्णिमा का संयोग अत्यंत दुर्लभ और अत्यधिक शुभ माना जाता है। जब गुरुवार, जो कि बृहस्पति ग्रह और विष्णु भगवान को समर्पित दिन होता है, और गुरु पूर्णिमा, जो ज्ञान, उपासना और श्रद्धा का पर्व है, एक साथ आते हैं, तो यह काल धार्मिक अनुष्ठानों के लिए सर्वश्रेष्ठ हो जाता है।

साथियों बात अगर हम गुरु शिष्य परंपरा की करें तो,गुरु-शिष्य परम्परा आध्यात्मिक ज्ञान को नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का सोपान है। भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परम्परा के अन्तर्गत गुरु अपने शिष्य को निस्वार्थ भाव से शिक्षा देता है। जिसके बदले में शिष्य अपने गुरु को शिक्षा समाप्त होने पर गुरुदक्षिणा देता है। बाद वही शिष्य अपने गुरु के बताये हुए मार्गदर्शन पर चलकर समाज सेवा करता है। या फिर गुरु बनकर दूसरों को शिक्षा देता है। जिससे यह कर्म चलता रहता है। गुरु-शिष्य की यह परम्परा ज्ञान के किसी भी क्षेत्र में हो सकती है। जैसे अध्यात्म, संगीत, कला, वेदाध्ययन, वास्तु ,विज्ञान, चिकित्सा आदि। प्राचीन समय में गुरु आश्रमों में अपने शिष्यों को शिक्षा दिया करते थे। उस समय उनके बीच मधुर सम्बन्ध हुआ करते थे। प्राचीन समय में गुरु शिष्य के बीच अगाध प्रेम हुआ करता था। शिष्य अपने गुरु के प्रति पूर्ण श्रद्धा व समर्पण का भाव रखता था। गुरु निस्वार्थ भाव से अपने शिष्य को शिक्षा दिया करते थे। गुरु और शिष्य के बीच केवल शाब्दिक ज्ञान का ही आदान प्रदान नहीं होता था बल्कि गुरु अपने शिष्य के संरक्षक के रूप में भी कार्य करता था।अतः गुरु कभी भी अपने शिष्य का अहित नहीं चाहता है। वह हमेशा अपने शिष्य का भला सोचता है। शिष्य का यही विश्वास गुरु के प्रति उसकी अगाध श्रद्धा और समर्पण का कारण रहा है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष्य की करें तो जितना माता-पिता और आचार्य को देव समझने वाली इस भव्य भारतीय संस्कृति का गुणगान किया जाए उतना ही कम है परंतु वर्त्तमान समय में यह स्थिति बिल्कुल उलट है। आज आश्रमों की जगह स्कूल कॉलेज ने ले ली है। और गुरु शिष्य का सम्बन्ध वैसा नहीं रहा जैसा प्राचीन समय में रहता था। आज गुरु शिष्य के सम्बन्ध सही नहीं है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।


**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**गुरु पूर्णिमा का त्योहार व्यक्ति के जीवन और उसके सामाजिक मूल्यों को एक सही रूप में ढालने में गुरु की भूमिका को सम्मानित करने की एक शाश्वत परंपरा है। आसाढ़ मास की पूर्णिमा के इस दिन का गहरा आध्यात्मिक, ऐतिहासिक तथा सामयिक महत्व है क्योंकि इसी दिन आदिगुरु भगवान शिव ने सप्तऋषियों को योग का ज्ञान प्रदान किया था। इसी दिन महर्षि वेदव्यास की जन्म जयंती भी मनाई जाती है। इसके साथ ही, पूर्णिमा के दिन से चतुर्मास आरंभ होते हैं जो मानसून के दौरान के पवित्र चार महीने हैं जबकि साधु-संत किसी एक ही स्थान पर रहकर अपने शिष्यों को ज्ञान देते हैं।**

# गुरु पूर्णिमा: मानवता को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करने वाला पर्व


अर्जुन राम मेघवाल

भारत की सांस्कृतिक विरासत हमें मानवीय मूल्यों से परिचित कराती है तथा ज्ञान और शाश्वत शिक्षा प्रदान करती है। इसका विविध एवं सर्वव्यापी स्वरूप सामूहिक चेतना को जागृत करता है जिसकी अभिव्यक्ति भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न त्यौहारों के रूप में होती है। ये त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं हैं बल्कि ये हमारी प्रकृति के साथ जुड़ाव तथा वैज्ञानिक सोच एवं आध्यात्मिक चिंतन से जुड़े हैं। गुरु पूर्णिमा एक ऐसा ही विशेष अवसर है जो हमें इतिहास में घटित घटनाओं के बारे में रूककर विचार करने और उन्हें समझने का अवसर प्रदान करता है। यह हमें यह जानने के लिए प्रोत्साहित करता है कि विगत की परिस्थितियों में अब क्या बदलाव आया है, किन बातों को हम अभी भी अपनाए हुए हैं और हमने अपने पीछे क्या कुछ छोड़ दिया है? हमने व्यक्ति के रूप में कितनी और सामूहिक रूप में कितनी उपलब्धियां हासिल की हैं? अपनाने और छोड़ने के इस दौर में हमारा साथ किन लोगों ने सबसे अधिक दिया? जीवन के उथल-पुथल एवं दुख से भरे समय में जबकि हमारा काफी अधिक पतन हो सकता था वैसे अस्थिर समय में किसने हमारा साथ दिया? ये सभी ऐसे प्रश्न हैं जिनके समाधान के लिए हमें गुरु या एक पथ-प्रदर्शक शक्ति की सर्वाधिक अहम भूमिका होती है चाहे वह कोई व्यक्ति हो, सिद्धांत हो या हमारे अंतर्मन की शक्ति हो जो हमारी जीवन यात्रा के दौरान सर्वाधिक शक्तिशाली मित्र के रूप में हमारा साथ निभाती है। समय की कसौटी पर खरे उतरे वे कौन से सिद्धांत हैं, जो हमें जीवन के पथ पर एक संतुलित यात्री बने रहने में सफल बनाते हैं। हमारे जीवन की इन सभी विविध परिस्थितियों के बीच प्रायः अदृश्य अथवा दृश्य, मूर्त या अमूर्त ऐसी शक्तियां होती हैं चाहे वो किसी पथ-प्रदर्शक का हाथ हो या कोई दिव्य विचार हो, मां का सानिध्य हो, शिक्षक के ज्ञान भरे शब्द हों या किसी मित्र का साथ हो जो हमारा पथ-प्रदर्शक बन जाता है। अतः गुरु पूर्णिमा ऐसे सभी शक्तियों को चाहे वह दृश्य हों अथवा अदृश्य, जो हमारा मार्गदर्शन करती हों, हमें सही रूप में ढालती हों और हमारे जीवन में उन्नति के पथ पर हमारा साथ देती हों, सभी को सम्मानित करने का एक पवित्र अवसर है। गुरु पूर्णिमा का त्योहार व्यक्ति के जीवन और उसके सामाजिक मूल्यों को एक सही रूप में ढालने में गुरु की भूमिका को सम्मानित करने की एक शाश्वत परंपरा है। आसाढ़ मास की पूर्णिमा के इस दिन का गहरा आध्यात्मिक, ऐतिहासिक तथा सामयिक महत्व है क्योंकि इसी दिन आदिगुरु भगवान शिव ने सप्तऋषियों को योग का ज्ञान प्रदान किया था। इसी दिन महर्षि वेदव्यास की जन्म जयंती भी मनाई जाती है। इसके साथ ही, पूर्णिमा के दिन से चतुर्मास आरंभ होते हैं जो मानसून के दौरान के पवित्र चार महीने हैं जबकि साधु-संत किसी एक ही स्थान पर रहकर अपने शिष्यों को ज्ञान देते हैं। आसाढ़



मास की पूर्णिमा के बारे में ऐसा कहा जाता है कि इस दिन चांद के शीतल प्रकाश की ऊर्जा हमारे आंतरिक मन को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करती है। गुरु पूर्णिमा का यह त्योहार हमें उन लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है जिन्होंने हमारे मन में ज्ञान की ज्योति जगाई है।

संस्कृत शब्द 'गुरु' दो शब्दों 'गु' (अंधकार) और 'रु' (हटाना) का संयोजन है जिसका अर्थ होता है एक ऐसा व्यक्ति जो हमारे मन से अंधकार अर्थात अज्ञानता को दूर करता हो। प्राचीन वैदिक परंपरा में गुरु शिष्य परंपरा शिक्षा का आधार थी। गुरुकुल में शिक्षार्थियों को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करके उन्हें विचारशील बनाया जाता था तथा नैतिकता का पाठ पढ़ाकर उनकी नैतिक दुविधाओं का समाधान किया जाता था। गुरुकुल में शिक्षा की यह प्रक्रिया शिक्षार्थियों को कर्म के माध्यम से मूल्य आधारित जीवन जीने व चरित्र निर्माण करने के लिए निरंतर प्रेरित करने की प्रक्रिया थी। गुरु के महत्व और महानता को केवल शब्दों से व्यक्त नहीं किया जा सकता। गुरु मात्र एक शिक्षक ही नहीं होते बल्कि उनकी उपस्थिति ही एक ऐसी जीवंत शक्ति, एक ऐसी अनुभूति होती है जो शक्ति, मार्गदर्शन और प्रेरणा का एक निरंतर स्रोत होती है। जिस प्रकार पूर्णिमा संपूर्णता, शुद्धता और प्रकाश का प्रतीक है ठीक उसी प्रकार गुरु में भी वैसी ही महानता होती है और गुरु भी ज्ञान से संपूर्ण, निष्कपट और मन से अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के स्रोत होते हैं।

प्रसिद्ध संत कबीर ने गुरु की तुलना कुम्हार से और शिष्य की तुलना मिट्टी के कच्चे बर्तन से करते हुए कहा है कि,

गुरु कुम्हार है, शिष्य कुंभ है, गढ़ि-गढ़ि काढ़ै खोट। अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट॥

इसका अर्थ है : गुरु कुम्हार है और शिष्य मिट्टी का घड़ा है। जिस प्रकार कुम्हार घड़े को भीतर से हाथ का सहारा देकर और बाहर से चोट मारकर गढ़ता है, उसी प्रकार गुरु भी शिष्य को भीतर से प्रेम, करुणा और ज्ञान का सहारा देकर और बाहर से डांट-फटकार लगाकर उसकी बुराइयों को दूर करता है और उसे अनुशासित व परिष्कृत करता है। गुरु एक छिपे हुए और कभी भी खत्म न होने वाले ज्ञान का भंडार है - उनके आशीर्वाद मौन होते हुए भी जीवन में आमूल बदलाव लाने वाले होते हैं और शिष्य के मन में सच्चाई और अच्छाई से जुड़े मूल्यों से युक्त ज्ञान व बुद्धिमत्ता भरते हैं। रामायण काल में विश्वामित्र और भगवान राम के बीच तथा भक्तिकाल में गुरु रविदास और मीरा बाई, रामानंद और कबीर, गुरु नानक देव जी और उनके बाद हुए गुरुओं के बीच का संबंध- सभी भारतीय सभ्यता में आध्यात्मिक और बौद्धिक आदान-प्रदान की अमिट विरासत के उदाहरण हैं। इन पवित्र बंधनों ने समाज को एक नैतिक ढांचा प्रदान किया और इसके आंतरिक विकास को बढ़ावा दिया। आधुनिक युग में, देश के लोगों के मन में राष्ट्रवाद की अलख जगाने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज तथा समाज को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करने में समर्थ गुरु रामदास, स्वामी विरजानंद सरस्वती और स्वामी दयानंद सरस्वती का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। इसी गुरु परंपरा में स्वामी रामकृष्ण परमहंस भी हुए हैं जिनकी शिक्षा ने स्वामी विवेकानंद को एक आध्यात्मिक महापुरुष बनाया, जिन्होंने बाद में भारतीय दर्शन को पाश्चात्य देशों तक पहुँचाया। इसी प्रकार, महावतार बाबाजी, लाहिड़ी महाशय, श्री युक्तेश्वर और परमहंस योगानंद जैसे महापुरुषों द्वारा दिए गए ज्ञान की ज्योति दुनिया भर के साधकों का मार्गदर्शन करती रहेगी और उन्हें अपने मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उनके द्वारा दिए गए ज्ञान ने विश्व-बंधुत्व की भावना को बढ़ाया है और लोगों को ज्ञान की दिव्य दृष्टि प्रदान की है। विश्व के सभी देशों में देवत्व के प्रति निष्ठा, समर्पण और व्यक्तिगत संबंध को अभिव्यक्त करने की परंपरा देखी जाती है। पश्चिमी देशों में ईश्वर की प्रार्थना के दौरान 'ओ माई मास्टर' शब्द का प्रयोग किया जाता है जो ईश्वर के साथ गहरे आध्यात्मिक जुड़ाव का सूचक है। प्रथम गुरु के रूप में मां शिशु को इस नए विश्व से परिचित कराती है और जीवन में पहला कदम उठाना सिखाती है।

# अपनी पहचान जाहिर करने में कैसी शर्म!

**पिछले साल कांवड़ यात्रा के समय जब नेम प्लेट लगाने के आदेश जारी हुए थे, तो खूब हंगामा मचा था। उस समय सोशल मीडिया से लेकर अखबारों और समाचार चैनलों तक में इस बात की बड़ी चर्चा थी कि कैसे एक आदेश के चलते रातों रात मुजफ्फरनगर का संगम शुद्ध शाकाहारी होटल बन गया सलीम ढाबा। मां भवानी जूस कार्नर का नाम हो गया फहीम जूस केंद्र। टी प्वाइंट का नाम हो गया अहमद टी स्टाल।**


डॉ. आशीष वशिष्ठ

भगवान शंकर के प्रिय माह सावन की शुरूआत 11 जुलाई से है। सावन की शुरुआत के साथ ही कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हो जाएगा। कांवड़ यात्रा में शिवभक्त नंगे पांव हाथ में कांवड़ लेकर लंबी दूरी तय करके शिवलिंग या ज्योतिर्लिंग में जाते हैं और पवित्र नदियों के जल से उनका अभिषेक करते हैं। उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर कांवड़ यात्रा निकालने की परंपरा है। कांवड़ यात्रा का विराट रूप पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दिखता है। हरिद्वार से कांवड़ लेकर निकलने वाले कांवड़ यात्री इस मार्ग से निकलते हैं। इस मार्ग में भगवान शिव के कई बड़े प्राचीन एवं प्रसिद्ध मंदिर हैं। यहां पर श्रद्धालु भगवान का जलाभिषेक करते हैं। मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ से लेकर गाजियाबाद, हापुड़ तक के शिव मंदिरों में इस मार्ग से गंगाजल लेकर भक्त कांवड़ यात्रा निकालते हैं। लेकिन कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा मार्ग पर तनाव बढ़ गया है।

असल में, मुजफ्फरनगर जिले के बघरा गांव में योग साधना आश्रम के संचालक और सनातन धर्म के प्रचारक स्वामी यशवीर महाराज पिछले कुछ वर्षों से कांवड़ मार्ग पर दुकानों और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना है कि कांवड़ मार्ग पर कुछ लोग हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर ढाबे और दुकानें चलाकर शिव भक्तों को धोखा दे रहे हैं। पहचान छुपाकर धोखा देने वाले कई मामले सामने आने के बाद पिछले साल उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों ने आदेश जारी किए कि कांवड़-यात्रा के मार्ग के ढाबे, होटल, रेस्तरां, दुकानदार, खोमचेवाले स्पष्ट नाम पट्टिका लगाएंगे। सरकार का मंतव्य है कि कांवड़ियों की आस्था और श्रद्धा खंडित न हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश इस पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इस साल भी उप्र और उत्तराखंड की सरकारों ने पिछले साल की भांति आदेश जारी किए हैं।



ताजा प्रकरण यह है कि, स्वामी यशवीर महाराज और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता कांवड़ मार्ग स्थित दिल्ली-दून हाईवे स्थित पंडित वैष्णो ढाबा पर पहुंचे। वास्तव में, ढाबा मुस्लिम का था, लेकिन बोर्ड पर लिखा था-'पंडित का शुद्ध वैष्णो ढाबा।' यानी पहचान छिपाने का अपराध किया गया था। पंडित वैष्णो ढाबे को सनव्वर नाम का एक मुस्लिम व्यक्ति चलाता है। इस ढाबे में उसका बेटा आदिल और जुबैर समेत दो अन्य लोग भी काम करते हैं। कहा जा रहा है कि यशवीर महाराज और अन्य ने ढाबे के मालिक और कर्मचारियों की धार्मिक पहचान जांचने के लिए पैंट उतरवाई। विवाद यहीं से भडका। आग में घी डालते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद एसटी हसन ने पहचान वाले मामले को पहलगाम आतंकी हमले से जोड़ने का काम किया। हसन ने कहा कि, मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आम नागरिकों को अधिकार है कि वह किसी दुकानदार की पैंट उतरवाकर चेक कर सकते हैं? क्या पहलगाम में आतंकियों ने पैंट नहीं उतरवाई थी? ऐसा करने वाले और पहलगाम के आतंकवादियों में क्या अंतर रह गया? उस ढाबे पर यह घटना हुई अथवा नहीं, पुलिस इसकी जांच कर रही है। लेकिन प्रकरण को 'सांप्रदायिक मोड़' दे दिया गया। पहलगाम एक सुनियोजित आतंकी कृत्य था। इन दोनों घटनाओं की तुलना करना न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि यह समाज में धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने का प्रयास भी है। और जहां तक बात पहचान छुपाने या धोखा देने की है तो यह धंधा लंबे समय से चल रहा है। जुलाई, 2021 में गाजियाबाद में दो ऐसे मुसलमान दुकानदारों का पता चला था, जो हिंदू नाम से दुकान चला रहे थे। इनमें एक दुकान पुरानी सब्जी मंडी में है, जिसका नाम है न्यू अग्रवाल पनीर भंडार। इस दुकान का मालिक है मंजूर अली। दूसरी दुकान लालाजी पनीर भंडार के नाम से है। इसका मालिक ताहिर हुसैन है। इन दोनों का कहना था कि हिंदू नाम रखने से ग्राहक कम पूछताछ करते हैं और धंधा अच्छा चलता है। यानी ये धंधे के लिए हिंदुओं के साथ धोखा कर रहे थे। इनकी पोल तब खुली जब कुछ लोगों को पता चला कि इनका जीएसटी नंबर इनके असली नाम से है। स्थानीय दुकानदारों ने इनका विरोध किया तो इन लोगों ने अपनी दुकानों के नाम बदल लिए हैं।

पिछले साल कांवड़ यात्रा के समय जब नेम प्लेट लगाने के आदेश जारी हुए थे, तो खूब हंगामा मचा था। उस समय सोशल मीडिया से लेकर अखबारों और समाचार चैनलों तक में इस बात की बड़ी चर्चा थी कि कैसे एक आदेश के चलते रातों रात मुजफ्फरनगर का संगम शुद्ध शाकाहारी होटल बन गया सलीम ढाबा। मां भवानी जूस कार्नर का नाम हो गया फहीम जूस केंद्र। टी प्वाइंट का नाम हो गया अहमद टी स्टाल। ऐसे ही नीलम स्वीट्स का मालिक निकला मोहम्मद फजल अहमद। अनमोल कोल्ड ड्रिंक्स का मालिक है मोहम्मद कमर आलम। खतौली के चीतल ग्रैंड के बाहर एक बोर्ड लग गया है, जिस पर लिखा गया है- शारिक राणा डायरेक्टर। सहारनपुर में चल रहे जनता वैष्णो ढाबा का मालिक है मोहम्मद अनस सिद्दीकी। मुजफ्फरनगर के बझेड़ी गांव निवासी वसीम अहमद ने पिछले साल पहचान जाहिर होने के बाद अपना गणपति ढाबा बेच दिया।

एक रिपोर्ट के अनुसार देहरादून-नैनीताल राजमार्ग पर 20 से अधिक ढाबे ऐसे हैं, जो हिन्दू देवी-देवताओं के नाम पर हैं, लेकिन इन्हें चलाने वाले मुसलमान हैं। हरिद्वार नजीबाबाद रोड पर चिड़ियापुर और समीरपुर गंग नहर रोड पर भी ऐसे हिंदू नामधारी ढाबे हैं, जिनके मालिक मुसलमान हैं। मेरठ, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, मुंडा पांडे हाईवे पर भी दर्जनों ऐसे ढाबे चल रहे हैं, जिनके मालिक मुसलमान हैं। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, धोखा देने के लिए ये लोग होटल के अंदर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र भी रखते हैं, ताकि हिंदू यात्रियों को लगे कि वे किसी हिंदू होटल में ही खाना खा रहे हैं। लेकिन जब कोई ग्राहक ऑनलाइन पैसा देता है, तब पता चलता है मालिक मुसलमान है। इन ढाबों और होटलों में काम करने वाले लोगों के नाम राजू, विक्की, गुड्डू, सोनू जैसे होते हैं। ये लोग तिलक भी लगाते हैं और कलावा भी बांधते हैं। यह धोखा नहीं तो क्या है? मुजफ्फरनगर के पंडित वैष्णो ढाबे पर काम करने वाले तजमुल ने खुद को गोपाल बताया था। हरिद्वार में गुप्ता चाट भंडार में स्कैनर से पेमेंट गुलफाम नाम के अकाउंट में जाने का मामला बीते दिनों प्रकाश में आया है। अहम सवाल यह है कि पहचान छुपाकर व्यापार करने के पीछे कोई मज़बूरी है या षडयंत्र? मुस्लिम व्यक्ति को अपने नाम से दुकान या ढाबा खोलने में क्या दिक्कत है? अपने-अपने धर्म के हिसाब से नाम लिखकर लोग दुकान खोलेंगे या व्यापार करेंगे तो ग्राहक अपनी मर्ज़ी से दुकान पर जाएगा और जिसे जहां से जो खरीदना होगा, वो वहां से ख़रीदेगा। लेकिन पहचान छुपाकर व्यापार या कोई अन्य कार्य करना कानून और नैतिक तौर पर गलत और अपराध है।

# राजनाथ सिंह: रक्षा, राष्ट्रीयता और राजनीतिक कौशल के प्रतीक

**पाकिस्तान के संदर्भ में उनका रुख अत्यंत स्पष्ट रहा है- बातचीत तब ही संभव है जब आतंकवाद बंद हो और पाकिस्तान अपने गुनाह स्वीकार करे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पाकिस्तान से कोई संवाद होगा, तो वह केवल पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर होगा। यह उनके नेतृत्व की स्पष्टता, साहसिकता और रणनीतिक स्थिरता को दर्शाता है। राजनाथ सिंह ने भारत की सामरिक नीतियों को केवल आक्रामकता ही नहीं दी, बल्कि संतुलन भी प्रदान किया है।**


ललित गर्ग

भारत के राजनीतिक आकाश पर जिन व्यक्तित्वों ने अपनी सादगी, दृढ़ता, राष्ट्रभक्ति और कर्मठता से अमिट छाप छोड़ी है, उनमें राजनाथ सिंह का नाम शीर्ष पर आता है। राजनाथ सिंह आज देश के रक्षा मंत्री के रूप में भारत की सुरक्षा नीति, सामरिक रणनीति और आत्मनिर्भर रक्षा तंत्र के मजबूत स्तंभ बन चुके हैं। उनका राजनीतिक जीवन एक प्रेरणा की तरह है-जहां संघर्ष है, सिद्धांत हैं, और राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उनकी लोकप्रियता एवं राजनीतिक कद यूं ही शिखरों पर आरुढ़ नहीं हुआ है, भारत के नवनिर्माण की उनकी प्रभावशाली शैली इसका कारण है। एक तरफ उन्होंने भारत की आजादी के अमृतकाल में रक्षा क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भरता बल्कि निर्यातक की भूमिका निर्मित की है, वही दूसरी ओर स्वराज्य, नये भारत-विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाये हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में चीन के पोर्ट सिटी किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए संयुक्त घोषणापत्र में हस्ताक्षर करने से मना कर न केवल पाकिस्तान और चीन को नये भारत का कड़ा संदेश दिया, बल्कि दुनिया को भी जता दिया कि भारत आतंकवाद को पोषित एवं पल्लवित करने वाले देशों के खिलाफ अपनी लड़ाई निरन्तर जारी रखेगा। राजनाथ सिंह जैसे साहसी, निर्भीक एवं कद्दावरी नेताओं के कारनामों को दुनिया देख रही है, भारत अब पुराने वाले भारत नहीं रहा, जिसे दबाया जा सकता है। यह नया भारत है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई करवटें ले रहा है। इसका नवनिर्माण हो रहा है। आज पूरी दुनिया में भारत की विश्वसनीयता है, राजनाथ सिंह ने स्वदेशी रक्षा उत्पादों की दृष्टि से दुनिया में इस विश्वसनीयता को निर्मित किया है। भारत के रक्षा उत्पाद दुनियाभर में निर्यात हो रहे हैं, उनकी गुणवत्ता, प्रभावशीलता एवं पूर्णता में दुनिया का विश्वास बढ़ रहा है, जो एक क्रांतिकारी उपलब्धि है। 'मेक इन इंडिया' दुनिया में परचम फहरा रहा है, सफलता की नई कहानी लिख रहा है।

राजनाथ सिंह ने चीन और पाकिस्तान जैसे बाहरी खतरों के विरुद्ध रणनीतिक दृष्टिकोण ही नहीं अपनाया, बल्कि भारतीय रक्षा तंत्र को भी आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कार्य किए हैं। रक्षा उत्पादन नीति के अंतर्गत उन्होंने कई विदेशी उपकरणों की आयात पर रोक लगाई और 100 से अधिक रक्षा सामग्रियों को 'निषिद्ध सूची' में डालते हुए भारत में ही निर्माण को प्राथमिकता दी। 'मेक इन इंडिया' अभियान को बल देते हुए उन्होंने स्वदेशी फाइटर जेट तोप, और ड्रोन तकनीक को प्रोत्साहित किया। देश के

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



निजी उद्योगों को भी उन्होंने रक्षा क्षेत्र में निवेश के लिए प्रेरित किया और डीआरडीओ के साथ साझेदारी के नए मॉडल लागू किए। ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में उनकी दूरदृष्टि ने भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने का मार्ग दिया है। हाल ही में 2000 करोड़ के ड्रोन प्रोत्साहन पैकेज के अंतर्गत उन्होंने न केवल सैन्य उपयोग के लिए बल्कि कृषि, ट्रैफिक प्रबंधन और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों के लिए भी ड्रोन विकास को गति दी है। पाकिस्तान के संदर्भ में उनका रुख अत्यंत स्पष्ट रहा है- बातचीत तब ही संभव है जब आतंकवाद बंद हो और पाकिस्तान अपने गुनाह स्वीकार करे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पाकिस्तान से कोई संवाद होगा, तो वह केवल पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर होगा। यह उनके नेतृत्व की स्पष्टता, साहसिकता और रणनीतिक स्थिरता को दर्शाता है। राजनाथ सिंह ने भारत की सामरिक नीतियों को केवल आक्रामकता ही नहीं दी, बल्कि संतुलन भी प्रदान किया है। उनका कहना है, हम शांति के पक्षधर हैं, लेकिन यदि कोई हमें ललकारेगा, तो हम उसे जवाब देना जानते हैं। यह भावना ही आज के भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित कर रही है। उनकी दूरदर्शिता और राष्ट्रप्रेम ने उन्हें देश के सर्वोच्च नेताओं की श्रेणी में स्थापित किया है। राजनाथ सिंह का व्यक्तित्व विनम्रता, नीतिपरक दृढ़ता और संतुलित संवाद का उदाहरण है। वे विरोधी विचारों का सम्मान करते हैं लेकिन राष्ट्रहित से समझौता नहीं करते। इसी विचारधारा को उन्होंने रक्षा मंत्री बनने के बाद अपनी कार्यशैली में उतारा। बीते वर्षों में भारत जिन आतंकी चुनौतियों का सामना कर रहा है, उसमें राजनाथ सिंह का रुख न केवल स्पष्ट रहा है बल्कि निर्णायक भी। कोई आंख तरेर कर तो देखें! पर ललकार की मुद्रा में वे कठोर जबाव देते हैं।

हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद केंद्र सरकार ने जिस तत्परता और आक्रामकता से 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, वह भारत की बदली हुई सैन्य सोच का प्रतीक है। राजनाथ सिंह ने चीन एवं पाक के दोगलेपन पर यह स्पष्ट किया कि शांति केवल एक भ्रम है, हमें हर पल युद्ध जैसी तैयारी में रहना होगा। इस अभियान में भारतीय वायुसेना और नौसेना की संयुक्त कार्रवाई ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त कर यह संदेश दे दिया कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं, प्रति-प्रहार की नीति पर चलेगा। उन्होंने यह भी उजागर किया कि इस बार की कार्रवाई में स्वदेशी हथियारों और ड्रोनों की प्रमुख भूमिका रही, जो उनकी 'आत्मनिर्भर भारत' रक्षा नीति की बड़ी सफलता है। जो नवनिर्माण की रफ्तार एवं नई कड़ी है। रक्षा मंत्री ने गर्व से बताया कि भारतीय सेना अब आयात पर निर्भर नहीं, बल्कि स्वदेशी तकनीक से आतंकवाद को जवाब दे रही है। उनका मानना है कि सुरक्षा केवल सीमाओं की रक्षा नहीं है, बल्कि राष्ट्र के आत्मबल और तकनीकी सामर्थ्य को विकसित करना भी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज के तकनीकी युग में, कंप्यूटर सूचना प्रौद्योगिकी, उपग्रह संचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम कंप्यूटिंग में प्रगति वैश्विक अर्थव्यवस्था को बदल रही है। भारत ने इन नवाचारों को अपनाते हुए गतिशील आर्थिक परिदृश्य का निर्माण किया है। रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह आधुनिक युद्धकला में तेज गति से बदलाव कर रहे हैं एवं रक्षा में करिश्मा दिखा रहे हैं। उन्होंने युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने के लिए रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) जैसी योजनाएं शुरू की हैं, जिसके माध्यम से उनके साथ-साथ देश के सपने भी साकार हो सकते हैं।

# पौधों के रोपण के साथ-साथ उन पौधों की देखरेख भी की जाये : मंत्री

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदोई के प्रांगण में सामाजिक वानिकी वन एवं वन्य जीव प्रभाग, हरदोई द्वारा वृक्षारोपण महाअभियान-2025 एक पेड़ माँ के नाम-2.0 अभियान के अन्तर्गत आज मुख्य अतिथि रजनी तिवारी राज्य मंत्री उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश द्वारा पौध रोपण किया गया। मुख्य अतिथि रजनी तिवारी राज्य मंत्री उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो निखिलेश शरण, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, हरदोई, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती अशोक सिंह अध्यक्ष जिला कोआपरेटिव बैंक, हरदोई, सुश्री सान्या छावड़ा, मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई, नीरज कुमार जादौन, पुलिस अधीक्षक, हरदोई, जेबी सैंडे, सव वन एवं वन्य जीव प्रभाग, हरदोई द्वारा मांगलिक पूजन अर्चन के



साथ पौध रोपण का आरम्भ किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य, नमामि गंगें अभियान के स्वयंसेवक, कृषक बन्धु, महाविद्यालय की छात्र-छात्रायें, एनसीसी के कैडेट्स, महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने पौध रोपण किया। मंत्री महोदया ने संकल्प से सिद्धि तक कार्य करने के लिए छात्र-छात्राओं का आह्वाहन किया, उन्होंने बताया कि पौधों के रोपण के साथ-साथ जरूरत इस बात की है कि उन पौधों की देखरेख की जाये। उनके साथ माँ की तरह की ममता रखी जाये तभी यह अभियान सही अर्थो में सफल होगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के 26 विभाग आज 37 करोड पौध रोपण के लक्ष्य पर लगातार लगे हुये हैं। उन्होंने मंच से सभी विभागों को लक्ष्य की सम्पूर्ण प्राप्ति हेतु निर्देशित किया। प्रभागीय निदेशक, सव वन एवं वन्य जीव प्रभाग, हरदोई, जेबी सैंडे ने सभी गणमान्य अतिथियों का अभिवादन किया एवं अभियान की विशिष्टताओं से सभी को परिचित कराया। मुख्य विकास

■ राज्य मंत्री उच्च शिक्षा ने मांगलिक पूजन अर्चन के साथ किया पौध रोपण का आरम्भ

अधिकारी, हरदोई, सान्या छावड़ा ने बताया कि पौधे के रोपण के बाद उसको पलता-बढ़ता देख हमारे मन में वैसा ही संतोष होता है जैसा कि एक माँ को अपने शिशु के पालन पोषण में होता है। जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष हमें जीवन पर्यन्त अमूल्य निधियों देता रहता है पर वापस में हमसे कुछ नहीं माँगता है, हमें भी वनों के प्रति ऐसी ही भावना रखने की जरूरत है। भारतीय जनता पार्टी, हरदोई ईकाई के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने एक पेड माँ के नाम-2.0 अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। उपप्रभागीय वनाधिकारी, हरदोई प्रमोद कुमार द्वारा आगत अतिथियों का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

## जनसहभागिता के माध्यम से हरित भारत निर्माण में योगदान देना है : प्रीतेश मिश्रा

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय समन्वयक प्रीतेश मिश्रा एवं हरित परियोजना के समन्वयक अभय कुमार यादव के मार्गदर्शन में वन महोत्सव के अंतर्गत एक व्यापक पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत संस्था की टीम ने वन विभाग व कृषि विभाग के अश्वनी सिंह से समन्वय स्थापित कर पर्यावरण एवं कृषक हित में उपयुक्त स्थलों का चयन करते हुए पौधारोपण कार्य प्रारंभ किया। इस कार्य में संस्था के वालंटियर्स अवनीश यादव अमित कुमार, शिवाकांत मिश्रा एवं अन्य सक्रिय सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। अभियान के पहले दो दिनों में लगभग 5000 से अधिक पौधों का वितरण कर, विभिन्न स्थलों पर उनका रोपण सुनिश्चित किया गया। संस्था का मुख्य उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि समाज में पर्यावरणीय चेतना का संचार कर, जनसहभागिता के माध्यम से हरित भारत के निर्माण में योगदान देना है।

# बुंदेलखंड और दक्षिण यूपी के कई इलाकों के लिए भारी बारिश का अलर्ट

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड, विंध्य क्षेत्र और मध्य प्रदेश से सटे जिलों में बृहस्पतिवार को भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने 14 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही 40 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।

बुधवार को प्रदेश के तराई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बुधवार और बृहस्पतिवार के दौरान बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर और बिजनौर के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बुधवार को पश्चिम तराई, विंध्य क्षेत्र और बुंदेलखंड में अच्छी बारिश के आसार हैं।



■ 14 जिलों के लिए जारी हुई चेतावनी, आकाशीय बिजली गिरने की संभावना

### यहां है भारी वर्षा की चेतावनी

बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में।

### वज्रपात होने की संभावना

बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही , कानपुर देहात, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में।

# मंडलायुक्त ने कामीपुर व उदरा पचलाई में किया पौधरोपण



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत आज मंडलायुक्त लखनऊ मंडल रोशन जैकब ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सबसे पहले उन्होंने कछौना विकासखंड के कामीपुर ग्राम में स्थित नगर वन पहुंची जहां उन्होंने नीम, पीपल व बरगद के पेड़ का रोपण किया। जिलाधिकारी अनुमय झा ने मॉलश्री के पौधे का रोपण किया। अपर जिला अधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी ने भी पौध रोपण किया। कामीपुर वन रेंज में पौधरोपण के उपरांत मंडलायुक्त ने आसपास के क्षेत्र से आई हुई महिलाओं को पौधे वितरण किये। उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए जिससे हम अपने पर्यावरण को बेहतर बना सके। हमें अपनी आगे आने वाली पीढ़ी को अच्छा भविष्य देना चाहिए। उन्होंने जिलाधिकारी के साथ कामीपुर वन रेंज को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर वन में प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाये। वाकिंग ट्रैक बनवाया जाये। मैदान में घास लगवाई जाये।

## विद्युत निजीकरण के विरोध में बैठक, निजीकरण के फैसले का विरोध जताया

**मुबारकपुर, आजमगढ़।** विद्युत उपकेंद्र मुबारकपुर परिसर में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघ के आवाहन पर सरकार द्वारा निजीकरण के जाने के फैसले का विरोध जताया और खूब जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। कर्मचारियों ने कहा कि निजीकरण के मसौदे के विद्युत नियामक आयोग में जनसुनवाई में सम्मिलित होकर निजीकरण रद्द करने की मांग करेगी संघर्ष समिति आज़मगढ़ ने निर्णय लिया है। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार 218 वें दिन मुबारकपुर विद्युत उपकेंद्र में प्रदर्शन के दौरान निजीकरण का विरोध कर स्वेच्छा से जेल भरो आंदोलन में सम्मिलित होने वाले कर्मचारियों की सूची बनाई गयी। कम से कम सात दिन तक जेल भरो अभियान की योजना बनाकर सूची तैयार की जा रही है।

# एक पेड़ मां के नाम से बदलेगी पर्यावरण की दिशा : अफजल

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर के राजघाट पर जिला योजना समिति के सदस्य व सभासद मोहम्मद अफजल द्वारा बुधवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों द्वारा माँ की स्मृति में आंवला, आम, पीपल, नीम, जामुन, आदि पौधारोपण किया गया। साथ ही पौधों को सुरक्षित रखने के लिए टी गार्ड भी लगाया गया व पौधे के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान मोहम्मद अफजल ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' के जरिये हम अपनी जननी और अपनी धरती मां को संरक्षित करने का काम कर रहे है। धरा के लिए पेड़ आवश्यक है, अपने द्वारा रोपे गये पेड़ को हम जब अपने ही जननी के सम्मान में रोपेंगे तो निश्चित ही हम उसके बड़े होने तक उसे संरक्षित



■ सभासद ने अपनी मां की स्मृति में किया पौधारोपण

करने का भी काम करेंगे और सुनहरी स्मृतियों का संयोजन करेंगे। निश्चित ही यह अभियान प्राकृतिक संरचना के सुधार में मील का पत्थर साबित होगा। इस योजना को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सभासदों, प्रधानो सहित सभी को दिशा-निर्देश दिया गया है, जिसके क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पौधारोपण जिला योजना समिति के सदस्य व सभासद मोहम्मद अफजल द्वारा अपनी माँ स्व. वाजिदा बेगम व समाजसेवी अमित वर्मा की माँ स्व.पूनम देवी की स्मृति को समर्पित रहा। उन्होंने इस अभियान के प्रति सभी को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने का भी वादा किया। कोडरअजमतपुर के प्रधान सुनील मौर्य ने भी सभी को पौधारोपण कर उसे संरक्षित करने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडलायुक्त ने किया खाद बिक्री केंद्रों का निरीक्षण



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** अपने जनपद आगमन के दौरान आज मंडलायुक्त रोशन जैकब ने विभिन्न स्थानों मे सरकारी खाद बिक्री केंद्रों का निरीक्षण किया। सबसे पहले वह बम्हना खेड़ा स्थित बहुउद्देशीय प्रा0 ग्रामीण सहकारी समिति (बी पैक्स) लिमिटेड के उर्वरक वितरण केंद्र पहुँची। यहाँ पर उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से उर्वरक की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। उन्होंने वितरण रजिस्टर व अन्य दस्तावेज देखे। संबंधित अधिकारियों को उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि आधार कार्ड व खतौनी के बिना उर्वरक वितरित न की जाए।

### राज्य महिला आयोग सदस्य ने की जनसुनवाई



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** सदस्य राज्य महिला आयोग एकता सिंह के द्वारा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 10 मामलों में पुलिस विभाग एवं संबंधित उप जिलाधिकारी को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। उनके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया वहां साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात जिला महिला चिकित्सालय में टीकाकरण कक्ष, प्रसव कक्ष ओपीडी आदि का निरीक्षण किया गया। वहां उनके द्वारा साफ सफाई के निर्देश दिए गए। विकासखंड बावन के सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्वयं सहायता ग्रुप, आशा आदि महिलाओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

### भागवत कथा के बीच खेत की मेड़ को लेकर खूनी विवाद



**बिलग्राम, हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बेहटी खुर्द गांव में भागवत कथा के दौरान खेत की मेड़ को लेकर पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। गांव के आकाश (22) पर सुभाष और उसके साथियों ने हमला कर दिया, जिसमें आकाश के सिर में गंभीर चोट आई। पीड़ित ने बताया कि सुभाष के साथ उसका पुराना विवाद था, जिसे लेकर कथा के दौरान मारपीट हुई। घटना के बाद आकाश ने बिलग्राम कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है और तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एसपी ने की जनसुनवाई, थाना प्रभारियों को निर्देश

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्तारण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका निस्तारण करें। बताते चलें कि जनसमस्याओं को सुनने के दौरान थाना स्तरीय विवाद बड़े पैमाने पर सामने आए लिहाजा एसपी ने सख्त तेवर अपनाए हैं। जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को लेकर पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कि। पुलिस अधीक्षक, जनपद हरदोई, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, पूर्वी, क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी जनशिकायत प्रकोष्ठ द्वारा कुल 90 शिकायतों को सुना गया।

# आधार हाउसिंग फाइनेंस से अपने घर का सपना होगा साकार

अवधनामा संवाददाता

**बिलासपुर।** कम आय वर्ग के लोगों को आवास ऋण देने वाली देश की अग्रणी कंपनी आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 (PMAY- 2.0) के तहत जन-जागरूकता अभियान के तीसरे चरण की घोषणा की है। इस चरण का विशेष उद्देश्य छत्तीसगढ के वंचित समुदायों को घर खरीदने के लिए सक्षम बनाना है।

कंपनी 10 से 13 जुलाई तक बिलासपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना उत्सव और स्पॉट सैंक्शन कैंप का आयोजन करेगी। इन शिविरों के माध्यम से पहली बार घर खरीदने वालों के लिए पीएमएवाई की प्रक्रिया को और भी अधिक आसान, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया जाएगा। यह पहल पहले चरण की सफलता को आगे बढ़ाते हुए शुरू की जा रही है, ताकि

■ आधार हाउसिंग फाइनेंस ने बिलासपुर में घर खरीदना आसान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तेज़ की कोशिशें

Aadhar Housing Finance Ltd
GHAR BANEGA, TOH DESH BANEGA.

हर ज़रूरतमंद परिवार अपने घर के सपने को साकार कर सके। सरकार के 'हाउसिंग फॉर ऑल' मिशन के तहत 10-13 जुलाई तक स्पॉट सैंक्शन कैंप का आयोजन,यह शिविर लोगों को यह समझने में मदद करेंगे कि वे होम लोन के लिए पात्र हैं या नहीं, इसके लिए कौन-कौन से दस्तावेज़ ज़रूरी हैं और उन्हें कितनी सहायता-जैसे कि 1.80 लाख रूपए तक की सब्सिडी–मिल सकती है। इसके अलावा, लोन की प्रक्रिया को तेज़ बनाकर उन्हें घर खरीदने के सपने के एक कदम और करीब लाया जाएगा। दस्तावेज़ों के सत्यापन के बाद पात्र लोगों को मौके पर ही होम लोन की मंजूरी का पत्र दिया जाएगा।

आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एमडी और सीईओ ऋषि आनंद ने कहा, आधार हाउसिंग फाइनेंस में हमारा उद्देश्य हमेशा से भारत के वंचित परिवारों के घर खरीदने के सपने को साकार करना रहा है। सरकार द्वारा किफायती आवास को बढ़ावा देने और प्रधानमंत्री आवास योजना ब्याज सब्सिडी योजना के दोबारा शुरू होने के साथ, हमारे पास पहली बार घर खरीदने वाले और भी अधिक ग्राहकों तक पहुंचने का बड़ा अवसर है। स्पॉट सैंक्शन कैंप्स के ज़रिए–खासकर उभरते बाजारों में–हम सरल पहुंच, जागरूकता बढ़ाने और सपनों का घर पाने की राह को तेज़ और आसान बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## जल जीवन मिशन की जांच को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**आजमगढ़।** आजाद अधिकार सेना व राष्ट्रीय समाजवादी जनक्रांति पार्टी के संयुक्त तत्वाधान जिलाध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे पार्टी कार्यकर्ताओं ने जल जीवन मिशन की सीबीआई और ईडी से जांच की मांग को लेकर जिला प्रशासन को राष्ट्पति के नामित ज्ञापन सौंपा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा भारत के दूर दराज के ग्रामीणांचलों के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से 15 अगस्त 2019 से जल जीवन मिशन योजना चलाई गई, जिसको 2024 तक पूरा करना लक्ष्य था। इसके विपरीत यह मिशन कई स्थानों पर अभी भी निष्प्रभावी और अपेक्षित है। जो कही न कही एक बड़े भ्रष्टाचार की तरफ इशारा करता है। ऐसे में आजाद अधिकार सेना मांग करती है कि उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों में जल जीवन मिशन से जुड़े भ्रष्टाचारों की सीबीआई और ईडी के द्वारा जांच कराई जाए।

# सावन में घर बैठे प्राप्त करें सोमनाथ और काशी विश्वनाथ का प्रसाद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भगवन शिव को समर्पित सावन माह शीघ्र ही आरंभ होने जा रहा है। हर श्रद्धालु की इच्छा होती है कि वह भगवान शिव के ज्योतिर्लिङ्ग स्वरूप का दर्शन और आशीर्वाद स्वरुप प्रसाद पा सके। अब ऐसे श्रद्धालुओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से लोग देश के किसी भी कोने में घर बैठे प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ (गुजरात) और श्री काशी विश्वनाथ (वाराणसी) का प्रसाद मँगा सकते हैं। सावन माह में डाक विभाग ने इसके लिए विशेष प्रबंध किये हैं। उक्त जानकारी उत्तर गुजरात सह सौराष्ट्र व कच्छ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने दी।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि श्री सोमनाथ ट्रस्ट और डाक विभाग के मध्य हुए एक एग्रीमेंट के तहत कोई भी श्रद्धालु मैनेजर, श्री सोमनाथ ट्रस्ट, प्रभास पाटन, जिला- जूनागढ़,

■ सोमनाथ के लिए 270 और काशी विश्वनाथ के लिए 251 रूपये का ई-मनीआर्डर होगा भेजना

गुजरात-362268 को 270 रूपये का ई-मनीऑर्डर भेजकर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद मँगा सकता है। इस ई-मनीऑर्डर पर प्रसाद के लिए बुकिंग अंकित करना होगा। तदोपरांत श्री सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा संबंधित श्रद्धालु को 400 ग्राम का प्रसाद का पैकेट स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जायेगा। इस प्रसाद में 200 ग्राम बेसन लड्डू, 100 ग्राम तिल की चिक्की और 100 ग्राम मावा की चिक्की शामिल है। पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि आदि ज्योतिर्लिंग सोमनाथ के साथ-साथ वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट और डाक विभाग के बीच हुये एक एग्रीमेण्ट के तहत देश के किसी भी कोने में रह रहे श्रद्धालु अपने नजदीकी डाकघर से मात्र 251 रूपये का ई-मनीआर्डर प्रवर अधीक्षक डाकघर, वाराणसी (पूर्वी) मंडल के नाम भेजकर प्रसाद मँगा सकते हैं।

# बाबू धनुषधारी सिंह का व्यक्तित्व व चरित्र एक आदर्श जीवन का समूचा ग्रन्थ था : ध्रुव कुमार

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आजमगढ़ से निकलकर समूचे पूर्वांचल में अपने अस्तित्व का बोध कराने वाले रणतूर्य अखबार के संस्थापक संपादक स्वर्गीय धनुषधारी सिंह की 13वीं पुण्यतिथि रणतूर्य अखबार परिसर में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा से पूर्व सभी क्षेत्रों के आगत गणमान्यजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व चरित्र पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि उनका व्यक्तित्व व चरित्र एक आदर्श जीवन का समूचा ग्रन्थ था, जिसे जीवन में उतारकर समाज के लिए बहुत कुछ किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता शत्रुध्न सिंह ने कहा कि बाबू धनुषधारी सिंह हमेशा सत्ता के खिलाफ अपने अखबार के माध्यम से

■ बाबू धनुषधारी सिंह की 13वीं पुण्यतिथि मनायी गयी, दी गयी श्रद्धांजलि

एक मजबूत विपक्ष की तरह सामने खड़े रहते थे। उनका मानना था कि सरकार किसी भी दल का हो, उसके फैसले अकसर ही आम आदमी के खिलाफ हो ही जाया करते हैं। ऐसे में अखबार का दायित्व है कि वह आम आदमी के खिलाफ सरकार के लिए गये फैसले की खिलाफत में खड़ा रहे। अपने इसी दायित्व निर्वहन के कारण प्रायः उनको लोग सत्ताविरोधी के रूप में ही पहचानते थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि बाबू धनुषधारी सिंह की पत्रकारिता के केन्द्र में हमेशा गांव, गरीब, किसान व मजदूर रहा। उनका मानना था कि गांव का विकास हुए बगैर इस देश का विकास हो ही नहीं सकता है। महाविद्यालय शिक्षक संघ के नेता डा0 प्रवेश सिंह ने कहा कि बाबू धनुषधारी सिंह इस जिले की हिन्दी पत्रकारिता के द्रोणाचार्य थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में पत्रकारिता की जो नर्सरी तैयार की थी, आज वह पुष्पित-पल्लवित होते हुए दिख रही है। उनसे पत्रकारिता सीखे हुए लोग आज देश के कोने-कोने में उनकी सिखायी हुई आदर्श पत्रकारिता को जी रहे हैं। महाराणा प्रताप सेना के सेनानायक विजेन्द्र सिंह ने कहा कि नाम के अनुरूप उनका व्यक्तित्व उनके अंदर साफ झलकता था। बाबू धनुषधारी सिंह जी ने अपने आदर्शों व सिद्धांतों के साथ कभी कोई समझौता नहीं किया। सदस्य विधान परिषद प्रतिनिधि सौरभ उपाध्याय ने कहा कि गांव छोड़कर शहर आने के बाद भी बाबू धनुषधारी सिंह जी का जुड़ाव अपने गांव के साथ हमेशा बना ही रहा। उन्होंने कहा कि बाबू धनुषधारी सिंह जी की लेखनी में हमेशा ही गांव का दर्द उभरकर सामने आता ही रहता था।

## नकली रसायनों की बिक्री कदापि नहीं की जायेगी : हिमांचल

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिला कृषि रक्षा/अनुज्ञापन अधिकारी हिमांचल सोनकर ने जनपद के समस्त थोक/फुटकर कीटनाशी विक्रेता को सूचित किया है कि वर्तमान समय में खरीफ सीजन के फसलों की बुआई का समय आने के दृष्टिगत बीजशोधक एवं भूमि शोधक रसायनों के साथ-साथ आगामी आने वाले सीजन हेतु कृषक बन्धुओं द्वारा विभिन्न प्रकार के कृषि रक्षा रसायनों यथा कीटनाशक, फफूँदनाशक, खरपतवारनाशक एवं जैव रसायनों का उपयोग फसलों में किये जाने हेतु क्रय किया जायेगा। उन्होने जनपद में नकली, अमानक, अपंजीकृत रसायनों की रोकथाम और सम्भावित प्रयास किये जाने की सम्भावना को दृष्टिगत समस्त थोक/फुटकर कीटनाशी विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि आपके प्रतिष्ठान पर उपलब्ध समस्त कम्पनी के कृषि रक्षा रसायनों के अभिलेख पूर्ण रखने के साथ विभिन्न विन्दुओं का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होने कहा कि प्रतिष्ठान हेतु जारी कीटनाशी लाइसेन्स को प्रतिष्ठान पर डिस्प्ले किया जाना। अवैध रुप से (बिना अनुमति/लाइसेंस) प्राप्त किये कृषि रक्षा रसायनों का उत्पादन, भण्डारण, वितरण एवं विक्रय नहीं किया जायेगा। प्रतिष्ठानों/कीटनाशी विक्रेता द्वारा किसी प्रकार के नकली, अमानक प्रकार रसायनों की बिक्री कदापि नहीं की जायेगी। ÷ग्रो सेफ फूड-नकली, मिलावटी, अनाधिकृत कीटनाशकों से सावधान÷ विषयक पोस्टर का लाइसेंस धारक के प्रतिष्ठान पर प्रदर्शित किया जायेगा। प्रतिष्ठान पर उपलब्ध समस्त कृषि रक्षा रसायनों का स्टाक/रेट बोर्ड प्रदर्शित कर अद्यतन किया जायेगा। प्रतिष्ठान पर उपलब्ध कृषि रक्षा रसायनों/अन्य रसायनों का स्टाक/वितरण पंजिका का रख-रखाव नियमित रुप से किया जायेगा।

# 'माँ सिर्फ जीवन ही नहीं देती बल्कि जीना भी सिखाती है'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के सम्मान में आज एक अनोखा और प्रेरणादायक अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' आरंभ किया गया। इस पहल के तहत लोगों को अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक बक्शी का तालाब योगेश शुक्ल के करकमलों द्वारा किया गया। उन्होंने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा, एक पेड़ न केवल प्रकृति की सेवा है, बल्कि यह हमारी मां के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक भी बनता है।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को एक व्यक्ति गत और भावनात्मक पहलू से जोड़ना है ताकि समाज में अधिक से अधिक लोग वृक्षारोपण के लिए प्रेरित हों। मां सिर्फ जीवन देती हैं, बल्कि जीवन जीना



■ भाषा विवि में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का भावनात्मक शुभारंभ

भी सिखाती हैं। इसी भावना के साथ कुलपति प्रो अजय तनेजा द्वारा भी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण की रक्षा करना है, बल्कि मां के प्रति अपनी भावनाओं और सम्मान को प्रकृति से जोड़कर अभिव्यक्त करना भी है।

इस अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ महेश कुमार ने कहा कि मां और वृक्ष दोनों जीवनदायिनी हैं। यह पहल दोनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सुंदर माध्यम है। इस अवसर पर सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएंगे और उसकी देखभाल करेंगे। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने पेड़-पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस तरह की पहल न केवल हरियाली बढ़ाएगी, बल्कि लोगों को भावनात्मक रूप से भी पर्यावरण से जोड़ेगी।

# वन महोत्सव के अन्तर्गत किये गये हजारों वृक्षारोपण, लिया संरक्षण का संकल्प

■ पालिका व नगर पंचायतों में चलाया गया बृहद पौधरोपण अभियान

अवधनामा संवाददाता




**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत समधन एवं नगर पंचायत तालग्राम में अधिसाषी अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बृहद रुप से वृक्षारोपण महाभियान चलाया गया। जिसमें कई प्रजातियों के पौधे रोपित कर संरक्षण का संकल्प लिया गया।

बुधवार को पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण का महाभियान चलाया गया, वर्ष 2025 में पूरे प्रदेश में 37 करोड़ वृक्षों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया जिसमें नगर पालिका परिषद को 7416 पौधों के रोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ। पालिका द्वारा उपरोक्त पौधों को लगाये जाने हेतु आर्मी ग्राउण्ड, उत्तरी एवं दक्षिणी ओर, कब्रिस्तान रामगंज, पालिका बाग, आदि स्थानों पर कुल 5425 पौधों का रोपण किया जा चुका है। ईओ अनिल कुमार ने बताया कि लक्ष्य की प्राप्ति तक अभियान चलता रहेगा। इस दौरान सभासद संतोष गुप्ता, परमजीत, सभासद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र गुप्ता, वीर सिंह, अशोक कुमार, राजन बाबू, जनार्दन मिश्रा, पूजा तिवारी, मनोज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा, मो0 कैसर, आकाश सक्सेना, शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं नगर पंचायत समधन द्वारा विभिन्न स्थानों पर शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य 1570 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। जिसमें कान्हा गौशाला, कार्यालय परिसर, इस्माइलपुर, इस्माइलपुर पानी टंकी, गोरी नवादा पानी टंकी, आजाद नगर पानी टंकी, रिहुआ पानी टंकी, अशफाक उल्ला नगर पानी टंकी, सीएससी समधन, वेट वेस्ट प्लांट, मुंडन घर, संतोषा, बारात घर आदि स्थानों पर 1570 पौधरोपित किए गए जिसमें कार्यालय कर्मचारी मौजूद रहे। उधर नगर पंचायत तालग्राम में सार्वजनिक स्थानों एवं सरकारी भूमि पर सभासदों व कर्मियों के साथ चेयरमैन मोहसिन खान ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करनें के उपरान्त कहा कि आइए हम सभी मिलकर पर्यावरण की रक्षा करें और इस हरियाली को बनाए रखें। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता, नितेश सिंह, गोकरन, सर्वेश, नरेंद्र सिंह, नूरुद्दीन, रवी शर्मा, हिमांशू त्रिपाठी, रोहित, सफाई नायक संतराम, अमन, वीरेंद्र कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण में अवैध खनन पर चला प्रशासन का डण्डा

■ एसडीएम के निर्देश पर खनन अधिकारी ने तीन डम्पर किये सीज, चार का चालान

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** थाना बेहटा मुजावर अन्तर्गत गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य के लिए ग्राम समाज की कई बीघे भूमि से अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने के मामले मे शेरपुर गांव के प्रधान ने क्षेत्रीय लेखपाल से खनन करने वालो की मिलीभगत कर खनन करने का आरोप लगा ग्राम प्रधान ने 6 जुलाई को उपजिलाधिकारी सफीपुर शिवेंद्र कुमार से शिकायत दर्ज कराई। प्रधान की शिकायत पर उप जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे और खनन में लगे जेसीबी और डंपर को रुकवाया मौके पर मौजूद जेसीबी चालकों से पूछताछ कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। जांच में क्षेत्रीय लेखपाल ने यह स्वीकार किया कि जिस भूमि से मिट्टी खोदी जा रही थी, वह ग्राम समाज की भूमि है। इसके बाद लेखपाल द्वारा उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ठेकेदार को बुलाया गया और प्रधान से आपसी समझौते के प्रयास किए गए। ग्राम प्रधान ने किसी भी तरह का समझौता करने से इनकार कर द कार्रवाई की मांग की है। शेरपुर गाव के प्रधान का कहना है कि ठेकेदार इतने बड़े स्तर पर खनन कैसे कर सकता है जब तक उसे क्षेत्रीय अधिकारियों का संरक्षण न मिला हो। प्रधान ने लेखपाल और ठेकेदार दोनों को चेतावनी देते हुए कहा कि ग्राम समाज की भूमि पर किसी भी तरह का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध खनन करने वालो पर खनन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक बड़ा अभियान चलाया। खनन निरीक्षक प्रांजुल सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में कुल 7 डंपरों को पकड़ा गया, जो या तो बिना परमिट खनिज ढो रहे थे या फिर निर्धारित सीमा से अधिक खनिज ले जा रहे थे। खनन खनन निरीक्षक की कार्रवाई मे 3 डंपरों को मौके पर ही सीज़ कर लिया गया। 4 डंपरों का ऑनलाइन चालान किया गया।

# एक पेड़ माँ के नाम: के तहत छात्राओं को किया प्रोत्साहित

■ विद्यालय, कोतवाली, जिला कारागार में रोपित किये गये पौधे

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** वृक्षारोपण महा अभियान-25 के तहत चलाई जा रही एक पेड़ माँ के नाम मुहिम के तहत कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे, जिला कारागार में जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुन्द सहित वनाधिकारियों नें बीजेपी इण्टर कॉलेज में विद्यार्थियों व कर्मियों के सहयोग से बृहद पौधरोपण किया। इस दौरान उनके द्वारा वृक्षारोपण के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया गया।

बुधवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करनें के उपरान्त प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे ने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण एवं जल संचयन बेहद जरूरी है। जिससे हमारे नौनिहाल स्वच्छ हवा में सांस ले सकें। वहीं जिला कारागार में जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुन्द के नेतृत्व में जिला कारागार पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पर्यावरण के संरक्षण के उद्देश्य से कारागार परिसर में चन्दन के पौधों को रोपित किया गया। इस दौरान रामबहाल दुबे उपकारापाल, अजय कुमार उपकारापाल, बद्री प्रसाद उपकारापाल, उर्मिला सिंह, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार व जेल वार्डर राहुल चौधरी आदि उपस्थित रहें। उधर जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में पहुँचे वनाधिकारियों की टीम ने प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव के साथ मिलकर विद्यालय प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 मुहिम के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से भी वृक्षारोपण कराया और उन्हें अपनी माँ के नाम से अपने निवास क्षेत्रों में पौधरोपण करने का आहवान किया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने कहा कि पूर्वजों की स्मृति में हम सभी को पौधरोपण करना चाहिए।

## भतीजी को बचाने में गंगा में समायी किशोरी

**उन्नाव।** थाना फतेहपुर चौरासी अन्तर्गत मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। गंगा में नहाने गई सात वर्षीय सिमरन अचानक गहरे पानी में डूबने लगी। उसे बचाने के लिए उसकी बुआ ने नदी में छलांग लगा दी और किसी तरह भतीजी को किनारे ले आई लेकिन इसी दौरान शबनम 17 का अचानक पैर फिसल गया और वह खुद गहरे पानी की तेज धारा में बह गई। देखते ही देखते वह लापता हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू कराई, लेकिन देर शाम तक शबनम का कोई सुराग नहीं लग पाया। मंगलवार सुबह थाना फतेहपुर चौरासी के ग्राम धन्नापुरवा निवासी अशोक की बेटी सिमरन सुबह नहाने के लिए गंगा किनारे गई थी। गहराई का अंदाजा न लगने के कारण वह डूबने लगी। उसकी चीख-पुकार सुनकर पास में मौजूद बुआ सबनम तुरंत नदी में कूद गई और भतीजी को किसी तरह बचा लिया लेकिन खुद डूब गई। पुलिस के अनुसार गोताखोरों को लगाया गया है और हर संभव प्रयास किया जा रहा है। गंगा की तेज धारा के कारण तलाश में दिक्कत हो रही है, लेकिन प्रयास जारी हैं।

# जिला स्तरीय वृक्षारोपण महाअभियान में जिले में लगाए गए 73.06 लाख पौधे

अवधनामा संवाददाता

■ जिले में चारों तरफ पौधरोपण करते दिखाई दिए अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण



**महोबा।** वृक्षारोपण महाअभियान के तहत जिला स्तरीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान जिले में 7306018 पौधों का रोपण किया जा रहा है। बुधवार को जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन शिशु शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज, राठ रोड महोबा में किया गया। जिले के लिए नामित दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री कुमकुम धर, अध्यक्ष, बिरजू महाराज कथक संस्थान, लखनऊ द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके अलावा सांई इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, राजकीय बालिक इंटर कॉलेज, राजकीय मुकुंद लाल इंटर कॉलेज के अलावा स्वामी विवेकांद महा विद्यालय सहित तमाम कॉलेजों में पौधरोपण किया गया।

प्रभागीय वनाधिकारी महोबा डॉ0 नरेंद्र सिंह ने बताया कि वृक्षारोपण महाअभियान के अन्तर्गत जिले में वन विभाग द्वारा रोपित की जा रही 3900200 पौध एवं अन्य विभागों द्वारा 3405818 कुल 7306018 पौधों का रोपण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से यह पौध एक पेड़ मां के नाम थीम पर लगाये जा रहे है। वर्षाकाल.2025 में वन विभाग द्वारा अपने कुल 147 स्थलों, पैचों में गड्ढ़ा खुदान एवं बोना नालियों पर बीज बुआन के द्वारा रोपण किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा सुरक्षा के लिए वन ब्लाक के किनारे सुरक्षा खाई का खुदान किया गया है तथा उस जंगली कॉटेदार प्रजाति के बीज बोये गये है। वन विभाग के साथ ही ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देशन में जिले की बड़ी ग्राम पंचायतों के 22 स्थलों पर 2000 से 5000 तक पौधे एक साथ लगाये जा रहे है व उन पौधों की सुरक्षा के लिए तारवाड़ी एवं जाली लगाई गयी है।

दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री के आवाहन एक पेड़ मां के नाम से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री द्वारा एक योजना बनाई गई कि वर्ष 2030 तक प्रदेश के हरित आवरण को 15 प्रतिशत तक बढ़ाया जाय। आज का यह वृहद अभियान इसी स्वप्न को पूरा करने का एक कदम है। प्रदेश सरकार के प्रतिवर्ष कराये जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रमों से लोग जागरूक हो रहे है। इस बारे में वन विभाग के साथ ही जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के लोग खुद बता रहे है। ग्लोबल बार्मिंग से बचने के लिए वृक्षारोपण बहुत ही आवश्यक है। वृक्ष हमें आक्सीजन, ईधन, औषधि, फल, चारा इत्यादि बहुत सी चीजें देते है और बदले में कुछ भी नहीं लेते है। इसलिए हमारा कर्तव्य बनता है कि प्रत्येक व्यक्ति पौधारोपण अवश्य करें। कार्यक्रम के दौरान शिशु शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज, महोबा के प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों सहित यह शपथ ली गयी कि उनके द्वारा स्वंय एवं प्रत्येक बच्चों के घरों में 5.5 पौधे लगाये जायेंगे एवं उनकी सुरक्षा की जायेगी। शाहिद मंजर अब्बास रिजवी ;आईएएस) सचिव वित्त, नोडल अधिकारी ने वृक्षारोपण महाअभियान के बावत बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा विगत वर्ष भी वृहद प्रचार.प्रसार के साथ ही वृक्षारोपण अभियान चलाया गया था। इस वर्ष भी 37 करोड़ पौधों का रोपण कराया जा रहा है। उन्होने बताया कि अब आगे आने वाली पीढ़ी के लिये इस दौर में वृक्षारोपण कर वनावरण बढ़ाया जाना बहुत ही आवश्यक है, तभी जाकर हमारा जीवन सुरक्षित रह सकता है। हमें स्वंय वृक्षों के अनेको लाभ के बारे में जानना चाहिए तथा प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 73,00 लाख पौधों का रोपण किया गया है, जिसमें 39.00 लाख पौध वन विभाग द्वारा तथा शेष अन्य 26 विभागों द्वारा लगाये गए है। डीएम ने बताया कि जिले की सभी तहसीलों में जो एसडीएम के द्वारा जमीनें खाली करायी गयी थी, उनमें तारवाड़ी एवं सिंचाई की व्यवस्था करते हुये 22 बड़े स्थलों पर वृक्षारोपण कराया जा रहा है। इस मौके पर शाहिद मंजर अब्बास रिजवी ;आईएएस) विधान परिषद सदस्य, महोबा हमीरपुर जितेन्द्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी डॉ नरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व राम प्रकाश, जनप्रतिनिधियों, एनजीओ स्कूली बच्चों, पत्रकार गणों के साथ वन विभाग के चारों रेंजों से आये वन कर्मचारियों, आमजनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### पेड़ लेकर नर्सरी से दौड़ते रहे ट्रैक्टर

जिले में बुधवार को चलाये गए वृहद्ध पौधरोपण अभियान के तहत जिले भर में चारों तरफ पौध लगाए जाने का सिलसिला शुरू हुआ, जो दिन भर चलता रहा। उधर वन विभाग की नर्सरी से पौध लाने के लिए सारा दिन तमाम ट्रैक्टर दौड़ते रहे। इसके अलावा तमाम लोग अपने अपने वाहनों ने पौध लेकर आते जाते दिखाई दिए। पौधरोपण महा अभियान के प्रति लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

### कॉलेजों में एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया

सांई कॉलेज ऑफ ला एजुकेशन परिसर मे एक पेड़ मां के नाम वृहद्ध वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाया गया। भारी संख्या में प्राध्यापकों और छात्र छात्राओं में पौधरोपित कर रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर संस्था के प्रबंधक संजय साहू, प्रचार्य डॉ0 एलसी अनुरागी, प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र कुमार साहू सहित तमाम प्रवक्ता उपस्थित रहे। उधर स्वामी विवेकांनद महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय के प्रवक्ताओं और छात्र छात्राओं ने पौधरोपण किया। इस मौके पर महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ0 स्वाती सिंह भदौरिया, प्रचार्य आरिफ राईन, सहित तमाम प्रवक्ताओं ने पौधरोपण किया।

## काले कानून वापस लो मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी 27000 रुपए दो

**मथुरा।** मजदूर किसानो छात्र नौजवानों के स्कीम बर्कर्स की आज सामूहिक हड़ताल के राष्ट्रीय आवाहन पर आज आंगनवाड़ी श्रमिक संघ (एटक) के बैनर तले कर चारों श्रमिक संहिता को रद्द करो स्कीम वर्क्स आंगनवाड़ी आशा ब मिड डे कार्यकर्ताओं के लिए न्यूनतम वेतन 27000 रुपए घोषित करो निजीकरण पर रोक लगाओ राशन वितरण में फोटो कैप्चर बंद किया जाए इसके साथ परियोजना कर्मियो समेत अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने महंगाई पर रोक लगाने शिक्षा चिकित्सा को सस्ता ब सुलभ बनाने आदि मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया इस मौके पर कामरेड गफ्फार अब्बास एडवोकेट राधा चौधरी दुर्गा प्रसाद अशफाक लज्जावती रावत राकेश बघेल एडवोकेट जब्बार अब्बास एडवोकेट सोहनलाल हेमलता तरकर राधा रानी अनीता चतुर्वेदी कामिनी चतुर्वेदी हीरा माहौर राजेंद्र चौधरी सोहनलाल नंदन सिंह शिवानी प्रतिमा अर्चना बबली राजकुमारी सर्वेश राखी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए अंत में राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट मथुरा को दिया गया।

# डोनेशन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर थाना पुलिस द्वारा डोनेशन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। 19 मई को अयान खान पुत्र सरताज खान निवासी अनवार नगर हजीरा थाना कोतवाली सदर की लिखित तहरीर के आधार पर साइबर थाना जनपद उन्नाव पर अभियुक्तगणों द्वारा डोनेशन दिलाने की फीस के नाम पर 24,05,000 रुपये की साइबर ठगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0-09/2025 धारा-319 (2),318 (4), 316(2) ,338, 336(3), 340 (2) बीएनएस व धारा 66 सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम बनाम नीरज कुमार उपाध्याय पुत्र अनिल उपाध्याय निवासी-2178/1 इंद्रा कालोनी थाना-शहर, जनपद-रोहतक (हरियाणा), सत्यदेव त्रिपाठी उर्फ सत्या पुत्र सुरेन्द्रनाथ त्रिपाठी निवासी सी 609 विनय यूनिक इम्पीरिया अग्रवाल लाइफस्टाइल बिरार वेस्ट थाना-बोलिंज जनपद-मुम्बई (महाराष्ट्र) व दीपक कुमार राय पुत्र स्व0 रामनाथ राय निवासी डी 1/49 सेक्टर ओ मानसरोवर योजना थाना आशियाना जनपद लखनऊ पंजीकृत किया गया था । जिसमें साइबर थाना पुलिस टीम जनपद उन्नाव द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 3,52,000 रुपये वादी उपरोक्त के खाते में पूर्व में ही वापस करा दिये गये थे। आज निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा मय हमराह पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तों को दोस्तीनगर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# पनारी लेखपाल के खिलाफ लामबंद हुये युवा कांग्रेस

अवधनामा संवाददाता



ललितपुर। विगत दिनों जमीनी प्रकरण में लेखपाल व कांग्रेसी नेता के बीच हुयी मारपीट के मामले में जहां एक ओर लेखपाल ने कांग्रेसी नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी, तो वहीं कांग्रेसी नेता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। घटना के दूसरे दिन युवा कांग्रेसियों ने लामबंद होकर कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में ग्राम पनारी निवासी महेन्द्र अहिरवार पुत्र इमरतलाल को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बताते हुये युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव ने डीएम-एसपी को अवगत कराया कि पनारी स्थित जमीन पर महेन्द्र अहिरवार का आवासीय भवन निर्मित है, जिस पर वह निवास करते आ रहे हैं। आरोप लगाया कि उक्त जमीन को लेखपाल ने तालाब के लिए आवंटित कर दिया। लेकिन बारिश के समय पूरा घर पानी से भर गया, जिसके सम्बन्ध में उन्होंने डीएम को पट्टा के लिए आवेदन किया। इस पर डीएम ने आवास के लिए पट्टा आवंटित करने का आदेश एसडीएम को दिये थे। यहां आरोप लगाया कि बावजूद इसके लेखपाल द्वारा लगातार अवैध तरीके से सुविधा शुल्क दिये जाने की मांग की जाती रही। इसी क्रम में बीते मंगलवार को लेखपाल ने महेन्द्र अहिरवार को तहसील सदर बुलाया, जहां उन्होंने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। दोनों पक्षों की ओर से हुयी हाथापाई के चलते लेखपाल ने महेन्द्र अहिरवार व उसके पूरे परिवार पर एफआईआर दर्ज करा दी गयी। इसी दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोंटी शुक्ला ने मांग रखते हुये कहा कि सम्बन्धित लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाये और कार्यवाही न होने की दशा में युवा कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील खजुरिया, प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत, नवनीत किलेदार, उवेश खान, बहादुर अहिरवार, अजय तोमर, मोहम्मद आसिफ, मनीष श्रीमाली, नाती राजा, रामनरेश दुबे, बिट्टू राजा देवरान, संजय जाटव, प्रेम नामदेव, अजय कुशवाहा, कुलदीप पाठक, इरफान खान, सहताज अली, रफीक अली, शुभम शुक्ला, पवन विश्कर्मा, रोहित कुशवाहा, रामकिशोर गौतम, मयंक प्रताप सिंह,ऋषि, जुनैद खान, कमलेश नामदेव, राहुल सेन आदि मौजूद रहे।

### यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया

**संभल,अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए स्कूल के बच्चों को साथ लेकर चौराहे पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। बच्चों के हाथों में यातायात नियमों से संबंधित स्लोगन लिखे चार्ट पेपर थे, जिनके माध्यम से राहगीरों व वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रचनात्मकता के साथ बेहतरीन स्लोगन प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर सभी प्रभावित हुए। श्रेष्ठ स्लोगन लिखने वाले बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी प्रदान किए गए। यह पहल न केवल बच्चों में जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बनी, बल्कि आमजन को भी यातायात नियमों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

### हज 2026 के फार्म 31 जुलाई त क भरवां लें तकी अशरफ एडवोकेट

**संभल,अवधनामा संवाददाता।** ज़िला हज ट्रेनर तक़ी अशरफ़ एडवोकेटने बताया कि हज कमेटी ऑफ़ इंडिया के सर्कुलर के अनुसार जो लोग अगले साल यानी 2026 में हज की पवित्र यात्रा पर जाना चाहते हैं वे लोग अपने फ़ॉर्म ऑनलाइन 31 जुलाई तक भरवा लें। हज 2026 के फ़ॉर्म ऑनलाइन आ गए हैं जिसकी लास्ट डेट 31 जुलाई 2025 है। जिन लोगों के पासपोर्ट पुराने बने हुए हैं उनके पासपोर्ट की वैलिडिटी 31 दिसम्बर 2026 तक होनी चाहिए। 65 साल से ज़्यादा उम्र वालों के साथ एक 60 साल से कम वाला व्यक्ति साथ जाने के लिए होना चाहिए।इस बार अगर कोई कम दिनों का हज करना चाहता है तो उसके लिए हज कमेटी ने 20 दिन का हज किया है लेकिन यह लिमिटेड लोगों के लिए होगा अगर ज़्यादा फ़ॉर्म भरे जाएंगे तब ड्रॉ के ज़रिए लोगों का चयन किया जाएगा। आमतौर पर हज यात्रा 38 से 42 दिनों तक होती है। जो लोग चाहें तो नॉर्मल हज यानी 40 दिन वाला भी कर सकते हैं। हज के लिए ज़रूरी दस्तावेज़पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक की पासबुक/कैंसिल चैक, फ़ोटो, नॉमिनी का आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर, ईमेल आईडी ज़िला सम्भल के हज के फ़ॉर्म उत्तर प्रदेश हज कमेटी द्वारा गठित हज ई-सुविधा केन्द्र मरकज़ी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम, तेल मण्डी सम्भल में भरे जाएंगे।

### पं.गौरव तिवारी की चतुर्थ पुण्यतिथि मनायी



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत कार्यालय अधीक्षक रमाकांत तिवारी के पुत्र गौरव तिवारी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल में अन्नपूर्णा सेवा संघ के माध्यम से गरीबों को भोजन कराया गया। सभी ने गरीबों को भोजन परोस कर समाज सेवा की। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, अशोक कुमार पटैरिया, ऊषा जायसवाल, कालू जायसवाल, नीरज शर्मा, दीनदयाल सोनी, चंद्रविनोद मिश्रा, विवेक जैन, कैलाश नारायण, शत्रुधन यादव, शशिकांत तिवारी, विजय राठौर, लक्ष्मीकांत, उमाकांत, विवेक त्रिपाठी, चंद्रकांत, शुभकांत तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, आफताब कांत, शक्तिकांत, जयकांत तिवारी, संजय तिवारी उर्फ शिल्लू, रुपेंद्र साहू, विष्णुकांत तिवारी सत्तू, रानू, देवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# नगर निगम ने एक दिन में 11 हजार से अधिक औषधीय, फलदार पौधे किए रोपित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी के आवाहन पर एक पेड़ माँ के नाम 2-0 वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा महा नगर क्षेत्र में वृहद स्तर पर पौधारोपण का कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा क्षेत्रीय पार्षदगण एवं निगम अधिकारियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया। निगम ने 11 हजार से अधिक पौधे रोपित किए है।

नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थलों पर फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों जैसे अर्जुन, जंगल जलेबी, बरगद,जामुन, गुलमोहर, कंजी, पापड़ी, पाकड़, इमली, नीम, अकेसिया, केसिया, शीशम, केरमदा आदि का रोपण किया जा रहा है। साथ ही पर्यावरणीय संतुलन और भूमि संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कई स्थलों पर मियावाकी पद्धति से भी वृक्षारोपण कराया जाएगा।

वृक्षारोपण कार्यक्रम गऊघाट, कंस किला के पीछे स्थित रेतिया मुहाल बिरला मंदिर के सामने डिवाइडर नवीन नगर, राधिका धाम पार्क रांची बांगर, नरसीपुरम पार्क में किया गया। इस साल नगर निगम मथुरा वृंदावन में 31 हजार पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वृक्षारोपण की कार्यवाही अभी भी निरंतर जारी है।

इस अवसर पर महापौर श्री अग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण के बाद इन पौधों की नियमित निगरानी एवं देखभाल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित क्षेत्रीय पार्षदों से इस दिशा में अपेक्षित सहयोग सुनिश्चित करने की अपील की।

नगर आयुक्त ने कहा कि हर एक पौधा न केवल हमारे पर्यावरण को समृद्ध करता है बल्कि भावी पीढ़ी के लिए स्वच्छ व हरित जीवन सुनिश्चित करता है। वृंदावन जोन में गांधी पार्क चुंगी चौराहा पवन हंस हेलीपैड पर नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज आदि क्षेत्रों में भी पधारोपण किए गए।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में वार्ड संख्या 58 के पार्षद प्रतिनिधि हेमंत गोयल वार्ड संख्या 32 के पार्षद प्रतिनिधि मनोज धनगर मुख्य अभियंता (निर्माण) संजय चौहान अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम अवर अभियंता मुनि देव सहित निगम के अनेक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मथुरा के थाना छाता क्षेत्र में चली गोलियां

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना छाता क्षेत्र के ग्राम लाडपुर में मैड के विवाद ने भयंकर रूप धारण कर लिया जिसमें रिश्ते के भतीजे ने खुद के चाचा पर जानलेवा हमला कर दिया हमले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए गोली लगने से चाचा की मौत हो गई गांव से तनाव की स्थिति बरकरार है आरोपी मौके से घटना को अंजाम देकर फरार हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पंचनामा कर मोर्चरी पहुंचवा दिया है और हत्यारे भतीजे की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार गांव लाडपुर में तुलाराम,पदम, कल्लू, महेंद्र चारों भाई है शेरन उनका रिश्ते में भतीजा लगता है, कई वर्षो से मैड को लेकर इनके अंतर्गत झगड़ा चल रहा था इसके कारण बुधवार सुबह 11 बजे विवाद खूनी संघर्ष के रूप में तब्दील हो गया भतीजे शेरन द्वारा चाचा पदम की गोली मारकर हत्या कर दी, पदम गोली लगते ही वहीं ढेर हो गया और भतीजा शेरन मौके से भाग निकला।

विवाद में बीच बचाब करने पहुंचे पदम के भाइयों तथा पत्नी पर भी लाठी डंडों से हमला किया गया जिसमें वो गंभीर रूप से घायल हो गए घायल तुलाराम, कल्लू, महेंद्र व मृतक पदम की पत्नी कमलेश को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें पुलिस ने सीएचसी छाता भेजा जहां से जिला अस्पताल रैफर कर दिया। छाता थाना प्रभारी कमलेश सिंह द्वारा बताया गया कि प्रार्थना पत्र मिलने पर हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा, आरोपियों की तलाश में दविश दी जा रही है जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## मथुरा-वृंदावन में हड़ताल से जगह जगह दिखाई दिए कूढे के ढेर

**मथुरा।** कम्यूनिष्ट पार्टी के आव्हान पर राष्ट्र व्यापी आंदोलन के समर्थन में बुधवार को नगर निगम के सफाई कर्मचारी भी कूद पड़े जिसके चलते महानगर क्षेत्र में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे देखे गए। बताते चलें कि विद्युत विभाग के कर्मचारी निजीकरण को लेकर कई माह से आंदोलनरत हैं। इस आंदोलन की धार को पैना करते हुए आज नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने भी महानगर क्षेत्र में सफाई के कार्य को अंजाम नहीं दिया। जिसके फलस्वरुप बुधवार को महानगर के दर्जनों स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे रहे जो शासन को साफ तौर पर संदेश दे रहे थे कि यदि निजीकरण की कार्रवाई को नहीं रोका गया तो हालात बद से बदतर हो जाएंगे।

बुधवार को जब लोग सुबह सोकर उठे तो उनके यहाँ कूड़ा उठाने वाली गाड़िया ही नहीं आई।

## पेड्रो के दो गोल से चेल्सी क्लब विश्व कप के फाइनल में, फ्लू-रियल मैड्रिड मैच के विजेता से होगा सामना



**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)।** 23 वर्षीय पेड्रो ने मंगलवार को खेले गए क्लब विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में 18वें और 56वें मिनट में गोल किए और अपने पूर्व क्लब के प्रति सम्मान दर्शाते हुए किसी भी गोल का जश्न मनाने से इनकार कर दिया। जोआओ पेड्रो ने चेल्सी के लिए पहली बार शुरुआत करते हुए अपनी बचपन की टीम के खिलाफ दो गोल दागे, जिससे इंग्लैंड के क्लब ने ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चेल्सी की इस जीत से यह भी सुनिश्चित हो गया कि क्लब विश्व कप का विजेता फिर से यूरोप का ही कोई क्लब बनेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि दूसरा सेमीफाइनल फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और स्पेन के रियल मैड्रिड के बीच खेला जाएगा।

जोआओ पेड्रो जब 10 साल के थे तब फ्लुमिनेंस से जुड़ गए थे और 2020 में वाटफोर्ड जाने तक वह इस क्लब की तरफ से खेलते रहे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को खेले गए क्लब विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में 18वें और 56वें मिनट में गोल किए और अपने पूर्व क्लब के प्रति सम्मान दर्शाते हुए किसी भी गोल का जश्न मनाने से इनकार कर दिया। वह दो जुलाई को ब्राइटन से चेल्सी में शामिल हुए थे।

चेल्सी की निगाह अब दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने पर लगी होगी। उसने इससे पहले 2021 में खिताब जीता था।

# फुटबॉलर डिओगो जोटा की मौत की वजह कार की स्पीड, प्रारंभिक जांच में हुआ खुलासा

**मैड्रिड।** लिवरपूल और पुर्तगाल के फॉरवर्ड डिओगो जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की कार दुर्घटना में हुई मौत के मामले में स्पेनिश पुलिस ने अहम खुलासा किया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दुर्घटना के समय जोटा ही गाड़ी चला रहे थे और कार की गति तय सीमा से काफी ज्यादा थी। इस हादसे में 28 साल के जोटा और 25 साल के उनके भाई आंद्रे की मौत हो गई थी। जोटा के निधन ने पूरी दुनिया को चौंका दिया था। यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 00:30 बजे उत्तर-पश्चिमी स्पेन के सेर्नाडिला शहर के पास ए-53 राजमार्ग पर हुई।

दोनों पुर्तगाल से स्पेन के उत्तरी तट पर स्थित सेंटेंडर लिवरपूल के साथ प्री-सीजन प्रशिक्षण शुरू करने के लिए जा रहे थे। उनकी लेम्बोर्गिनी कार जिसकी गति अधिक थी, सड़क से उतर गई और कार में आग लग गई। इस दुर्घटना



में दोनों भाइयों की मौत हो गई थी। घटनास्थल से जला और बिखरा हुआ मलबा मिला था। सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में मामूली सर्जरी के बाद जोटा को विमान का इस्तेमाल न करने की सलाह दी गई थी।

स्पेनिश सिविल गार्ड की ओर से मंगलवार को बताया गया कि अब तक के सभी सबूत इस बात का संकेत देते हैं कि जोटा ही स्पोर्ट्स कार चला रहे थे। वाहन राजमार्ग के लिए निर्धारित गति सीमा (120 किमी/घंटा) से काफी अधिक गति से चल रहा था। बयान में कहा गया कि अन्य बातों के अलावा, वाहन के पहियों के निशानों की भी जांच की जा रही है। फिलहाल अंतिम रिपोर्ट का आना बाकी है।

जोटा और सिल्वा का अंतिम संस्कार सप्ताह के अंत में गृहनगर गोंडोमार में किया गया, जिसमें फुटबॉल जगत की हस्तियां शामिल हुईं, जिसमें लिवरपूल और पुर्तगाली राष्ट्रीय टीम के उनके कई साथी खिलाड़ी शामिल थे। जोटा ने दुर्घटना से ठीक 10 दिन पहले अपनी बचपन की प्रेमिका रूटे कार्डोसो से शादी की थी। उनके तीन छोटे बच्चे हैं। लिवरपूल ने वादा किया है कि वह उनके अनुबंध के शेष दो वर्षों का पूरा भुगतान परिवार को करेगा।

## पहलवान रीतिका हुड्डा डोप परीक्षण में विफल होने पर निलंबित, लग सकता है चार साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** रीतिका ने कहा, अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। मैं अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करूंगी। मुझे नाडा और (कुश्ती) महासंघ पर पूरा भरोसा है। मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकती।

भारतीय कुश्ती को बड़ा झटका लगा जब 2023 में देश की पहली अंडर-23 विश्व चैंपियन बनीं प्रतिभाशाली पहलवान रीतिका हुड्डा को डोप परीक्षण में विफल होने के कारण नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) द्वारा अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया और उन पर चार साल का प्रतिबंध लग सकता है।

हैवीवेट 76 किग्रा वर्ग में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं 22 वर्षीय रीतिका का 15 मार्च को एशियाई चैम्पियनशिप के लिए चयन ट्रायल के दौरान परीक्षण किया गया और उनके मूत्र के नमूने में 'एस1.1 एनाबॉलिक एंड्रोजेनिक स्टेरॉयड' के अंश पाए गए जो एक प्रतिबंधित पदार्थ है।

रीतिका ने कहा, अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। मैं अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करूंगी। मुझे नाडा और (कुश्ती) महासंघ पर पूरा भरोसा है। मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकती। रीतिका आगे की जांच के लिए बी नमूना देने पर विचार कर रही हैं। ओलंपिक में पदक जीतने में नाकाम रहने के बाद रीतिका ने मार्च में एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता और मंगोलिया में यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए इस साल मई में स्वर्ण पदक जीता। रीतिका धीरे-धीरे सीनियर स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं और उनका निलंबन भारतीय कुश्ती के लिए एक झटका है क्योंकि वह इस साल के अंत में विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने की प्रबल दावेदार थीं। इस साल वह तीन प्रतियोगिताओं में से सिर्फ एक मुकाबला हारी हैं।

# सुशील कुमार को मिली जमानत, रिपोर्ट में दावा- रेलवे ड्यूटी पर भी लौटा यह ओलंपिक पदक विजेता पहलवान

**नई दिल्ली।** ड्यूटी पर सुशील की वापसी पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया मिश्रित रही है। जबकि कुछ ने हत्या के मामले में एक व्यक्तिगत आरोपी की बहाली की आलोचना की है, वहीं दूसरों का तर्क है कि सुशील दोषी साबित होने तक निर्दोष हैं और अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को फिर से शुरू करने के हकदार हैं।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार ने हत्या के एक हाईप्रोफाइल मामले में जमानत मिलने के बाद आधिकारिक तौर पर उत्तर रेलवे के साथ अपनी ड्यूटी फिर से शुरू कर दी है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, सुशील, जिन्हें कभी भारतीय कुश्ती के चेहरे के रूप में जाना जाता था, उन्होंने इस हफ्ते की शुरुआत में रेलवे कार्यालय को रिपोर्ट किया।

**न्यायिक हिरासत**

> सुशील साथी पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के मामले में 2021 से न्यायिक हिरासत में थे।

सुशील साथी पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के मामले में 2021 से न्यायिक हिरासत में थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में मुकदमे की प्रक्रिया में देरी का हवाला देते हुए उन्हें जमानत दे दी थी, जबकि जांच अभी भी जारी है और उनकी कानूनी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। जमानत ने उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र



में पुनः लौटने की अनुमति दी है।

रेलवे सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि वर्तमान में उत्तर रेलवे में वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक के रूप में नियुक्त सुशील औपचारिक पोशाक में ड्यूटी पर थे और मीडिया में बढ़ती दिलचस्पी के बीच वह खुद को लो प्रोफाइल रख रहे हैं। अधिकारियों ने उनकी बहाली की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रक्रिया सेवा नियमों के अनुसार की गई थी।

सुशील के ड्यूटी पर वापस लौटने पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया मिश्रित रही है। जबकि कुछ ने हत्या के मामले में एक व्यक्तिगत आरोपी की बहाली की आलोचना की है, वहीं दूसरों का तर्क है कि सुशील दोषी साबित होने तक निर्दोष हैं और अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को फिर से शुरू करने के हकदार हैं। कभी राष्ट्रीय आइकन रहे सुशील का ओलंपिक पोडियम से लेकर हत्या के आरोपी तक के सफर ने देश को स्तब्ध कर दिया था। उन्होंने कुश्ती में बीजिंग 2008 ओलंपिक में कांस्य और लंदन 2012 ओलंपिक में रजत जीता था। वह दो ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत के पहले एथलीट बने थे। अभी के लिए, यह कुश्ती स्टार चुपचाप नियमित जीवन में लौटने पर केंद्रित दिखाई दे रहा है। हालांकि, अदालत की कार्यवाही अभी भी चल रही है और कुछ भी नतीजा आने तक सुशील पर खतरे के बादल मंडराते रहेंगे।

## भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोप दौरे की जीत के साथ की शुरुआत, आयरलैंड को 6-1 से हराया

**आइंडहोवन (नीदरलैंड)।** भारतीय रक्षा पंक्ति ने भी अच्छा खेल दिखाया और आयरलैंड के प्रयासों को अच्छी तरह से नाकाम किया। आयरलैंड की टीम केवल एक गोल ही कर पाई।

भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार रात हॉकी क्लब ओरांजे-रूड में आयरलैंड को 6-1 से हराकर अपने यूरोपीय दौरे की शानदार शुरुआत की। भारतीय टीम की तरफ से उत्तम सिंह, अमनदीप लाकड़ा, आदित्य लालगे, सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने गोल किए। भारत ने मैच में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और आयरलैंड को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

उत्तम ने भारतीय टीम के लिए पहला गोल किया और बाद में अमनदीप ने टीम की बढ़त को और मजबूत कर दिया। इसके बाद आदित्य ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो गोल दागकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल करके स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया।



भारतीय रक्षा पंक्ति ने भी अच्छा खेल दिखाया और आयरलैंड के प्रयासों को अच्छी तरह से नाकाम किया। आयरलैंड की टीम केवल एक गोल ही कर पाई। भारत अब बुधवार को फिर से आयरलैंड का सामना करेगा। इसके बाद वह अगले दो सप्ताह में फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।

## एक बार फिर साथ काम करेंगे इमरान हाशमी और हिमेश रेशमिया, यूजर बोले वापस आएगा 2000 का दौर

**नई दिल्ली।** हिमेश रेशमिया और इमरान हाशमी की जोड़ी ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन गाने और थ्रिलर



फिल्में दीं हैं। अब यह जोड़ी एक बार फिर गनमास्टर जी9% में साथ में काम करने को तैयार हैं। फिल्म के निर्माताओं ने बुधवार को इसका टीजर रिलीज किया है।

फिल्म निर्माता दीपक मुकुट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक रहस्यमई हाथ एक दूध भरी बाल्टी से निकलता है। इस दौरान इमरान हाशमी कहते हैं। मुझसे मचमच किया तो चलेगा। गलती से परिवार को छुआ तो याद रखना। धंधे से दूध वाला हूं, बंदा बारूद वाला हूं।

इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है दूध से बारूद तक, सब्जी से गुंडा तक, गोली से पीटने तक, गनमास्टर जी9 तबाही के लिए तैयार है। टीम घातक है। दीपक मुकुट, नर मुकुट, सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट, इमरान हाशमी, आदित्य दत्त और हिमेश रेशमिया को वापस लाकर खुश है। इनके साथ जेनेलिया देशमुख और अपारशक्ति खुराना हैं। गनमास्टर जी9 सिनेमाघरों में 2026 को आएगी।

इस पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है आखिरकार हिमेश रेशमिया और इमरान हाशमी एक साथ हैं। 2000 का दौर फिर से वापस आएगा। एक और यूजर ने लिखा है हे भगवान, 2025 में इमरान हाशमी और हिमेश रेशमिया। वाह क्या साल है। एक दूसरे यूजर ने लिखा है लंबे समय के बाद इमरान हाशमी और हिमेश रेशमिया। पुराने और सुनहरे दिन वापस आ रहे हैं।

आपको बता दें कि हिमेश रेशमिया ने इमरान हाशमी की फिल्म आशिक बनाया आपने और अक्सर में काम किया है। हिमेश ने इमरान हाशमी के कई गानों को आवाज दी है जो हिट रहे हैं। इसमें %झलक दिखला जा, आशिक बनाया आपने और आपकी कशिश जैसे गाने शामिल हैं।

# वॉर 2 की शूटिंग पूरी होते ही जूनियर एनटीआर हुए इमोशनल, बड़े सरप्राइज की ओर किया इशारा

**नई दिल्ली।** फिल्म वॉर 2 की शूटिंग खत्म होने के बाद साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट लिखा। उन्होंने फिल्म की स्टारकास्ट की तारीफ की।

बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे तेलुगु सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने अपनी अपकमिंग फिल्म वॉर 2 की शूटिंग पूरी होने पर एक इमोशनल पोस्ट किया है। इस बड़े एक्शन थ्रिलर के फाइनल शेड्यूल के खत्म होने पर अभिनेता ने ऋतिक रोशन और अयान मुखर्जी की खूब तारीफ की। इस फिल्म को यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स का अहम हिस्सा माना जा रहा है और 14 अगस्त 2025 को इसे बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।

जूनियर एनटीआर ने ऋतिक रोशन की एनर्जी और

**इमोशनल**

> बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे तेलुगु सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने अपनी अपकमिंग फिल्म वॉर 2 की शूटिंग पूरी होने पर एक इमोशनल पोस्ट किया है।

प्रोफेशनलिज्म की तारीफ करते हुए कहा कि सेट पर उनके साथ काम करना बेहद रोमांचक अनुभव रहा। ऋतिक की वर्क एनर्जी और डेडिकेशन ने जूनियर एनटीआर को बहुत कुछ सिखाया। इसके साथ ही एक्टर ने फिल्म के निर्देशक अयान मुखर्जी की भी जमकर तारीफ की और कहा कि उनके विजन के



चलते ही वॉर 2 में कई बड़े सरप्राइज पैकेज शामिल हैं, जो दर्शकों को जरूर पसंद आएंगे। उन्होंने यशराज फिल्म्स टीम और पूरी क्रू को उनके कामों के लिए धन्यवाद भी दिया।

फिल्म में ऋतिक रोशन अपने किरदार कबीर के रूप में वापसी कर रहे हैं, जबकि जूनियर एनटीआर इस बार मुख्य खलनायक एजेंट विक्रम की भूमिका निभा रहे हैं। कियारा आडवाणी भी इस एक्शन ड्रामा में मुख्य महिला किरदार के तौर पर दिखाई देंगी। फिल्म की कहानी और एक्शन सीक्वेंस को लेकर पहले ही काफी उत्साह बना हुआ है और दर्शक इसके रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं।

जहां फैंस इस बड़े प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्सुक हैं और जूनियर एनटीआर के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर उनकी उत्सुकता चरम पर है। एक्टर ने अपने नोट में बताया कि उन्होंने इस फिल्म के दौरान बहुत कुछ सीखा और ये फिल्म उनके करियर के लिए एक नया मुकाम साबित होगी। अंत में अभिनेता ने सभी फैंस से अपील की है कि वो 14 अगस्त को वॉर 2 की रिलीज का बेसब्री से इंतजार करें, क्योंकि ये फिल्म एक बेहतरीन और हाई-ऑक्टेन एक्शन एक्सपीरियंस देने वाली है।

# फिल्म 'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' पर सेंसर बोर्ड का यू-टर्न, अब सिर्फ दो बदलावों के साथ मंजूरी

**मुंबई।** फिल्म जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल को लेकर पिछले काफी समय से विवाद चल रहा था। अब फिल्म को सेंसर बोर्ड ने दो बदलावों के साथ रिलीज करने की परमिशन दे दी है। फिल्म 'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' को लेकर हाल ही में सेंसर बोर्ड और फिल्म निर्माताओं के बीच विवाद ने जोर पकड़ लिया था। पहले जहां बोर्ड ने फिल्म में 96 कट लगाने की सिफारिश की थी, वहीं अब अपनी पुराने फैसले से पलटते हुए बोर्ड ने फिल्म को महज दो मामूली बदलावों के साथ पास करने का फैसला किया है।

**नाम पर था सबसे बड़ा विवाद**

फिल्म का नाम 'जानकी' रखने को लेकर सबसे ज्यादा आपत्ति जताई गई थी, क्योंकि ये नाम देवी सीता के नाम से जुड़ा हुआ है। सेंसर बोर्ड को आपत्ति थी कि एक ऐसी महिला के किरदार के लिए, जो यौन उत्पीड़न का सामना करती है, 'जानकी' नाम का यूज करना

**विवाद**

> फिल्म 'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' को लेकर हाल ही में सेंसर बोर्ड और फिल्म निर्माताओं के बीच विवाद ने जोर पकड़ लिया था।

अनुचित है। इस मुद्दे को लेकर मामला केरल हाई कोर्ट तक पहुंच गया।

**कोर्ट में बदली सेंसर बोर्ड की राय**

केरल हाई कोर्ट की सुनवाई के दौरान सेंसर बोर्ड की तरफ से पेश वकील ने बताया कि अब फिल्म को सिर्फ दो बदलावों के साथ पास किया जाएगा। पहला बदलाव ये कि फिल्म के टाइटल को थोड़ा संशोधित किया जाएगा। अब फिल्म




का नाम या तो 'जानकी वी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' या 'वी जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' होगा। इससे यह साफ किया जाएगा कि ये जानकी नाम देवी से नहीं बल्कि मुख्य किरदार जानकी विद्याधरण से जुड़ा है।

दूसरा बदलाव कोर्ट रूम में चल रहे क्रॉस-एग्जामिनेशन सीन से संबंधित है, जिसमें नायिका का नाम म्यूट करने की सलाह दी गई है। इस पर कोर्ट ने फिल्म निर्माताओं से जवाब मांगा है और आगे की सुनवाई निर्धारित की गई है।

**सेंसर बोर्ड की क्षेत्रीय असहमति**

इस पूरे विवाद में ये बात भी सामने आई कि मुंबई डिवीजन ने जहां फिल्म पर आपत्ति जताई, वहीं केरल डिवीजन ने बिना किसी बदलाव के फिल्म को पास कर दिया था। इससे ये साफ होता है कि सेंसरशिप के नियम देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग रूप में लागू होते हैं, जो फिल्मकारों के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं।

**फिल्म की रिलीज पर पड़ा असर**

'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' में सुरेश गोपी और अनुपमा परमेस्वरन मुख्य भूमिका में हैं। ये फिल्म पहले 20 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन सेंसर विवाद के चलते इसमें देरी हुई। अब जबकि सेंसर बोर्ड ने अपने रुख में नरमी दिखाई है, तो उम्मीद है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों तक पहुंचेगी।

## एब्स फ्लॉन्ट करते नजर आए टाइगर श्रॉफ, बागी 4 की खत्म हुई शूटिंग

**मुबंई।** टाइगर श्रॉफ ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर बागी 4 के रैप अप की जानकारी तस्वीरों के जरिए शेयर कर दी हैं। इन तस्वीरों में एक्टर एब्स फ्लॉन्ट करते नजर आए।

ए. हर्षा द्वारा निर्देशित और साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म बागी 4 की शूटिंग कथित तौर पर 18 नवंबर 2024 से शुरू हुई थी, जो आज खत्म हो चुकी है। इस बात की जानकारी खुद बागी फ्रेंचाइजी के लीड हीरो ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर दी है। बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ ने आज इंस्टाग्राम पर अपने एब्स को फ्लॉन्ट करते हुए कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ टाइगर हाथ में क्लैप बोर्ड पकड़े नजर आए। इन तस्वीरों के साथ टाइगर ने बागी 4 की शूटिंग खत्म होने की जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, और आखिरकार यह खत्म हो गया... आप सभी के



प्यार और इस फ्रैंचाइजी को इतनी दूर तक पहुंचने देने के लिए शुक्रिया। मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी किसी फिल्म के लिए इतना खून बहाया होगा। यह आपके लिए है #4 जल्द आ रहा है।

टाइगर श्रॉफ की इस पोस्ट पर आयशा श्रॉफ ने लिखा, पहले दिन पहला शो और फिर कम से कम दस गुना अधिक, टाइगर की बहन कृष्णा जैकी श्रॉफ ने लिखा, यह अगले स्तर का है। इंतजार नहीं कर सकताी, एक फैन ने लिखा, मैं टाइगर श्रॉफ का बहुत बड़ा फैन हूं 11 साल से लव यू भाई @tigerjackieshroff', एक और फैन ने लिखा, आपकी धमाकेदार वापसी का इंतजार है%, एक और फैन ने लिखा, इसके लिए बहुत उत्साहित हूं, इस बार कुछ अलग है।

**फिल्म बागी 4**

बागी 4 का निर्देशन ए.हर्षा ने किया है, जबकि फिल्म का निमार्ण साजिद नाडियावाला के प्रोडक्शन हाउस के तहत किया गया है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ के अलावा संजय दत्त और सोनम बाजवा नजर आएंगी। यह फिल्म 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# बिहार में भी चुनाव चोरी करने की कोशिश: राहुल

## महाराष्ट्र में ऐसा कर चुके हैं, चुनाव आयोग के कमिश्नर भाजपा-आरएसएस की तरह बात कर रहे

एजेंसी

**पटना।** राहुल गांधी बुधवार को पटना में महागठबंधन के प्रदर्शन में शामिल हुए। बिहार में वोटर लिस्ट की स्क्रीनिंग को लेकर विपक्षी पार्टियां विरोध कर रही हैं। यहां राहुल ने आरोप लगाया कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार के चुनाव को चोरी करने की कोशिश की जाएगी।

उन्होंने कहा- इलेक्शन कमिश्नर भाजपा और आरएसएस नेताओं की तरह बात करते हैं। उन्हें (भाजपा) पता चल गया है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, वे अब बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है।

राहुल ने कहा- आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा। कानून आपको नहीं छोड़ेंगा। मैं आपको गारंटी दे रहा



हूं कि आप कितने ही बड़े क्यों न हो कानून आपको नहीं छोड़ेगा। आप अपना काम नहीं कर रहे हो।

राहुल बोले- विधानसभा चुनाव में 10 प्रतिशत वोटर बढ़े राहुल ने कहा, कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुआ। उसके कुछ महीने बाद महाराष्ट्र और हरियाणा का विधानसभा का चुनाव हुआ। लोकसभा चुनाव में इंडिया ने जीत दर्ज की। कुछ महीने बाद विधानसभा के चुनाव में हार गई। उस समय हमने ज्यादा कुछ बोला नहीं।

कुछ समय बाद हमने डेटा देखना शुरू किया। हमने पाया कि लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव में एक करोड़ नए वोटर्स जुड़े। मतलब विधानसभा चुनाव में 10 प्रतिशत ज्यादा वोटर्स ने वोट किया। जब हमने पता लगाया कि ये वोटर कहां से आए, कौन हैं, तो आश्चर्य की चीजें निकली। जिन-जिन सीटों पर वोटर्स बढ़े, वहां भाजपा जीती। सारे के सारे नए वोट भाजपा को गए।

जब हमने वोटर लिस्ट और वोटिंग की वीडियो मांगी तो इलेक्शन कमीशन (ईसी) शांत हो गया। एक शब्द नहीं कहा। एक बार नहीं कई बार कहा। उन्हें बताया कि कानून के मुताबिक, हमें वोटर्स लिस्ट दी जाए। कानून कहता है कि वीडियोग्राफी हमें दी जाए। आज तक महाराष्ट्र के वोटर लिस्ट हमें नहीं दी गई। वीडियो देने का कानून बदल दिया।

कांग्रेस ने चिट्ठी लिखकर वोटर लिस्ट मांगी थी कांग्रेस ने 25 जून को महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर ईसी को लेटर लिखा था। पार्टी ने आयोग से एक हफ्ते में महाराष्ट्र चुनाव की डिजिटल वोटर्स लिस्ट मांगी थी। साथ ही महाराष्ट्र और हरियाणा में वोटिंग के वीडियो देने को कहा था।

कांग्रेस ने कहा था कि यह पुरानी मांग है और ईसी आसानी से दे सकता है। डेटा मिलने पर हम एनालिसिस करेंगे और ईसी से चर्चा करेंगे। इससे पहले 12 जून को ईसी ने राहुल को लेटर लिखकर चुनाव में धांधली के उनके आरोपों पर चर्चा के लिए बुलाया था। इसके जवाब में कांग्रेस ने आयोग को लेटर लिखा। चुनाव आयोग ने कहा था- देश में चुनाव पारदर्शी होते राहुल को भेजी चिट्ठी में ईसी ने लिखा था कि संसद के पारित इलेक्टोरल लॉ, उसके नियमों और ईसी के निर्देशों के जरिए बहुत सख्ती से देश में चुनाव कराए जाते हैं। महाराष्ट्र चुनाव प्रक्रिया विधानसभा क्षेत्र स्तर पर सेंट्रलाइज्ड होती है।

## नौसेना को सौंपा गया स्वदेशी गोताखोरी सहायता पोत निस्तार, गहरे समुद्र में चलाया जा सकेगा बचाव अभियान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पहला स्वदेशी रूप से निर्मित गोताखोरी सहायता पोत बुधवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। यह पोत गहरे समुद्री में गोताखोरी और बचाव अभियान चला सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया, यह पोत गहरे पानी में बचाव कार्य करने वाली पनडुब्बी (डीएसआरवी) के लिए %मदर शिप% यानी मुख्य जहाज के रूप में भी काम करेगा, ताकि पनडुब्बी में किसी आपातकाल की स्थिति में कर्मियों को बचाने और निकालने में मदद मिल सके।

नौसेना के प्रवक्ता ने कहा, निस्तार पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित गोताखोरी सहायता पोत है। इसे हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने आठ जुलाई को विशाखापत्तनम में भारतीय



नौसेना को सौंपा गया। उन्होंने बताया कि यह एक खास तरह का पोत है और गहरे समुद्र में गोता लगाने और बचाव का काम करने में सक्षम है। ऐसी क्षमता दुनिया की कुछ ही नौसेनाओं के पास होती है।

यह युद्धपोत भारतीय रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के नियमों के अनुसार डिजाइन और बनाया गया है। यह युद्धपोत भारतीय नौवहन रजिस्टर (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों के अनुसार डिजाइन और निर्मित किया गया है। निस्तार नाम संस्कृत शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ मुक्ति, बचाव या उद्धार होता है।

प्रवक्ता ने बताया कि यह जहाज 118 मीटर लंबा है और लगभग 10,000 टन वजन का है, जिसमें अत्याधुनिक गोताखोरी के उपकरण लगे हुए हैं और यह 300 मीटर गहराई तक गहरे समुद्र में गोताखोरी करने में सक्षम है। इस जहाज में 75 मीटर गहराई तक गोताखोरी के काम के लिए साइड डाइविंग स्टेज भी लगा हुआ है।

## क्विक न्यूज

### हरियाणा से दिल्ली को हो रही 1049 क्यूसेक पानी की सतत आपूर्ति : मुख्यमंत्री नायब सिंह

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा जहरीले पानी का बयान आम आदमी पार्टी द्वारा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बनाया गया एक राजनीतिक हथकंडा है। हमने इस मामले की शिकायत चुनाव आयोग से की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे हरियाणा बिना किसी कमी के पूरा कर रहा है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की विफलता की पोल खोलते हुए कहा कि साल 2021 में, दिल्ली ने एक याचिका दायर की, जिसमें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने जवाब दिया। इस जवाब में बताया गया कि वजीराबाद तालाब में अमोनिया नाइट्रोजन की समस्या है।

### बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव का नाम विवादों में घिरा हुआ नजर आता रहता है। हाल ही में बिग बॉस 18 के अंदर उन्होंने मीडिया को पेड कहा था, जिसके बाद उनको काफी ट्रोल किया गया था। वहीं सांप के जहर मामले में भी उनका नाम फंसा हुआ है। इसी बीच अब एल्विश यादव के खिलाफ पीपुल्स फॉर एनिमल्स कार्यकर्ता और रेव पार्टी केस के गवाह सौरभ गुप्ता ने एफआईआर दर्ज करवाई है। एल्विश पर गवाह को धमकाने का आरोप है। एक खबर के मुताबिक एल्विश यादव के खिलाफ गाजियाबाद के नंदग्राम थाने में स्नद्घक्र दर्ज की गई है। सौरभ ने यूट्यूबर एल्विश यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं और दावा किया है कि एल्विश यादव अपनी गाड़ी से उनका पीछा करते हुए उनकी सोसाइटी में आए और उनकी धमकी देने लगे। सौरभ की माने तो एल्विश ने गलत पहचान के साथ सोसाइटी में एंट्री की।

## फिर बेनकाब हुआ पाकिस्तान, लश्कर आतंकी को लेकर कैमरे पर झूठ बोल गईं पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आतंकियों की पनाहगाह है, ये बात पूरी दुनिया जानती होगी, लेकिन पाकिस्तान की सरकार और वहां के नेता अभी भी इसे मानने को तैयार नहीं हैं और लगातार इससे इनकार करते आए हैं। दरअसल न्यूज चैनल अल जजीरा के साथ बातचीत में हिना रब्बानी खार ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के हवाई हमले में मारे गए आतंकियों के जनाजे की नमाज पढ़ने वाला लश्कर आतंकी अब्दुल रऊफ आतंकी नहीं बल्कि आम आदमी है। इस पर इंटरव्यू के दौरान पत्रकार ने वो तस्वीर दिखाई, जिसमें लश्कर ए तैयबा का आतंकी और हाफिज सईद का करीबी अब्दुल रऊफ जनाजे की नमाज पढ़ रहा था और उसके पीछे पाकिस्तानी सेना और पुलिस के शीर्ष अधिकारी दिख रहे थे।

## राहुल गांधी बोले- चुनाव आयोग बिहार में हमारे वोटरों की चोरी कर रहा, यही महाराष्ट्र में किया था

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला है। पटना में इंडिया गठबंधन के चक्काजाम में प्रदर्शन करने पहुंचे राहुल गांधी ने अपना संबोधन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव को महाराष्ट्र के तरह ही चोरी करने की कोशिश की जा रही है। गरीबों के हक को छीनने की साजिश रची जा रही है। लेकिन हमलोग ऐसा नहीं करने देंगे। हमलोग बिहार की जनता का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। इंडिया गठबंधन बिहार की जनता के साथ खड़ा है।

राहुल कहा कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन जीतकर आया, जबकि विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन बुरी तरह हार गया। उस समय हम लोगों ने कुछ नहीं कहा, लेकिन इस गंभीर विषय पर काम शुरू किया। हमने जांच की तो पता चला कि लोकसभा से ज्यादा वोटर विधानसभा चुनाव में मतदान किया। आश्चर्यजनक ढंग से एक करोड़ वोट बढ़ गए। एक दिन में चार से पांच हजार वोट रजिस्टर हुए। गरीबों के वोट काटे गए। जब हमने चुनाव आयोग से कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट दीजिए, तब चुनाव आयोग ने एक शब्द नहीं कहा। हमने चुनाव आयोग से कहा कि कानून कहता है कि हमें वोटर लिस्ट दी जाए, लेकिन आज तक महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट हमें नहीं मिली। वे सच्चाई छिपाना चाहते हैं। यही खेल वे बिहार में भी करना चाहते हैं। मैं बिहार की जनता से कहता हूं कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार चुनाव भी चोरी करने की कोशिश की जा रही है। यह गरीबों का वोट छीनने का तरीका है। उन्हें यह मालूम नहीं है कि यह बिहार है। बिहार की जनता अपना हक छिनने नहीं देगी। बिहार की जनता डरने वाली नहीं है।

# चुरू में जगुआर फाइटर जेट क्रैश, दो लोगों की मौत, घटनास्थल पर मलबा बिखरा

एजेंसी

**चुरू/जयपुर।** राजस्थान के चुरू के पास बुधवार सुबह एक जगुआर प्रशिक्षण विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के दो पायलटों की मौत हो गई। आईएएफ ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की गई है।

वायुसेना ने अपने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि आज राजस्थान के चुरू के पास एक नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान भारतीय वायुसेना का एक जगुआर प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में दोनों पायलटों को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौत हो गई। किसी भी नागरिक संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। भारतीय वायुसेना ने कहा कि वह इस दुख



की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की गई है।

चुरू एसपी जय यादव ने बताया कि विमान दोपहर करीब 1.25 बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ। राजलदेसर के थाना प्रभारी कमलेश ने बताया कि विमान दोपहर करीब 1.25 बजे भनोदा गांव के एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटनास्थल के पास मानव शरीर के अंग मिले हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उन्हें जलता हुआ मलबा मिला। राजलदेसर और रतनगढ़ से पुलिस, दमकल विभाग के अधिकारी और एम्बुलेंस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी की।

यह ब्रिटिश-फ्रेंच सुपरसोनिक जेट अटैक एयरक्राफ्ट है। यह ग्राउंड अटैक और एंटी शिप मिशन में प्रयोग होने वाला सटीक स्ट्राइक विमान है। 36 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ने भरने में सक्षम है। डेढ़ मिनट में 30 हजार फीट की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। इसके साथ ही 600 मीटर के छोटे रनवे से भी टेकऑफ या लैंडिंग कर सकता है।

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि चूरू जिले के रतनगढ़ क्षेत्र में भारतीय वायुसेना के एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की दुखद खबर मिली है। घटना के तुरंत बाद प्रशासन अलर्ट हो गया है और अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य के निर्देश दे दिए गए हैं।

## पत्नी के चरित्र पर शक बच्चे का डीएनए टेस्ट कराने का आधार नहीं, हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

एजेंसी

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने कहा है कि सिर्फ इसलिए कि किसी व्यक्ति को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह है, उसके नाबालिग बच्चे का पितृत्व निर्धारित करने के लिए डीएनए परीक्षण कराने का आधार नहीं बनता। एक पारिवारिक कोर्ट की ओर से नाबालिग लड़के का डीएनए परीक्षण कराने के आदेश को रद्द करते हुए न्यायमूर्ति आरएम जोशी ने कहा कि ऐसी आनुवंशिक जांच केवल असाधारण मामलों में ही कराई जा सकती है।

1 जुलाई के आदेश में न्यायमूर्ति जोशी ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि कोई व्यक्ति व्यभिचार के आधार पर तलाक का हकदार होने का दावा करता है या चरित्र पर शक होने को अपना आधार मानता है तो डीएनए परीक्षण कराने का आदेश देने का कोई उचित मामला नहीं बनता। कोर्ट के आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई।

हाईकोर्ट ने कहा, एक प्रश्न उठता है कि क्या यह डीएनए परीक्षण का आदेश देने का उचित मामला है। इसका स्पष्ट उत्तर नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि अगर पत्नी के चरित्र पर सवाल है तो बच्चे का पितृत्व परीक्षण कराने के बजाय इसे किसी अन्य साक्ष्य से साबित किया जा सकता है। यह आदेश एक व्यक्ति की अलग रह रही पत्नी और उसके 12 वर्षीय बेटे की ओर से दायर याचिका पर सुनाया गया। याचिका में एक पारिवारिक अदालत की ओर से फरवरी 2020 में पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। आदेश में बच्चे को पितृत्व का फैसला करने के लिए डीएनए प्रोफाइलिंग परीक्षण कराने का निर्देश दिया गया था।

हाईकोर्ट ने कहा कि पारिवारिक अदालत ने ऐसा आदेश पारित करके गलती की। इसके बाद कोर्ट ने उसे रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जोशी ने आदेश में कहा कि पारिवारिक अदालत के लिए बच्चे के सर्वोत्तम हित पर विचार करना अनिवार्य है।

# नये युग का आईटीएम, स्टैटिक नहीं, डायनामिक अप्ररोच के साथ कर रहा काम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आज भारत वर्ष 2047 का रोडमैप लेकर चल रहा है। सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के लिए जरूरी है कि हम अपने परम्परागत दृष्टिकोण में बदलाव करते हुए आधुनिक तकनीक और नवाचार को अपने जीवन में सम्मलित करें ताकि भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। देहरादून स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आईटीएम) अपने छात्रों को नवाचार और कौशल विकास के माध्यम से डायनामिक बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

आईटीएम के चेयरमैन निशांत थपलियाल कहते हैं, हमारा संस्थान स्टैटिक नहीं, डायनामिक अप्ररोच के साथ काम कर रहा है ताकि बदल रहे भारत के साथ यहां के छात्र कदमताल कर सकें।

आईटीएम उच्च शिक्षा के क्षेत्र में



अपनी अनुभवी और कुशल फैकल्टी, नवाचार और छात्रों को स्किल्ड बनाने के लिए जाना जाता है। संस्थान अपने छात्रों को अगले पांच साल के लिए तैयार कर रहा है ताकि वो बाजार की मांग के अनुरूप तैयार हो सकें। इसके तहत छात्रों को विश्वविद्यालय के तय कोर्स के अलावा छात्रों को स्किल्ड बनाने, वैक्तित्व विकास और अंग्रेजी भाषा में सक्षम बनाने के लिए प्रयास किये जाते हैं। इसके सकारात्मक परिणाम रहे हैं और विगत कई वर्षों से आईटीएम में 100 फीसदी कैंपस प्लेसमेंट हो रहा है।

चेयरमैन निशांत थपलियाल के मुताबिक आज विज्ञान का दौर है। तेजी से बदलाव आ रहे हैं। ऐसे में संस्थान डायनाजिम में विश्वास करता है। हालांकि सेलेबस बदल गया है, लेकिन चेंज इतनी जल्दी हो रहा है कि नया सेलेबस भी पुराना हो जाता है। नवाचार और शोध ने शिक्षा के स्वरूप को बदल दिया है। एक नई तकनीक दूसरी तकनीक को पीछे छोड़ रही है। ऐसे में आईटीएम अपने छात्रों को भविष्य की तकनीक से जोड़ने का काम कर रहा है।

संस्थान का मानना है कि तकनीक सीखने की जरूरत है। मसलन आर्टिफिशल इंटेलीजेंस (एआई) से डरना नहीं है, सीखना है। यही कारण है कि संस्थान ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विस यानी टीसीएस से करार किया है। टीसीएस संस्थान के छात्रों को आर्टिफिशल इंटेलीजेंस(एआई), डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी जैसे कोर्स भी करा रहा है ताकि संस्थान में आज पढ़ रहा छात्र 2030 के भारत के लिए तैयार रहे।

## रूस ने दागे 728 ड्रोन और 13 मिसाइलें, यूक्रेनी सेना ने बताया अब तक का सबसे बड़ा हमला

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन पर रूस ने मंगलवार रात को रिकॉर्ड 728 ड्रोन और 13 मिसाइलें दागीं। यूक्रेन की वायुसेना ने इस हमले को अब तक का सबसे बड़ा हमला करार दिया है। इन ड्रोनों में ईरान निर्मित 'शहीद' ड्रोन और कई डिकॉय ड्रोन शामिल थे। हमले का मुख्य निशाना यूक्रेन का पश्चिमी वोलिन क्षेत्र और उसकी राजधानी लुत्स्क रहा, जो पोलैंड और बेलारूस की सीमा से सटा हुआ है।

यूक्रेनी वायुसेना ने बताया कि उसने 296 ड्रोनों और सात मिसाइलों को मार गिराया। बाकी 415 ड्रोन या तो रडार से गायब हो गए या फिर इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग तकनीक से निष्क्रिय कर दिए गए। यह हमला रातभर चला और इसका असर कई इलाकों में बिजली सप्लाई और संचार नेटवर्क पर पड़ा। इससे नागरिकों में दहशत फैल गई।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस द्वारा किए गए हालिया ड्रोन और मिसाइल हमलों में देश का उत्तर-पश्चिमी शहर लुत्स्क सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यह शहर पोलैंड और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है और यहां यूक्रेनी सेना के एयरबेस भी मौजूद हैं, जहां से कार्गो प्लेन और फाइटर जेट्स नियमित रूप से उड़ान भरते हैं। जेलेंस्की के मुताबिक, रूस का ये हमला पश्चिमी क्षेत्र की आपूर्ति लाइनों को निशाना बनाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी इंटरसेप्टर ड्रोन्स अब रूस के शाहेद ड्रोन्स को प्रभावी तरीके से रोक रहे हैं और देश में घरेलू एंटी-एयरक्राफ्ट ड्रोन्स का उत्पादन भी तेजी से बढ़ रहा है।

सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में ड्रोनों का इस्तेमाल यह दिखाता है कि रूस अब पारंपरिक मिसाइलों की जगह ड्रोनों पर ज्यादा भरोसा कर रहा है। इससे लागत कम होती है और रडार पर पकड़ना मुश्किल होता है। साथ ही डिकॉय ड्रोन से यूक्रेन की एयर डिफेंस को भ्रमित करने की कोशिश भी की गई।

## पुतिन को दोहरा झटका- एमएच-17 विमान और यूक्रेन युद्ध पर यूरोपीय अदालत ने सुनाया फैसला

एजेंसी

**हेग।** रूस पर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर गंभीर आरोप सिद्ध हुए हैं। यूरोप की शीर्ष मानवाधिकार अदालत ने दो ऐतिहासिक फैसले सुनाते हुए कहा है कि रूस ने यूक्रेन में मानवाधिकारों का उल्लंघन किया है और साल 2014 में मलेशियन फ्लाइट एमएच-17 विमान को गिराने के लिए भी वही जिम्मेदार है। यह पहली बार है जब किसी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने रूस को इन घटनाओं के लिए औपचारिक रूप से दोषी ठहराया है।

ईसीएचआर ने कहा कि रूस ने यूक्रेन में 2022 के पूर्ण पैमाने के आक्रमण के दौरान अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्वी यूक्रेन के जिन क्षेत्रों में मानवाधिकार हनन के मामले सामने



आए हैं, वे क्षेत्र रूस के नियंत्रण में थे। रूस ने वहां के अलगाववादी समूहों को हथियार, राजनीतिक और आर्थिक मदद दी थी। कोर्ट का यह फैसला प्रतीकात्मक है, क्योंकि रूस को 2022 में काउंसिल ऑफ यूरोप से निष्कासित कर दिया गया था, लेकिन कोर्ट उन मामलों पर अब भी सुनवाई कर सकता है जो उस निष्कासन से पहले दर्ज किए गए थे।

कोर्ट ने यह भी कहा कि मलएशियन एयरलाइंस की फ्लाइट एमएच-17 को रूस समर्थित विद्रोहियों द्वारा रूस में बने बीयूके मिसाइल से मार गिराया गया था। यह विमान 17 जुलाई 2014 को नीदरलैंड्स की राजधानी एम्स्टर्डम से मलएशिया के कुआलालंपुर जा रहा था और पूर्वी यूक्रेश न के आकामें गिरा दिया गया। हादसे में सभी 298 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 196 डच नागरिक शामिल थे। एमएच-17 के पीड़ितों के परिजनों ने इसे न्याय की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

एमएच-17 पीड़ित थॉमस शांसमैन, जिन्होंने अपने 18 वर्षीय बेटे को खोया था।

# बिहार में विपक्षी दलों का चक्काजाम, कई एनएच जाम

## पटना में राहुल गांधी भी प्रदर्शन में शामिल हुए........................................

एजेंसी

**पटना।** बिहार बंद का पूरे राज्य में असर दिखा। चुनाव आयोग के खिलाफ इंडिया गठबंधन की ओर से बुलाए गए बंद में कांग्रेस, राजद, वामदल, वीआईपी समेत सभी सातों विपक्षी दलों के कार्यकर्ता सड़क और रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन करते दिखे। पटना में राहुल गांधी भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

विपक्ष के नेताओं ने विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया। सुबह छह बजे से सड़कों पर उतरे इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने करीब तीन बजे तक प्रदर्शन किया। इस दौरान बिहार के करीब 10 से अधिक नेशनल हाईवे को जाम रखा गया। पटना को उत्तर बिहार से जोड़ने वाले सेतु को बंद कर दिया गया। इससे लोगों काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जिलों में लोगों का



जाम का सामना करना पड़ा। मुजफ्फरपुर में दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, जहानाबाद, पटना, मुंगेर समेत कई जगहों पर ट्रेन रोकी गई। दरभंगा में नमो भारत और मुजफ्फरपुर में वंदे भारत ट्रेन को रोककर प्रदर्शन किया गया। इधर, पटना में पप्पू यादव ने राहुल गांधी से मिलने की कोशिश की लेकिन दोनों की मुलाकात की तस्वीर कैमरे में कैद नहीं हो पाई। हालांकि, पप्पू यादव अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए और चुनाव आयोग का विरोध किया।

विपक्षी पार्टियों द्वारा बुधवार को किए गए बिहार बंद के आह्वान का रोहतास में मिला-जुला असर देखने को मिला। जिला मुख्यालय सासाराम के पोस्ट ऑफिस चौराहे पर बिहार बंद के समर्थन में उतरे कांग्रेस, राजद, वीआइपी, सीपीआईएमएल समेत अन्य राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया तथा निर्वाचन आयोग एवं सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सासाराम में प्रदर्शन कर रहे स्थानीय विधायक राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार पूरी तरह हताश हो चुकी है। देश के तमाम स्वायत्त संस्थानों पर कब्जा किया जा रहा है और सरकार ने चुनाव आयोग को भी अपने नियंत्रण में ले लिया है। उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण को भाजपा द्वारा प्रायोजित बताया और कहा कि सरकार गरीब मजदूरों के वोट देने का अधिकार छीनना चाहती है।

बिहार बंद का औरंगाबाद जिले में मिला-जुला असर रहा। जिले के सभी बाजार खुले रहे। बंद का असर करीब तीन घंटे के लिए सड़कों पर ही रहा। बंद समर्थकों ने सारा गुस्सा सड़कों पर ही निकाला। सुबह के नौ बजे के बाद बंद समर्थक सड़कों पर उतरे और एनएच-19, 120 और 139 समेत स्टेट हाइवे और अन्य महत्वपूर्ण पथों को जाम किया और सड़क पर ही धरना पर बैठ गए। सड़कों को जाम किए जाने से रफ्तार पर ब्रेक लग गया और सैकड़ो वाहन जाम में फंस गए। जाम से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

जमुई में बिहार बंद का असर देखने को मिला। इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं में जिला मुख्यालय समेत सभी प्रखंड मुख्यालय में सुबह 9:00 बजे से ही प्रदर्शन किया। कई जगह चक्काजाम किया। पूर्व मंत्री विजय प्रकाश समेत इंडिया गठबंधन के सभी बड़े नेता सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि डेढ़ बजे चक्का जाम टूटने के बाद लोगों को राहत मिली। इस सिकंदरा चौक से मंत्री सुमित कुमार सिंह को वापस पटना लौटना पड़ा।

# एक पेड़ माँ के नाम: कार्यक्रम अन्तर्गत वृहद पौधरोपण का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में 09 जुलाई 2025 को 'एक पेड़ माँ के नाम' विषयवस्तु पर आधारित वृहद वृक्षारोपण महाअभियान का आयोजन किया गया। प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 37 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है तथा जनपद में लगभग 5495000 पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके क्रम में मुख्य अतिथि मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उ0प्र0/प्रभारी मंत्री ए0के0 शर्मा जी द्वारा ग्राम कम्बरपुर विकास खण्ड सुईथाकला में वृहद जन वृक्षारोपण अभियान-2025 ''एक पेड़ माँ के नाम'' कार्यक्रम का द्वीप प्रज्वलित कर शुरुआत की गई। प्रभारी मंत्री के द्वारा आम का पौधा लगाया गया। विधायक शाहगंज रमेश सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, पुलिस




अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों तथा अधिकारियों के द्वारा अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ देकर और पौधा भेंटकर प्रभारी मंत्री का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन पर सभी की सराहना की और कहा कि एक पेड़ मॉ के नाम महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। एक मॉ बिना किसी भेदभाव के अपने सभी बच्चों को बराबर प्यार और सम्मान देती है उसी प्रकार पेड़ भी बिना किसी भेदभाव के सभी को जल, वायु, फल आदि देते हैं। प्रकृति और पौधे हमारी मॉ के समान है। अनाज फल प्रकृति की गोद से आती है जो बिना मांगे हमारा पोषण करती है, प्रकृति के संरक्षण से जलवायु संरक्षित होता है। जलवायु परिवर्तन आज चिंता का विषय है, जिसका समाधान है कि हम अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाए। मंत्री के द्वारा पेड़ो के आध्यात्मिक महत्व बताया। पीपल, तुलसी, सहजन सहित अन्य पेड़ो के लाभ बताते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर पंचायत कजगावं में हुआ वृहद वृक्षारोपण

**जौनपुर।** पर्यावरण संरक्षण के समर्पित भावनात्मक पहल एक पेड़ मां नाम अभियान के अंतर्गत बुधवार को नगर पंचायत कजगांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी आस्था पाठक द्वारा लाइन बाजार कजगांव रोड पर एक पेड़ मां के नाम पर फल और छायादार वृक्ष लगाया। इसके साथ ही नगर पंचायत में लगभग 350 पेड़ लगाया गया ।इस अवसर पर आस्था पाठक ने कहा की पौधों से हमारे जीवन को स्वच्छ हवा के साथ मनुष्य को जीवन मिलता है । वृक्षारोपण एक पुनित कार्य है ।जो समय इस समय पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है । इस अवसर पर लिपिक आसिफ खान , दिवाकर उपाध्याय ,सत्यम नितेश सिंह, महताब सत्यम यादव सहित अन्य सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### सचिव व ग्राम प्रधान ने लगाया वृक्ष



**जौनपुर।** विकासखंड सिरकोनी अंतर्गत ग्राम सभा चकताली,बैजाबाद , में बुधवार को ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी नागेंद्र सिंह द्वारा ग्राम पंचायत भवन व खेलकूद के मैदान में एक पेड़ मां के नाम तहत वृक्षारोपण किया ।इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी ने कहा कि वृक्ष लगाना एक पुनीत कार्य है वृक्ष से हमें जल और जीवन दोनों मिलता है ।इस अवसर पर ग्राम प्रधान शिवेंद्र यादव रमेश चौहान ,ग्राम प्रधान सुनिल सिंह गोधना प्रधान चक पहलवान ताहिर आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल में सांसद संजय सिंह ने किया विरोध प्रदर्शन



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** प्राथमिक विद्यालय के मर्जर होने की वजह से कई विद्यालय बंद हो चुके हैं। जिसको लेकर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा संजय सिंह के द्वारा बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय मीरगंज खास में पहुंच कर बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद सरकार से मांग करते हैं कि जिन प्राथमिक विद्यालय को बन्द कर दिया गया हैं। प्रदेश सरकार उसे फिर से चालू करे।उन्होंने कहा, ष् सरकार पाठशालाएं बंद कर रही है और मधुशालाएं खोल रही है। यह हम नहीं होने देंगे। आम आदमी पार्टी बच्चों के शिक्षा के अधिकार की लड़ाई हर मंच पर लड़ेगी। सांसद ने यह भी कहा कि स्कूल मर्जर का यह निर्णय ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ तोड़ देगा। उन्होंने हाईकोर्ट द्वारा याचिका खारिज किए जाने पर निराशा जताई और कहा कि अब मामला सुप्रीम कोर्ट में ले जाया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, बच्चे और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### श्री गौरीशंकर धाम का पुलिस अधीक्षक ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**जौनपुर। (सुजानगंज)** स्थानीय क्षेत्र के मछलीशहर-सुजानगंज रोड पर स्थित श्री गौरी शंकर धाम का पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। श्री गौरीशंकर मंदिर सुजानगंज का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अधीक्षक जौनपुर डा कौस्तुभ ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बताते चले कि सावन माह शुरू होने से पहले प्रशासन पूरी तैयारियों को कर लेना चाहता है ताकि किसी भी श्रद्धालु को समस्या न हो। वहीं मंदिर समिति के सचिव सुधीर त्रिपाठी का कहना है कि हमे भी इसकी कोई सूचना नहीं दी गई जबकि पहले समय से पहले सूचना मिल जाती थी।

### आदि काल से ही वृक्षारोपण भारतीय संस्कृति का हिस्सा



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के तत्वावधान में वृक्षारोपण महाभियान के अन्तर्गत आज 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत एकेडेमी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एकेडेमी के सचिव डॉ. अजीत कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पायल सिंह एवं एकेडेमी कार्मिकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर एकेडेमी के सचिव डॉ. अजीत कुमार सिंह ने कहा कि आदि काल से ही वृक्षारोपण भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है। हमारे पूर्वजों ने प्राकृतिक रूप से कई लाभकारी वृक्षों को पूजनीय बनाया। तुलसी, पीपल, शमी, नीम और बरगद जैसे पेड़ तो ईश्वर के रूप माने गए। वैसे भी हमारे समाज में पुराने वृक्षों को पूर्वज तथा नए वृक्षों को पुत्र के समान स्नेह देने वालों की कमी नहीं है। वृक्ष लगाने वाले न केवल वर्तमान को दिशा देते हैं बल्कि भविष्य को संवारने का कार्य भी करते हैं। वृक्षारोपण करके कार्य समाप्त नहीं हो जाता है, बल्कि पौधारोपण के बाद पौधे की सुरक्षा, पौधे को नियमित रूप से पानी देना, जानवरों से बचाना भी जरूरी है। इस अवसर पर एकेडेमी के प्रशासनिक अधिकारी गोपाल जी पाण्डेय, सुनील कुमार, संतोष कुमार तिवारी, अंकेश कुमार श्रीवास्तव, मोहसीन खान, अमित कुमार सिंह, सहित समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

### छात्रों को प्रकृति के प्रति सजग रहने का दिया संदेश



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** वृक्षारोपण महाभियान-2025 के अंतर्गत त्रिशला फाउंडेशन एवं कर्नलगंज इंटर कॉलेज के साझा प्रयास से कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में त्रिशला फाउंडेशन की सचिव डॉ. वरिदमाला जैन, व्यवस्थापक सी. एस. सिंह, कर्नलगंज इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय कुमार, एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट शक्ति सिंह यादव, विमल चन्द्र शुक्ला, एवं कॉलेज के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अभियान में एनसीसी कैडेट्स शुभम सिंह, अनुराग मौर्या, नैतिक पटेल, श्रीकांत श्रीवास्तव, मनीष साहू एवं अजय कुमार समेत कई अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. वरिदमाला जैन ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कर्म नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य उपहार है। कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने छात्रों को प्रकृति के प्रति सजग रहने और हर वर्ष पौधा लगाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए त्रिशला फाउंडेशन एवं विद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी अभियानों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में ऐरम नाज अंसारी हुई सम्मानित



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** प्रतिभा की पहचान और प्रोत्साहन के उद्देश्य से आयोजित एक सम्मान समारोह में शहर की उभरती होनहार छात्रा ऐरम नाज अंसारी को देश के प्रतिष्ठित अखबार ने विशेष रूप से सम्मानित किया गया। व्यापारी नेता मोहम्मद अकरम शगुन की बेटी ऐरम को प्रमाण पत्र और एक मॉडल ट्रॉफी देकर मंच पर सम्मान प्रदान किया गया। ऐरम नाज अंसारी ने हाई स्कूल की परीक्षा में बिना कोचिंग के 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन किया था। उनकी इसी उपलब्धि के चलते उन्हें इस कार्यक्रम में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में ऐरम की इस उपलब्धि पर व्यापार मंडल के कई पदाधिकारियों और समाजसेवियों ने उन्हें और उनके पिता अकरम शगुन को बधाई दी। महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष अवंतिका टंडन, महामंत्री पल्लवी अरोड़ा मीरपुर के पार्षद साहिल अरोड़ा, प्रयागराज व्यापार मंडल के सुशांत केसरवानी, मुसाब खान, सिविल डिफेंस के मोहम्मद ताहिर, मीडिया जगत के तमाम लोगों ने, बडा ताजिया मोहर्रम कमेटी के सचिव इमरान खान ने भी शुभकामना और बधाई दिया।समारोह में उपस्थित लोगों ने ऐरम नाज के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसी बेटियाँ ही समाज और परिवार का गौरव होती हैं।

### मूसलाधार बारिश से जलमग्न हुआ शहर

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** बुधवार सुबह से हुई मूसलाधार बारिश ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। शहर की सड़कों और गलियों में हुए जलभराव ने नगर निगम की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है। बारिश के पानी की निकासी का कोई उचित प्रबंध नहीं होने से फ्लाईओवर के नीचे और आसपास के इलाकों में पानी भर गया है। बारिश का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। जलभराव की स्थिति इतनी गंभीर है कि लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। यह स्थिति नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। शहर के अल्लापुर, टैगोर टाउन, गऊघाट, ईसीसी कॉलेज के पीछे और नैनी के दुबराज पर छिवकी रेलवे क्रासिंग के साथ कई स्थानों प्रभारीश से जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जहां रहने वाले लोगों के लिए बारिश परेशानी का सबब बन गया है। घरों के बाहर बारिश का पानी भी जाने के बाद लोग घरों से नहीं निकल पा रहे है। शहर में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से मामूली बारिश में भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## बिना पूंजी लगाएं दोना पत्तल एवं पॉपकॉर्न उद्योग लगाऐं

**मैनपुरी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी पवन यादव ने बताया कि उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा खादी नीति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में दोना मेकिंग मशीन एवं पॉपकार्न मेकिंग मशीन निःशुल्क वितरण हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है, दोना-पत्तल एवं पापकार्न निर्माण का कार्य करने वाले भुर्जी समाज के कारीगर एवं परम्परागत कारीगरों, स्वरोजगार में रूचि रखने वाले ग्रामीण क्षेत्र के कारीगरों को आधुनिक मोटराइज्ड दोना-पत्तल एवं पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन निःशुल्क वितरण की जायेगी। उन्होने बताया कि इस योजना का लाभ 18 से 50 वर्ष की उम्र के पात्र लोगों को दिया जायेगा, ग्रामीण क्षेत्र के स्थायी निवासी, इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन पत्र फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ कार्यालय किसी भी कार्यदिवस में आकर जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, राम श्याम भवन भांवत चौराहा पर दि. 17 जुलाई तक आवेदन कर सकते है, लाभार्थियों का चयन गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा, चयनोपरान्त चयन सूची मुख्यालय प्रेषित की जायेगी।

## मजदूरों, किसानों को मिले सामाजिक सुरक्षा की गारंटी

- 19 सूत्री मांगों को लेकर उप्र खेत मजदूर यूनियन ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आजमगढ़ इकाई द्वारा कलेक्ट्रेट भवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। अपने 19 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष खरपत्तू राजभर के नेतृत्व में पूरे डीएम कार्यालय के आस-पास जुलूस की शकल में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर आवाज उठाई।

उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष खरपत्तू राजभर ने कहा कि मजदूरो के हितों का सरकारें ख्याल नहीं रख रही जिससे श्रमिकों का उत्पीड़न हो रहा है। हमारी मांग है कि उप्र में तत्काल न्यूनतम वेतन समिति का गठन किया जाए, सभी प्रकार के कार्यों में कार्यरत मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हजार प्रतिमाह किया जाए, चारों श्रम संहिताओं को श्रमिक हितों को ध्यान में रखते हुए अविलम्ब रद किया जाए, श्रम कानूनों को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ लागू किया जाए। सभी को




स्थायी रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए, संविदा नीति को तत्काल रोक लगाया जाए।

पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए साथ ही खेत मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित हो। जिलाध्यक्ष मखडू राजभर व जिलामंत्री दुर्बली राम ने कहाकि हमारी मांगों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली के निजीकरण पर शीघ्रातिशीघ्र रोक लगाई जाए, स्कीम वर्कस को स्थायी कर्मचारी का दर्जा किया जाए उनको 26हजार वेतन व 10 हजार मासिक पेंशन दिया जाए। सभी खेत मजदूरों को 55 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद 10 हजार रूपये मासिक पेंशन की व्यवस्था की जाए। साथ ही सभी खेत मजदूरों को सात सौ रूपये प्रतिदिन न्यूनतम मजदूरी व साल में 200 दिन काम की गारंटी सुनिश्चित किए जाने सहित आदि मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग ने धरने को अपना समर्थन देते हुए सरकार का धेराव किया। प्रदर्शन करने वालों में कामरेड हादिम अली, रामाज्ञा यादव, राजनरायन, मखडू राजभर, रामनेत यादव, शहनवाज बेग, अशोक राय, रामदरस, तेजबहादुर, गंगादीन, चंद्रमोहन यादव, आमिर, आदि शामिल रहे।

## स्वर्गीय रामविलास पासवान का जन्मदिन मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** कलेक्ट्री कचहरी स्थित रिक्शा स्टैंड पर गरीबों, वंचितों, शोषितों, कमजोर वर्गों, के मसीहा स्वर्गीय रामविलास पासवान का रामविलास पासवान का जन्मदिन मनाया गया। वक्ताओं ने संबंधित करते कहा कि देश के भारतीय राजनीति में 1969 में पहली बार विधानसभा पहुंचे पासवान जी के आदर्श जयप्रकाश नारायण जननायक कर्पूरी ठाकुर के साथ लोहिया जी के विचारों में आस्था रखते थे। देश में इमरजेंसी के दौरान काफी दिनों तक जेल में रहना पड़ा 1977 में हाजीपुर लोकसभा से रिकॉर्ड मतो से चुनाव जीता और आगे वाले दिनों में कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक शिवमोहन शिल्पकार ने सबसे पहले उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पासवान साहब की जितनी भी वर्णन किया जाए उतना ही काम है द्य उनकी सोच सदा कमजोर वर्गों के साथ रही। देश के राजनीति में अपनी स्थिति को सदा एक निष्पक्ष नेता के रूप में स्थापित करते हुए सन् 2000 में लोक जनशक्ति पार्टी की स्थापना किया और देश में अपनी हिस्सेदारी को सुनिश्चित किया और आने वाले दिनों में अनेक कार्य किया द्य इन्होंने देश के प्रति सदा समर्पित रहे और अपने जीवनकाल में ही अपने हाजीपुर लोकसभा को अपने छोटे भाई पशुपति कुमार पारस जी को समर्पित कर उन्हें विजई बनवाया 8 अक्टूबर 2020 को उनकी मृत्यु के उपरांत एनडीए गठबंधन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पारस जी को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनाया गया था और समाज को गति और बल देने का काम पारस जी करने लगे इसी बीच परिवारीक विवाद में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की स्थापना किया। नेताजी को विचारों के प्रति अपने को समर्पित किया 2024 लोकसभा में उन्होंने एनडीए के प्रति अपना समर्थन देते हुए पुनः सरकार बनाने का कार्य किया।

## सुबह से ही झूम के बरसे बदरा

- काले बादलों से हुआ अंधेरा, कई इलाकों में बिजली कटी

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज में बुधवार की सुबह की बादल झूमकर बरसे। बारिश शुरू होते ही शहर के कई इलाकों में बिजली कट गई। सुबह करीब आठ बजे अचानक तेज हवाओं के साथ भारी बारिश शुरू हो गई। जिससे पिछले तीन दिनों से उमस और गर्मी से जूझ रहे प्रयागराज के लोगों को थोड़ी राहत मिली। बारिश का क्रम आधे घंटे से अधिक समय तक चलता रहा। तेज बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जल जमाव की स्थिति बन गई।बुधवार को अचानक शुरू हुई तेज बारिश के साथ आसमान बिजली की तेज चमक लोगों को डराती रही। बादलों की गड़गड़ाहट के साथ हो रही तेज बारिश ने जन जीवन के अस्त व्यस्त कर दिया। सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह के समय बारिश के कारण कई इलाकों में दूध आदि की सप्लाई भी प्रभावित हुई। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के जलवायु एवं समुद्र अध्ययन केंद्र के प्रो. शैलेंद्र राय ने बताया कि आने वाले दिनों में इसी प्रकार के भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। जहां तक बुधवार को दिन के तापमान की बात करें तो अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। दिन में भी इसी प्रकार बादलों के छाए रहने और रुक-रुक कर बारिश होने की अभी संभावना बनी हुई है।

## चार मासूम बच्चों की लाश पानी भरे गड्ढे में उतराती मिली

- एक दिन पहले से थे लापता

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के बेदौली गांव से लापता चार मासूम बच्चों की बुधवार सुबह घर से कुछ ही दूरी पर पानी भरे गड्ढे में लाश उतराती हुई मिली तो सनसनी फैल गई। चारों बच्चों में दो भाई-बहन हैं। बाकी दो पड़ोसी हैं। सूचना पर मौके पर एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय के साथ मेजा थाना अध्यक्ष राजेश उपाध्याय पहुंच गए। चारों बच्चों के शव को पहले सीएचसी रामनगर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। घर में कोहराम मचा हुआ है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के बेदौली गांव के आदिवासी बस्ती के ज्यादातर लोग गांव में स्थित ईट भट्ठा या मनरेगा में मजदूरी का काम करते हैं। उनकी बस्ती के पास ही ईट भट्ठा संचालित होता है। ईट भट्ठा संचालक द्वारा मिट्टी निकालने के चक्कर में बड़ा गड्ढा कर



दिया गया है। जिसमें बारिश का पानी भरा हुआ है। मंगलवार शाम तीन बजे बस्ती के लोग मनरेगा के काम में चले गए थे। शाम पांच जब बस्ती के लोग घर आए तो हीरा आदिवासी का बेटा हुनर (5), हीरा आदिवासी की बेटी वैष्णवी (3), संजय आदिवासी का बेटा खेसारी लाल (5) और विमल आदिवासी का बेटा कान्हा (5) वर्ष घर से लापता थे। चारों बच्चों की खोजबीन पूरी बस्ती के लोग काफी देर तक किए लेकिन कुछ भी पता नहीं चल सका। मेजा पुलिस ने रात में ही चारों बच्चों के लापता होने पर गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू की थी, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। बुधवार सुबह छह बस्ती के लोगों की निगाह ईट भट्ठा के बगल पानी भरे गड्ढे पर गई तो वहां पर चारों मासूम बच्चों की लाश उतरती हुई दिखी। ऐसे में सनसनी फैल गई। घर में कोहराम मच गया। बस्ती के लोगों ने चारों बच्चों की उतराती हुई लाश को बाहर निकाल लिया। सूचना पर एसीपी मेजा, एसडीएम मेजा सुरेंद्र प्रताप यादव सहित कई थानों की फोर्स पहुंच गई। पुलिस के मुताबिक चारों बच्चे खेलते खेलते पानी भरे गड्ढे में चले गए। जिससे चारों मासूम बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने चारों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसडीएम मेजा ने बताया की चारों बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए सहायता के रूप में दिया जाएगा।

### दो घंटे तक बंद रहे शहर में टेंपो टैक्सी और ई रिक्शा

**प्रयागराज।** ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन के आवाहन पर आज इलाहाबाद टेंपो टैक्सी ई रिक्शा यूनियन ने भी 2 घंटे तक शहर में अपने सदस्यों को मार्ग पर नहीं चलने दिया और सांकेतिक हड़ताल रही। यह हड़ताल अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन के आवाहन पर की गई थी। ई रिक्शा यूनियन और टेंपो टैक्सी यूनियन के उपाध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी के साथ ही साथ रमाकांत रावत, बबलू जायसवाल, ननकऊ मिश्रा ने कल अपने हेड ऑफिस में एक बैठक की थी। जिसमें आज की हड़ताल का समर्थन करते हुए हड़ताल को सफल बनाने के लिए 10 से 12 तक अपने वाहनों को सड़कों पर नहीं चलने का आश्वासन दिया था। स्कूल वाहनों के लिए इस हड़ताल में छूट दी गई थी। जिससे छात्रों को किसी प्रकार से परेशानी ना हो। यूनियन के उपाध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी ने कहा कि यह सरकार मजदूर विरोधी है इस वजह से हम लोगों ने इस हड़ताल का समर्थन किया। अन्त में यूनियन के पदाधिकारी और ड्राइवर ने एक जुलूस निकालकर के एजी ऑफिस तक गए जहां पर पूरे शहर के ट्रेड यूनियन के लोगों का धरना प्रदर्शन हो रहा था।

## प्रकृति से दूर नहीं बल्कि प्रकृति के समीप रहें

- प्रकृति से जुड़कर मिलेगा सुखद अनुभव- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री
- पर्यावरण असंतुलन को रोकने, नई पीढ़ी को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पौधा रोपण बेहद

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** वृक्ष हमारे लिए काफी लाभदायक हैं, वातावरण में फैली कार्बनडाई-ऑक्साइड को जीवन-दायिनी ऑक्सीजन में बदल कर हमें पूरी जिन्दगी ऑक्सीजन प्रदान करने का कार्य करते हैं, वृक्षों की पत्तियों, छाल एवं जड़ों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां मिलती है, वृक्षों से रसदार, स्वादिष्ट फल प्राप्त होते हैं साथ ही वृक्ष हमें छाया प्रदान करते हैं इनकी छाया में पशु-पक्षी ही नहीं बल्कि मनुष्य को भी चैन की सांस मिलती है, वर्तमान में तेजी से वातावरण में कार्बनडाई-ऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है, जिसको कम करने का सशक्त माध्यम सिर्फ वृक्ष ही है, पर्यावरण प्रदूषण, वातावरण में ऑक्सीजन की घटती मात्रा का परिणाम ही है कि दिन-प्रतिदिन गंभीर बीमारियों का खतरा मानव जाति पर मंडरा रहा है, प्रकृति के साथ की गई छेड़-छाड़ का दुष्परिणाम आज मानव जाति को झेलना पड़ा रहा है, यदि हमें आगे आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है तो हमें वन क्षेत्र को बढ़ाने की दिशा में कार्य करना होगा। उक्त उद्गार पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह ने वृक्षारोपण महाभियान-2025 के अन्तर्गत विकास खंड मैनपुरी के ग्राम उझैया फकीरपुर, सैनिक स्कूल में वृहद स्तर पर किये गये वृक्षारोपण में पौधा रोपित करते हुये व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने वृक्षारोपण अभियान को माँ के पवित्र रिश्ते से जोड़कर देशवासियों का आह्वान किया कि



प्रत्येक व्यक्ति अपनी माँ की स्मृति में एक पौधा माँ के नाम रोपित कर उसकी देखभाल करें, इसी क्रम में प्रदेश के मुखिया ने देश का सर्वाधिक वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित कर उत्सव के माहौल में वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में 37 करोड़ से अधिक पौधे रोपित कर नया कीर्तिमान स्थापित कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करायेगा। उन्होने सैनिक स्कूल के छात्रों द्वारा परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने पर बधाई, उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सैनिक स्कूल के छात्रों ने जनपद में ही नहीं पूरे प्रदेश, देश में नाम रोशन किया है। उन्होने कहा कि निरंतर विकास के कारण वन क्षेत्र में कमी आयी है, जिसके कारण वृक्षों की संख्या घटी है, वृक्षों की कमी के कारण पर्यावरण में असंतुलन पैदा हुआ है, केन्द्र-प्रदेश सरकार पर्यावरण सुधार की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है, वन महोत्सव के अन्तर्गत प्रदेश में बड़ी संख्या में आज पौधे रोपित किये जाने का अभियान संचालित है, जिसके तहत जनपद में 37 लाख से अधिक पौधे रोपित किये जायेंगे। श्री सिंह ने कहा कि कोरोना कालखंड में ऑक्सीजन की किल्लत से मरीजों, परिजनों को जूझना पड़ा, लाखों रुपया खर्च करने के बाद भी ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही थी लेकिन हमें वृक्ष पूरे समय ऑक्सीजन प्रदान करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा की आबादी बढ़ने के साथ वृक्षों की संख्या निरंतर घटी है, विकास कार्यों के कारण वृक्षों के कटान में वृद्धि हुई, जिसके फलस्वरूप पर्यावरण में असंतुलन पैदा हुआ, जिसका परिणाम आज प्राकृतिक आपदाओं के रूप में हमारे सामने हैं, ग्लोबल वार्मिंग के कारण पूरी दुनिया चिंतित है, आज प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि स्वयं को तंदुरुस्त, सेहतमंद रखने के लिए एक वृक्ष अवश्य लगायें और उसकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि यदि हम स्वस्थ रहना चाहते हैं तो प्रत्येक व्यक्ति को पौधा-रोपण कर उसको विकसित करना होगा यदि वन आच्छादन क्षेत्र में बढ़ोत्तरी होगी तो जनपद के वातावरण में भी सुधार होगा।

### सूचना

मैं लल्लू पुत्र स्व0 लाल जी निवासी- नहवाई, थाना-माण्डा, तहसील-मेजा, जनपद प्रयागराज अपना व अपने परिवार की न्यायिक सुरक्षा को देखते हुए अपने ही मकान के जुज भाग में ही अपने पुत्र मोनू सोनी व उसकी पत्नी वैष्णवी उर्फ आँचल सोनी का रहन-सहन व खान-पान सब अलग कर दिया है। आज के बाद से प्रार्थी व उसके परिवार के अन्य सदस्यों का मोनू सोनी व उसकी पत्नी वैष्णवी उर्फ आँचल सोनी के आपसी विवाद या झूठे मुकदमें बाजी या उनके किसी भी प्रकार का लेन देन से कोई वास्ता-सरोकार न है और न ही भविष्य में रहेगा।

**लल्लू पुत्र स्व0 लाल जी**
**निवासी- नहवाई, थाना-माण्डा, तहसील-मेजा, जनपद प्रयागराज**
**मो0नं0-9936266749**

# शेयर बाजार लाल निशान पर हुआ बंद

**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 176.43 अंक गिरकर 83,536.08 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 46.40 अंक गिरकर 25,476.10 अंक पर आ गया।

आईटी और तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली के कारण बुधवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। कंपनियों के नतीजों का सीजन शुरू होने से पहले निवेशकों ने सतर्कता बरती और वैश्विक स्तर पर मिलेजुले रुख अपनाए।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 176.43 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 83,536.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 330.23 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरकर 83,382.28 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 46.40 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 25,476.10 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीआईसीआई बैंक पिछड़ गए। वहीं बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान



यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावर ग्रिड लाभ में रहे।

**वेदांता के शेयर में आई 3.38 प्रतिशत की गिरावट**

खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता के शेयर बीएसई पर 3.38 प्रतिशत गिरकर 440.80 रुपये पर बंद हुए। यह गिरावट अमेरिकी शॉर्ट सेलर वायसराय रिसर्च की एक रिपोर्ट के बाद आई, जिसमें अरबपति अनिल अग्रवाल के खनन समूह को ÷वित्तीय रूप से अस्थिर÷ बताया गया। साथ ही कहा गया कि यह ऋणदाताओं के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहा है।

**घरेलू उपभोग विषयों ने निवेशकों पर डाला असर**

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारतीय प्रमुख सूचकांक मोटे तौर पर सीमित दायरे में रहे, जबकि घरेलू उपभोग के विषय निवेशकों की धारणा को प्रभावित करते रहे। वैश्विक व्यापार तनाव और रेसिप्रोकल टैरिफ के बावजूद, निवेशकों का ध्यान घरेलू आय और संरचनात्मक विकास चालकों की ओर बढ़ रहा है। इसमें शहरी मांग में संभावित सुधार और बुनियादी ढांचे पर आधारित खर्च में तेजी शामिल है।

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार सपाट स्तर पर बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.51 प्रतिशत बढ़कर 70.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 26.12 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालाँकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,366.82 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मंगलवार को सेंसेक्स 270.01 अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 83,712.51 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 61.20 अंक या 0.24 प्रतिशत चढ़कर 25,522.50 पर बंद हुआ।

## कमजोर मांग के बीच फीकी पड़ी सोने की चमक, चांदी की कीमतें भी गिरीं


**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट आई। सोने का भाव 700 रुपये घटकर 98,420 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं चांदी की कीमत 800 रुपये की गिरावट के साथ 1,04,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

कमजोर वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 700 रुपये घटकर 98,420 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 600 रुपये की गिरावट के साथ 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। वहीं चांदी की कीमत 800 रुपये की गिरावट के साथ 1,04,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि जुलाई में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होने और अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने के कारण बुधवार को सोने की कीमतों में बिकवाली का दबाव देखा गया। अमेरिकी डॉलर मजबूत बना हुआ है और दो सप्ताह के उच्चतम स्तर के करीब कारोबार कर रहा है। बाजार सहभागियों का अनुमान है कि फेड उच्च आयात करों और लचीले अमेरिकी श्रम बाजार के कारण मुद्रास्फीति में संभावित गिरावट को देखते हुए अधिक ब्याज दरें बनाए रखेगा।

वैश्विक स्तर पर सोना हाजिर 11.66 डॉलर या 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,289.81 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। मेहता इक्विटीज के कमोडिटीज उपाध्यक्ष राहुल कलंत्री ने कहा कि अमेरिका में ब्याज दर में कटौती की संभावना और नए व्यापार जोखिमों के बीच संतुलन बनाने के कारण सोने की कीमतें 3,300 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गईं।

## टाटा के कैरेटलेन ने वित्तीय वर्ष '26 में स्ट्रेटेजिक विस्तार करके उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को मज़बतू किया




**लखनऊ।** टाइटन कंपनी लिमिटेड का 100 प्रतिशत स्वामित्व और भारत के अग्रणी ओम्नी-चैनल ज्वेलरी ब्रांड कैरेटलेन ने क्षेत्रीय विस्तार की अपनी नीति के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में उत्तर प्रदेश पर अपने ध्यान को और सुदृढ़ किया है। ब्रांड राज्य में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है। शहरी और नए उभरते हुए बाज़ारों में लगातार बढ़ती उपभोक्ता मांग और मजबूत ओम्नी-चैनल प्रदर्शन के साथ, कैरेटलेन उत्तर प्रदेश में अपनी जड़ों को और मजबूत कर रहा है। कैरेटलेन के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौमेन भौमक ने कहा, उत्तर प्रदेश न केवल अपने पैमाने की वजह से, बल्कि ऑफ़लाइन और ऑनलाइन, दोनों में स्पष्ट और लगातार वृद्धि के कारण भी हमारे लिए एक प्रमुख बाज़ार के रूप में उभरा है। अब हम नए शहरों में कदम रखकर, उपभोक्ताओं के साथ संबंधों को मजबूत करते हुए, और उनके आभूषणों की खरीदारी के तरीकों में लगातार नवाचार करते हुए राज्य में अपनी उपिस्थति को और अधिक सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वित्त वर्ष '26 में, कैरेटलेन राज्य-भर में 15 नए स्टोर लॉन्च करके उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को और गहरा करेगा। इसमें आठ नए टियर-2 और टियर-3 शहर जौनपुर, आज़मगढ़, रायबरेली, मुज़फ़्फ़रनगर, सुल्तानपुर, गाज़ीपुर, आदि शामिल हैं। इसे नए उभरते हुए बाज़ारों में ब्रांड के रिटेल विस्तार की अगली लहर के रूप में देखा जा सकता है। कैरेटलेन आने वाले सप्ताह में लखनऊ में एक नया स्टोर खोलेगा, जो ब्रांड के लिए एक महत्वपूर्ण रिटेल और उपभोक्ता केंद्र बनेगा और इस शहर में ब्रांड की लोकप्रियता एवं पहुंच को बढ़ाएगा।

# व्योम लाया सिर्फ10 में अनलिमिटेड इंटरनेट

**नई दिल्ली।** भारत की डिजिटल क्रांतिमें एक नया अध्याय जुड़गया है। देश की अग्रणी टेक्नोलॉजी कंपनी व्योम ने आज घोषणा की कि उसे बर्टेल्समैन इंडिया इन्वेस्टमेंट्स, एक्सेल, प्रोसस और प्रोमाफ्ट पार्टनर्ससे 300 करोड़ प्राप्त हुए हैं। मौजूदा निवेशक आरटीपी ग्लोबल ने भी इस राउंड में भाग लिया।इस निवेश से व्योम भारत के छोटे शहरों और गांवों में किफ़ायती और अनलिमिटेड इंटरनेट सुविधा पहुंचाने के अपने मिशन को और तेज़ी से आगे बढ़ाएगा।व्योम का मॉडल उपभोक्ताओं के लिए किफ़ायती इंटरनेट, ऑपरेटरों के लिए कमाई का मौका व्योम (Wiom) भारत सरकार की प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्कइंटरफ़ेस के अंतर्गत देश का सबसे बड़ा लाइसेंस प्राप्त पब्लिक डेटा ऑफिस एग्रीगेटर है। यह कंपनी स्थानीय इंटरनेट ऑपरेटरों के साथ मिलकर इंटरनेट प्लान देती है। यह मॉडल न केवल इंटरनेट को किफ़ायती बनाता है बल्कि स्थानीय ऑपरेटरों को कमाई और तरक्की का सीधा मौका भी देता है।व्योम के फाउंडर सत्यम दरमोड़ा ने कहा हम मानते हैं किहर व्यक्तिको बड़े सपने देखने का अधिकार है। सूचना तक पहुंच ही इन सपनों को पूरा करने की पहली सीढ़ी है। हम व्योम के माध्यम से केवल इंटरनेट नहीं, बल्किअवसरों की दुनिया सबके लिए खोल रहे हैं और वो भी मात्र 10 में।

# अमेरिकी शॉर्ट सेलर के निशाने पर अब वेदांता समूह, बताया ताश के पत्तों से बना घर

**नई दिल्ली।** अमेरिकी कंपनी ने भारतीय खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड की ब्रिटेन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज के ऋण के खिलाफ शॉर्ट पोजीशन लेते हुए आरोप लगाया कि यह समूह अस्थायी ऋण, लूटी गई संपत्ति और लेखांकन की कल्पना की नींव पर बना एक ताश का घर है।

अमेरिकी शॉर्ट सेलर वाइसराय रिसर्च ने बुधवार को अरबपति अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली ब्रिटिश कंपनी वेदांता रिसोर्सेज को एक परजीवी करार दिया और कहा कि फर्म अपनी भारतीय इकाई को व्यवस्थित रूप से खत्म कर रही है। हालांकि, इस आरोप को समूह ने चुनिंदा गलत सूचना वाला और निराधार बताया, जिसका उद्देश्य कंपनी को बदनाम करना है।



अमेरिकी कंपनी ने भारतीय खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड की ब्रिटेन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज के ऋण के खिलाफ शॉर्ट पोजीशन लेते हुए आरोप लगाया कि यह समूह अस्थायी ऋण, लूटी गई संपत्ति और लेखांकन की कल्पना की नींव पर बना एक ताश का घर है।

वेदांता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह रिपोर्ट चुनिंदा गलत सूचनाओं और निराधार आरोपों का दुर्भावनापूर्ण मिश्रण÷ है और इसके लेखकों ने समूह से संपर्क किए बिना इसे जारी किया है।

वायसराय ने 85 पृष्ठ की रिपोर्ट में कहा, वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) एक परजीवी होल्डिंग कंपनी है, जिसका अपना कोई महत्वपूर्ण संचालन नहीं है, यह पूरी तरह से अपने मरणासन्न मेजबान वेदांता लिमिटेड (वीईडीएल) से निकाली गई नकदी पर टिकी हुई है।

वीईडीएल ने पिछले चार वित्तीय वर्षों में 75,800 करोड़ रुपये का लाभांश दिया है, जबकि इसकी इकाई हिंदुस्तान जिंक ने इसी अवधि में 57,300 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वीईडीएल में लाभांश भुगतान का 56.38 प्रतिशत वेदांता रिसोर्सेज को उसकी शेयरधारिता के अनुरूप मिला, जबकि हिंदुस्तान जिंक को 61.62 प्रतिशत लाभांश मिला।

वायसराय ने कहा कि वीईडीएल ने पिछले 3 वर्षों में लाभांश के मुकाबले 5.6 बिलियन अमरीकी डालर की मुक्त नकदी प्रवाह की कमी अर्जित की है, जबकि वित्त वर्ष 22 से इसका शुद्ध ऋण 6.7 बिलियन अमरीकी डॉलर (लगभग 200 प्रतिशत) बढ़ गया है। इसमें कहा गया है, वीईडीएल का नकदी भंडार समाप्त हो गया है तथा धन उधार लेने और कार्यशील पूंजी मदों को परिसमाप्त करने की उसकी क्षमता समाप्त हो गई है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा, अंचल कार्यालय द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**लखनऊ।** स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सृजित करने हेतु वृक्षारोपण महाभियान 2025 एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के अंतर्गत तथा आगामी 20 जुलाई को बैंक के 118 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में, आज बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ अंचल द्वारा हर्बल गार्डन, राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, लखनऊ में एक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में औषधीय गुणों से युक्त 118 पौधों का रोपण करते हुए बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने हरित पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार किया । यह कार्यक्रम श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह अंचल प्रमुख, लखनऊ अंचल एवं डॉ. विजय पुष्कर , प्रधानाचार्य, राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय के गरिमामयी उपस्थिति एवं सहभागिता में संपन्न हुआ । इस अवसर पर , राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय एवं बैंक ऑफ़ बड़ौदा के अन्य कार्यपालकगण, अधिकारियों एवं छात्रों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए वृक्षारोपण किया। श्री सिंह ने हरित पर्यावरण के महत्व पर भी अपने विचार साझा किए और सभी से प्लास्टिक एवं कागजों के उपयोग को कम करने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग आदि के माध्यम से पर्यावरण की रक्षा करने की अपील की।

## अब स्मर्फ्स मेरी नहीं, मेरे बच्चों की बचपन की यादों का भी हिस्सा है, रिहाना ने की स्मरफेट, अपने बचपन और साल की सबसे शानदार फिल्म पर बातचीत



दुनिया की सबसे लोकप्रिय एनिमेटेड फ्रेंचाइज़ी में से एक स्मर्फ्स 2025 में एक बार फिर धमाकेदार वापसी कर रही है, और इसके फैंस इससे ज़्यादा खुश नहीं हो सकते। स्मर्फ्स की ये नई फिल्म पुरानी यादों और ताज़ा कहानी का मज़ेदार संगम लेकर आ रही है। कॉमिक बुक से शुरू हुई इन नीले दोस्तों की कहानी ने टीवी और फिल्मों के ज़रिए दुनियाभर के लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। अब एक नई एनिमेटेड फिल्म के साथ स्मर्फ्स एक बार फिर नए दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म को लेकर सबसे ज़्यादा चर्चा का कारण है ग्लोबल सुपरस्टार रिहाना, जो इस बार स्मरफेट को अपनी आवाज़ दे रही हैं। अपनी दमदार पर्सनैलिटी और अलग आवाज़ के लिए मशहूर रिहाना, इस किरदार में एक नई जान डाल रही हैं। स्मरफेट से अपने जुड़ाव और इस फिल्म का हिस्सा बनने को लेकर रिहाना ने कहा, कितनी ही सुबहें ऐसी थीं जब मैं स्कूल जाने से पहले जल्दी उठ जाती थी ताकि स्मर्फ्स देख सकूं, वो याद करती हैं। मैं स्मरफेट से हमेशा जुड़ाव महसूस करती थी। सबसे पहले तो मुझे मेकअप और हेयर हमेशा पसंद रहा है, और वो एक ब्यूटी एक्सपर्ट है। साथ ही वो एक दमदार लीडर है, आत्मनिर्भर है, मज़बूत है, खूबसूरत है, हाज़िरजवाब है और बहुत इमोशनल भी। ये सब चीज़ें मुझे हमेशा इंस्पायर करती थीं। मुझे लगता है उसे भी म्यूजिक पसंद है हिप-हॉप, रेगे, अफ़्रोबीट्स, बैलड्स और हाउस म्यूजिक। स्मरफेट को हमेशा ऑप्शन्स चाहिए। रिहाना आगे कहती हैं, ये फिल्म मेरे बचपन की कितनी सारी यादें ताज़ा कर देती है। और अब ये सिर्फ मेरे नहीं, बल्कि मेरे बच्चों के बचपन का भी हिस्सा बनने जा रही है।

मुझे पूरा यकीन है कि वो इसके फैन बन जाएंगे। मैं तो बस इस फिल्म के प्रीमियर पर उनके साथ जाने और जब वो स्मरफेट की आवाज़ में मेरी आवाज़ सुनेंगे, तो उनके चेहरे पर आने वाली वो खुशी देखने का इंतज़ार कर रही हूं। ये सच में बहुत स्पेशल फीलिंग है। स्मर्फ्स इस बार बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं और साथ ला रहे हैं ज़्यादा जादू, ज़्यादा मस्ती और दिल छू लेने वाले पल। इस फिल्म में जब पापा स्मर्फ (जिन्हें आवाज़ दे रहे हैं जॉन गुडमैन) को बुरी जादूगरनी राज़ामेल और गार्गामेल किडनैप कर लेते हैं, तो स्मरफेट (रिहाना की आवाज़ में) बाकी स्मर्फ्स के साथ असली दुनिया में एक धमाकेदार मिशन पर निकलती है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अर्बन क्रूजर हाइराइडर के लिए विशेष प्रेस्टीज पैकेज पेश किया




**बरेली।** ग्राहकों की खुशी बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी लोकप्रिय सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड एसयूवी अर्बन क्रूजर हाइराइडर के लिए सीमित अवधि का प्रेस्टीज पैकेज पेश किया है । एसयूवी के पहले से ही बोल्ड व परिष्कृत आकर्षण को और बढ़ाने के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया, यह विशेष एक्सेसरी बंडल ग्राहकों को रोज़मर्रा की ड्राइविंग के लिए स्टाइल, उपस्थिति और कार्यक्षमता की एक अतिरिक्त परत प्रदान करता है।जुलाई 2025 से उपलब्ध प्रेस्टीज पैकेज में 10 उच्च मूल्य वाले डीलर के फिट किये और सही ऐसेसरीज हैं जो हाइराइडर के मजबूत शहरी डिजाइन के लिए पूरी तरह पूरक हैं डोर वाइज़र प्रीमियम एसएस इंसर्ट के साथ, हुड एमब्लेम,रियर डोर लिड गार्निश, फेंडर गार्निश,बॉडी क्लैडिंग,फ्रंट बम्पर गार्निश ,हेड लैंप गार्निश, रियर बम्पर गार्निश,रियर लैंप गार्निश - क्रोम,बैक डोर गार्निशप्रत्येक ऐसेसरी को हाइराइडर के विशिष्ट एसयूवी चरित्र के साथ सहजता से मेल खाने के लिए तैयार किया गया है जो इसके मस्कुलर स्टांस, क्रोम हाइलाइट्स और आकर्षक सिलुएट को बढ़ाता है, साथ ही अतिरिक्त सुरक्षा और स्थायित्व भी प्रदान करता है।टोयोटा 66 विशेष एक्सेसरीज, 3 साल/100,000 किमी वारंटी (5 साल/220,000 किमी तक बढ़ाई जा सकने वाली) और 8 साल/160,000 किमी हाइब्रिड बैटरी वारंटी के साथ स्वामित्व को बेहतर बनाता है, जिससे प्रीमियम और परेशानी मुक्त ड्राइविंग अनुभव सुनिश्चित होता है।

## जूपी लूडो ने एक और बड़ी सफलता पाई, उत्तर प्रदेश में 15 मिलियन लोग इस गेम को खेलते हैं, जिससे यह कैटेगरी शेपर बन गया है

**लखनऊ।** भारत के जानेमाने ऑनलाइन स्किल-बेस्ड गेमिंग प्लेटफॉर्म जूपी ने आज अपनी बड़ी उपलब्धि की घोषणा करी। उत्तर प्रदेश अब जूपी लूडो के लिए सबसे बड़ा यूजर बेस बन गया है, जहां 15 मिलियन से ज़्यादा लोग इस गेम को खेलते हैं। राज्य की राजधानी लखनऊ में अब तक 2 बिलियन से ज्यादा बार यह गेम खेला जा चुका है, जो दिखाता है कि लोग सांस्कृतिक रूप से जुड़े खेलों को कितना पसंद करते हैं।

जूपी ने भारत में स्किल-बेस्ड कैजुअल गेमिंग की शुरुआत की थी, और उत्तर प्रदेश ने इसे आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। जिससे यह साफ पता चलता है, कि यूपी सिर्फ गेम खेलने वाला राज्य नहीं है, बल्कि ऑनलाइन स्किल गेमिंग में एक दिशा तय करने वाला राज्य बन चुका है। हाल ही में पूरे देश में 150 मिलियन (15 करोड़) यूजर्स का आंकड़ा पार करने के बाद, जूपी की




उत्तर प्रदेश में तेज़ी से बढ़ती लोकप्रियता यह दिखाती है कि भारत का अगला डिजिटल दौर अब गांवों और छोटे शहरों से शुरू हो रहा है। इसके अलावा, जून 2024 से जून 2025 के बीच राज्य में यूजर्स की संख्या 30 लाख से अधिक बढ़ चुकी है, जिससे लूडो जैसे सांस्कृतिक खेल की लोकप्रियता प्रदर्शित होती है, जो अब स्किल-बेस्ड डिजिटल फॉर्मेट में फिर से पेश किए गए हैं।

जूपी ने एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाया है जो न्यायपूर्ण खेल, पारदर्शिता और जिम्मेदार गेमिंग को बढ़ावा देता है। जूपी लूडो की सादगी, सांस्कृतिक जुड़ाव और ईमानदार खेलने के नियमों की वजह से यह गेम टियर 2, टियर 3 शहरों और ग्रामीण इलाकों में लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो गया है। जूपी का यह समावेशी (सबको जोड़ने वाला) तरीका न सिर्फ इसकी पहुंच बढ़ा रहा है, बल्कि अब कौन लोग गेम खेल रहे हैं और कैसे खेल रहे हैं उसका भी स्वरूप बदल रहा है। इस बदलाव में महिलाओं की भागीदारी में भी बड़ा इजाफा देखा गया है। उत्तर प्रदेश में महिला यूज़र्स की संख्या में साल दर साल 60% की बढ़ोतरी हुई है।

## फ्रैंकलिन टेम्पलटन ने लॉन्च किया फ्रेंकलिन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड

**लखनऊ।** फ्रैंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) ने आज फ्रेंकलिन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड (स्नढ्ढरूस्न) के शुभारंभ की घोषणा की। यह एक ओपनएंडेड मल्टी एसेट एलोकेशन फंड है जो इक्विटी, डेट और कमोडिटीज में निवेश करता है। यह फंड सक्रिय रूप से मैनेज किया जाएगा और इसका उद्देश्य लंबी अवधि में पूंजी में वृद्धिच करना है। इसमें लार्ज, मिड और स्मॉल कैप सेगमेंट में ग्रोथ और वैल्यू स्ट्रैटेजी के मिश्रण के साथ साथ डेट, मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स और कमोडिटीज में निवेश शामिल होगा। न्यू फंड ऑफर (NFO) 11 जुलाई 2025 से खुलेगा और 25 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें यूनिट्स 10 प्रति यूनिट की कीमत पर उपलब्ध होंगी।

लॉन्च पर फ्रैंकलिन टेम्पलटन-इंडिया के प्रेसिडेंट अविनाश सत्वालकर ने कहा इस फंड का लॉन्च हमारे ग्राहकों की प्राथमिकताओं, लक्ष्यों और चुनौतियों को समझने और उन्हें लंबी अवधि के वित्तीय उद्देश्यों से मेल खाने वाले समाधान देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एफआईएमएएएफ एक लचीली एलोकेशन स्ट्रैटेजी अपनाता है जो इक्विटी, फिक्स्ड इनकम और कमोडिटीज के विशिष्ट रिस्क-रिटर्न प्रोफाइल का लाभ उठाने के लिए डिजाइन की गई है। मौजूदा अस्थिर माहौल में, जहां इक्विटी वैल्यूएशन ऊंचे हैं और बॉन्ड यील्ड्स स्थिर हो रहे हैं, ऐसे में गोल्ड जैसी कमोडिटीज के साथ इन एसेट क्लासेस का संयोजन बेहतर रिस्क-एडजस्टेड रिटर्न दे सकता है।÷

उन्होंने आगे कहा हम दृढ़ता से मानते हैं कि एफआईएमएएएफ, हमारे ग्लोबल मॉडल से निर्देशित होकर जो मैक्रोइकोनॉमिक इंडिकेटर्स को पोर्टफोलियो मैनेजर्स की क्वालिटेटिव इनसाइट्स से जोड़ता है हमारे ग्राहकों के लिए एक प्रभावशाली इन्वेस्टमेंट सॉल्युशन साबित हो सकता है।

## एडब्लूएस ने भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान में स्पेस एक्सेलेरेटर प्रोग्राम लॉन्च किया

अमेज़न वेब सर्विसेज़ (AWS) ने आज एडब्लूएस स्पेस एक्सेलेरेटर: APJ 2025 लॉन्च किया। यह प्रोग्राम एशिया पैसिफिक और जापान (APJ) में स्पेस टेक्नोलॉजी पर केंद्रित स्टार्टअप्स को सपोर्ट देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका उद्देश्य एशिया पैसिफिक क्षेत्र में इनोवेशन बढ़ाना और स्पेस इकोनॉमी में तेजी लाना है। इस 10-सप्ताह के एक्सेलेरेटर प्रोग्राम में 40 तक चयनित स्टार्टअप्स को समर्पित व्यवसायिक संसाधन, विशेषज्ञता और टेक्नोलॉजी एवं बिज़नेस क्षमताओं का मार्गदर्शन दिया जाएगा, ताकि वो एडब्लूएस की मदद से अपने मिशन का निर्माण, विकास और विस्तार कर सकें।

इस एक्सेलरेटर प्रोग्राम में स्पेस सेक्टर में काम कर रहे हर स्टेज के स्टार्टअप हिस्सा ले सकते हैं, जो भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड या जापान में स्थित हैं। इस प्रोग्राम की मदद से प्रतिभागी अपने टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म का निर्माण कर सकते हैं, अपने ऑपरेशंस का विस्तार कर सकते हैं, और निवेश के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

एडब्लूएस स्पेस एक्सेलेरेटर के लिए आवेदन: APJ के लिए आवेदन 8 जुलाई, 2025 से शुरू होकर 5 सितंबर, 2025 तक जारी रहेंगे।

एडब्लूएस स्पेस एक्सेलेरेटर- APJ 2025 टी-हब, मिन्फ़ी, फ्यूजक़ि और एंसिस आदि एडब्लूएस पार्टनर्स के सहयोग से चलाया जाएगा, जिसमें इन-स्पेस, ऑस्ट्रेलियन स्पेस एजेंसी, आईलॉन्च और स्काई परफेक्ट जेसैट कॉर्पोरेशन जैसे मुख्य स्पेस ऑर्गेनाइजेशन भी अपना योगदान देंगे।

यह एक्सेलरेटर प्रोग्राम AWS स्पेस एक्सेलेरेटर- इंडिया इन 2024 की सफलता को आगे बढ़ाएगा, जिसमें 24 स्पेस टेक स्टार्टअप्स को सपोर्ट किया गया था। 2024 के प्रोग्राम द्वारा इन कंपनियों ने कई डोमेन, जैसे स्पेसक्राफ्ट प्रोपल्शन, ऑर्बिटल एवं लॉन्च व्हीकल, सैटेलाइट इमेजरी, जियो-स्पैशियल एप्लीकेशंस और स्पेस टूरिज़्म आदि में अपने सॉल्यूशंस का विस्तार किया। यह प्रोग्राम पूरा करने वाली कंपनियों को महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल हुईं- इनोवेटिव जियो-स्पैशियल सॉल्यूशंस को ग्राहकों ने कांट्रैक्ट प्रदान किए। अन्य कंपनियों को निवेश मिले तथा उन्होंने प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी और 'क्वांटम-की डिस्ट्रीब्यूशन' में उल्लेखनीय प्रगति की।

यह विस्तार उस समय हुआ है, जब एशिया पैसिफिक क्षेत्र में स्पेस सेक्टर में बहुत तेजी से वृद्धि हो रही है। भारत में स्पेस इंडस्ट्री 2022 में 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2033 तक 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है।

स्पेस टेक स्टार्टअप के सामने महत्वपूर्ण चुनौतियाँ हैं, जिनमें टेक्नोलॉजी के विकास और टेस्टिंग में उच्च पूंजी की आवश्यकता तथा विशेषज्ञ प्रतिभा की जरूरत शामिल हैं। एडब्लूएस स्पेस एक्सेलेरेटर इन स्टार्टअप्स को जोखिम कम करने में मदद करेगा। इस प्रोग्राम की मदद से वो बड़ा पूंजी निवेश करने से पहले अनेक एडब्लूएस टेक्नोलॉजीज़ और सर्विसेज़ का उपयोग करके टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस का निर्माण और परीक्षण करने में समर्थ बनेंगे। वो तीव्रता और किफायत के साथ प्रयोग कर सकेंगे तथा अपने इनोवेशन के पूर्ण लॉन्च और डिप्लॉयमेंट से पहले उनका परीक्षण करके उनमें सुधार कर सकेंगे।

एडब्लूएस स्पेस एक्सेलेरेटर: APJ 2025 द्वारा निम्नलिखित क्षेत्रों में इनोवेशन करने वाले स्टार्टअप तलाशे जा रहे हैं।

यह 10-सप्ताह का एक्सेलेरेटर प्रोग्राम सितंबर 2025 में शुरू होगा। यह वर्चुअल और इन-पर्सन माध्यम से पूरा किया जाएगा। इसका समापन दिसंबर 2025 में एक डेमो डे के साथ होगा, जिसमें चयनित स्टार्टअप अपने इनोवेटिव सॉल्यूशंस का प्रदर्शन करेंगे। चयनित स्टार्टअप्स को प्रदान किया जाएगा।

## कालीधर लापता में देखें अभिषेक बच्चन का ज़बरदस्त अभिनय, फिल्म ने जीता लोगों का दिल




कालीधर लापता में अभिषेक बच्चन के अभिनय के बारे में अमिताभ बच्चन ने क्या कहा, जानें यहाँ

कुछ फिल्में शोर करती हैं। कुछ फिल्में लोगों के दिलों, घरों और उनकी यादों में अपनी जगह बना लेती हैं। ज़ी5 की नई ओरिज़नल, कालीधर लापता एक ऐसी ही फिल्म है। इसकी सशक्त कहानी ने अपनी भावनात्मक गहराई और सच्चाई के साथ लोगों के दिलों में अपनी जगह बना ली है।

कालीधर लापता के रिलीज़ होने के बाद ही इस फिल्म ने अपनी एक अलग जगह बना ली। इसे आईएमडीबी पर 8.3/10 की रेटिंग मिली है। दर्शकों ने इसे बहुत ही अच्छे रिव्यू दिए हैं। इस फिल्म की भावुक कहानी अभिषेक बच्चन पर केंद्रित है। कई लोगों का कहना है कि इस फिल्म में उन्होंने अपने जीवन की सबसे अच्छी परफॉर्मेंस दी है। उनके किरदार ने संयम, कोमलता और मौन शक्ति का बखूबी चित्रण किया है। आज के समय में जहाँ चीखते हुए भव्य किरदारों का बोलबाला है, वहीं अभिषेक का कालीधर बिल्कुल वास्तविक किरदार के रूप में सबसे अलग खड़ा हुआ है।

लेकिन इस फिल्म में वाहवाही केवल इस अनुभवी कलाकार ने ही नहीं बटोरी है।

बल्लू के रूप में अपनी पहली फिल्म कर रहे युवा दैविक ने भी अपनी उम्र को झुठलाते हुए पर्दे पर सहज और दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। उनकी इस पहली भूमिका में वो जबरदस्त आत्मविश्वास और भावनात्मक गहराई का परिचय देते हैं। उन्होंने इस कहानी में हास्य, शरारत और गर्मजोशी को शामिल कर दिया है।

# वृक्षारोपण महा अभियान 2.0 : मां के नाम रोपे गए 37 लाख पौधे

- कुशीनगर में शौर्य वन की हुई स्थापना, लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा
- बोले मुख्य अतिथि - वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं
- अभियान के तहत पीपल, पाकड़ और बरगद के लगाए गए पेड़

**अवधनामा ब्यूरो**


एयरपोर्ट एरिया में वृक्षारोपण करते सांसद, विधायक व डीएम


पुलिस लाइन में वृक्षारोपण करते एसपी

**कुशीनगर।** वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत कुशीनगर जनपद के कसया रेंज में एयरपोर्ट अप्रोच मार्ग के दाई पटरी के किनारे एयर पोर्ट भूमि पर शौर्य वन की स्थापना की गई। एयर पोर्ट भूमि पर वन विभाग कुशीनगर द्वारा लगभग 2000 पौधे स्कूली बच्चो, एनसीसी महिला समूह व आम जनमानस के सहयोग से रोपित किए गए। उक्त अवसर पर जसवंत सिंह उर्फ अतुल सिंह उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग, विजय कुमार दुबे सांसद कुशीनगर एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में समस्त विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस मौके पर जसवंत सिंह उर्फ अतुल सिंह ने कहा कि पीपल सबसे अधिक प्राण वायु देने वाला वृक्ष है इसका अधिक से अधिक रोपण आवश्यक है। उक्त शौर्य वन की स्थापना कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दूबे सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आहवान पर एक पेड़ मां के नाम हम सबको पौध रोपित करना है तथा इस वृक्षारोपण महा अभियान 2025 को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि बरगद पर्यावरण की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण वृक्ष है।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा की पूरे प्रदेश में 37 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है इसी क्रम में जनपद में 37 लाख का भी लक्ष्य दिया गया है सभी लोग पेड़ लगाने के साथ उसे बचाए। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने स्कूलों में भी वृक्षारोपण के साथ-साथ अभिभावकों को भी पौधे दिया गया है एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं किसान व बागवानी के साथ जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि प्रभागीय बना अधिकारी द्वारा जनपद के कई बड़े स्थल चिन्हित कर ग्राम वन, उपवन वन, सूर्य वन आदि वन बनाकर पौधे लगाए जा रहे हैं एवं इसके साथ ही साथ फेंसिंग भी कराई जा रहे हैं। ÷एक पेड़ मां के नाम÷ हरिशंकरी माला एवं वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत बुधवार को उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज में हरिशंकरी पौधारोपण उत्सव का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोचार के बीच हरिशंकर पेड़ पीपल, पाकड़ बरगद के पौधे को मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री व राज्यसभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह, विशिष्ट अतिथि विधायक मनीष जायसवाल, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तवंर ने लगाया। इस अभियान के दौरान सैकडो की संख्या में विभिन्न प्रकार के पेड़ शिक्षक, छात्रों, एनसीसी कैडेटों, स्काउट गाइड, छात्रों व आमजन के द्वारा लगाया गया। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान के प्रतीक के रूप में, ÷एक पेड़ मां के नाम 2.0÷ अभियान के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन कुशीनगर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री के आह्वान पर शुरू किए गए इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संतुलन के साथ-साथ मातृत्व के प्रति सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा, ÷वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि यह हमारी माताओं के प्रति प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक भी है।

## वृक्ष के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं : मोहन वर्मा



**हाटा, कुशीनगर।** हरिशंकरी माला एवं वृहद वृक्षारोपण अभियान 2.0 के तहत बुधवार को वार्ड नं एक बाघानाथ में खाकी बाबा की कुटी पर हरिशंकरी पौधारोपण उत्सव का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोचार के बीच हरिशंकर पेड़ पीपल, पाकड़ बरगद के पौधे को मुख्य अतिथि मोहन वर्मा विधायक हाटा, विशिष्ट अतिथि रामानंद सिंह अध्यक्ष, मीनू सिंह, अधिशासी अधिकारी ने लगाया। इस अभियान दौरान सैकड़ों की संख्या में विभिन्न प्रकार के पेड़ नगर के सभी वार्डो में वार्ड के सभासदगणों व आमजन के द्वारा लगाया गया। आमजन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोहन वर्मा विधायक हाटा ने कहा कि की हरिशंकर अभियान भारतीय संस्कृति से पर्यावरण को जोड़ने का एक अनूठा अभियान है। इससे हमारी संस्कृति की रक्षा भी होगी वह वातावरण भी हरा भरा रहेगा। इस दौरान नगर अध्यक्ष रामानंद सिंह ने भी संबोधित किया।

## पौधों की देखभाल उसी भाव से करें जैसे मां बच्चों से करती है : विनय

**पडरौना, कुशीनगर।** नगर के प्रतिष्ठित श्री पिंजरा पोल गौशाला परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस भावनात्मक और पर्यावरणीय संदेश से ओत-प्रोत अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नगरवासियों और गौसेवा से जुड़े कर्मठ जनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण ही नहीं, बल्कि मातृत्व की भावना को प्रकृति से जोड़ना था। मां की ममता और पेड़ों की छाया दोनों ही जीवनदायिनी होती हैं।

इसी भावना के तहत सभी ने अपने माताओं के सम्मान में एक-एक पौधा लगाकर संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखरेख उसी भाव से करेंगे जैसे मां अपने बच्चों की करती हैं। नगर पालिका अध्यक्ष विनय ने उद्बोधन में कहा इस अभियान से हम न केवल हरियाली बढ़ा रहे हैं, बल्कि मां की ममता और प्रकृति की सुरक्षा को जोड़ते हुए नई सामाजिक चेतना का निर्माण कर रहे हैं।

# हरियाली ही धरती का श्रृंगार : दीपक कुमार

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** युवक मंगल दल बरनई एंव स्वामी विवेकानंद युवा वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष विकास यादव के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत बुधवार को विकासखंड बैतालपुर के परिषद में खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) चन्द्र भूषण मणि त्रिपाठी सहायक विकास अधिकारी (एग्रीकल्चर) यजुर्वेनंद यादव के साथ वृक्षारोपण महा अभियान में औषधि वृक्ष आंवला का पौधा लगाया गया।

खण्ड विकास अधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटान से पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है इसके कारण पहले से ज्यादा गर्मी पढ़ने लगी है और जमीन के अंदर पानी का लेवल भी काम होता जा रहा है हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करके ही पर्यावरण का संरक्षण किया जा सकता है इस वर्षा काल में एक व्यक्ति एक पेड़ अवश्य लगाये । मानव जीवन की अनुकूल वातावरण विकास हेतु धरती की हरियाली बहुत जरूरी है पेड़ पौधों की हरियाली ही धरती का श्रृगार है।

सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) चन्द भूषण मणि त्रिपाठी ने कहा कि पेड़ों की छाया तो सभी को पसंद है, लेकिन इन्हें लगाने को कोई तैयार नहीं है। स्वच्छ पर्यावरण हमारी पहली जरूरत है। पौधों से सांस लेने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की जरूरत है, ताकि हमारे आसपास ऑक्सीजन की कमी न हो। थोड़ी सी गर्मी होते ही पेड़ों का सहारा तलाशने वाले पेड़ लगाने को प्राथमिकता नहीं दे रहे हैं। ऐसे में हमारे आसपास पर्यावरण को बेहतर बनाने का जिम्मा हम सभी को बखूबी निभाना चाहिये।

सहायक विकास अधिकारी (एग्रीकल्चर) यजुर्वेन्द्र यादव ने कहा कि पर्यावरण को बचाना है तो अधिक से अधिक पौधरोपण करना है। इस करने के साथ साथ पौधों को जिंदा भी रखना है। हर व्यक्ति पौधरोपण के बाद पौधों को जिंदा रखने के लिए उन्हें गोद भी लें। उन्हें समय समय पर पानी दें ताकि वह बढ़ सकें ओर हमारे चारों तरफ हरियाली ही हरियाली हो। विकास की आंधी में बड़ी संख्या में पेड़ कट रहे हैं।

## रामकोला नगर पंचायत की दुकानों पर अवैध कब्जा, जिम्मेदार मौन

**कुशीनगर।** रामकोला नगर पंचायत में पंजीकृत दुकानों पर दबंगों द्वारा कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त दबंग लोग न तो दुकानों का किराया जमा कर रहे है न ही दुकान ही खाली कर रहे है। जिससे नगर पंचायत के राजस्व का भारी नुक़सान हो रहा है।

जनपद के सबसे बड़ा एवं आदर्श नगर पंचायत में शुमार रामकोला नगर पंचायत में पंजीकृत 65 दुकानों के मालिकों द्वारा अपने दुकानों को किराए पर चलवाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी रामकोला द्वारा मौखिक और लिखित रूप से दुकानों को खाली करने और बकाया किराया देने के लिए नोटिस जारी करने के बावजूद अभी तक न तो दुकान खाली किया गया है और न ही बकाया किराया ही जमा किया जा रहा है। जबकि नगर पंचायत अधिनियम के तहत पंजीकृत दुकानों को किराए पर देना गैर कानूनी है।

# पौधा जरूर लगाएं, मिलती है शुद्ध हवा : दारा सिंह

- बोले- यह अभियान केवल सरकारी नहीं बल्कि सामाजिक आंदोलन है

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बुधवार को देवरिया जनपद के बरियारपुर नगर पंचायत क्षेत्र में भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जेल मंत्री दारा सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मंत्री दारा सिंह चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर पहले पूजा-पाठ किया, इसके बाद पीपल, बरगद और पाकड़ के पौधों का रोपण कर जनपद के इस महाअभियान में अपनी भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, और इन्हें मां के नाम पर लगाना हमारी संस्कृति और संवेदनाओं को भी जाग्रति करता है।

पौधरोपण कार्यक्रम में देवरिया के एमएलसी रतन पाल सिंह, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने भी पौधे रोपित किए। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत बरियारपुर के साथ-साथ आस-पास के गांवों के हजारों लोग उपस्थित रहे। लोगों ने भी बड़ी संख्या में पौधे लगाकर इस महाअभियान का हिस्सा बनकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि देवरिया में आज एक ही दिन में 35 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है।

इसके लिए जनपद के सभी नगर पंचायत, ग्राम पंचायत, शैक्षणिक संस्थान और विभागों को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने जनता से अपील की कि लगाए गए पौधों की देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी है।

मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में कुल 37 करोड़ पौधे रोपित किए जा रहे हैं, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मिसाल बनेगा। उन्होंने कहा कि पौधरोपण न केवल प्रकृति को बचाने का उपाय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध हवा और बेहतर जीवन देने का माध्यम भी है।

उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम पर जरूर लगाएं और उसकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल सरकारी नहीं बल्कि सामाजिक आंदोलन है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे लगाए गए पौधों को जीवित रखने के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ उनकी देखभाल करेंगे और पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान देंगे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्य दो दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंची

- जिला अस्पताल के निरीक्षण में खराब मिला वाटर कूलर, एक्सपायरी अग्नि शमन यंत्र का हो रहा प्रयोग

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्य दो दिवसीय दौरे पर अमेठी आ गई है। बुधवार को उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद तहसील सभागार में जनसुनवाई की। पहले दिन उन्होंने माधवपुर गांव में धान की रोपाई कर रही महिलाओं के साथ खेत में उतर कर धान की रोपाई भी की और खेत खलिहान में काम करने वाली महिलाओं का उत्साह बढ़ाया।

एस डी एम प्रीति तिवारी भी उनके साथ रहीं। डा प्रियंका मौर्य ने धान की रोपाई के गीत भी महिलाओं के साथ गुनगुनाए। जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था खराब मिली। अग्निशमन यंत्र एक्सपायर मिले।वाटर कूलर भी ठीक नहीं था। माननीय सदस्य ने वाटर कूलर को ठीक कराने और अग्निशमन यंत्रों को बदलने के निर्देश दिए।

उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और समाधान का भरोसा दिलाया। डॉ. मौर्या ने निरीक्षण के दौरान एनआईसीयू (नवजात गहन चिकित्सा इकाई), डायलिसिस कक्ष, आपातकालीन वार्ड, महिला वार्ड और चिकित्सक कक्ष समेत अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरओ वाटर कूलर खराब स्थिति में पाया गया, जिस पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को नया वाटर कूलर लगवाने के निर्देश दिए। अस्पताल में लगे अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी डेट समाप्त हो चुकी थी, जिन्हें बदलवाने और नए अग्निशमन यंत्र लगवाने के निर्देश भी मौके पर दिए। महिला आयोग की सदस्य ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पांच नवजात बच्चियों के अभिभावकों को बेबी किट वितरित किए। यह पहल बेटियों के सम्मान और भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने माताओं से संवाद करते हुए उन्हें बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील की। निरीक्षण के पश्चात डॉ. मौर्या ने गौरीगंज के ग्राम बिशुनदासपुर में कृषक बद्री विशाल श्रीवास्तव के खेत में पहुंचकर पारंपरिक तरीके से धान की रोपाई की।

## 75 लाख से बनी पथ वे प्रकाश व सुंदरीकरण पर शराबियों का कब्जा

**अवधनामा संवाददाता**

- दोनों तरफ अतिक्रमण से दुर्घटना का बन रहा शबब, जिम्मेदार मौन

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** नगर पंचायतें व नगर पालिकाओं में सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर नगरों की सूरत बदलने के लिए कितना हू प्रयास कर ले लेकिन यहां के जिम्मेदार सरकार के मंसुबे पर पानी फेर रहे है। ऐसा ही एक मामला नगर पंचायत मथौली का है जहां मुख्य सड़क के दोनों तरफ पथ वे प्रकाश एवं सुंदरीकरण पर 75 लाख रुपए खर्च हुए मगर जिम्मेदारों के बेरूखी से यह परियोजना अपने सुंदरता पर आंसू बहा रहा है। पथ वे प्रकाश पर शराबियों का कब्जा हो गया। दोनों तरफ से अतिक्रमण और सड़क शकरी होने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सबसे खराब स्थिति शाम को हो जाती है, चूंकि मेन कस्बे में शराब की दुकान होने से यहां मेले जैसा माहौल कायम हो जाता है लेकिन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रही है, शायद बड़े घटना के इंतजार में है।

बता दें कि हाटाङ्ककसानगंज मार्ग पर स्थित नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 12 मुख्य सड़क के दोनों तरफ नगर पंचायत द्वारा व्यापारिक क्षेत्र का सुंदरीकरण एवं पथ वे प्रकाश के लिए मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 37,57,294 रुपए की लागत से सुंदरीकरण कराया है। दोनों तरफ से इस योजना पर कुल 75 लाख रुपए से ज्यादा खर्च हुआ लेकिन आज अतिक्रमण का शिकार हो गई है। कस्बे से कसानगंज की तरफ जाने वाले मार्ग पर कुछ ही दूरी पर शराब की दुकान है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में शराबियों का जमावड़ा रहता है। शराब की दुकान के साथ दर्जनों चीखना की दुकान है ल, जहां सुबह से शाम तक भीड़ इकठ्ठा रहती है। अभी हाल ही में नगर पंचायत मथौली का उद्घाटन करने आए नगर विकास मंत्री एके शर्मा के आने से पूर्व नगर पंचायत द्वारा पथ वे प्रकाश के बगल में भारी जलजमाव को हटवाते हुए अपनी नाकामियां छिपाकर एक खेत में पानी बहाव करा दिया, और पथ वे प्रकाश के जगह मिट्टी का ढेर लगा दिया।

# पौधे लगाने से ज्यादा संरक्षण जरूरी : राजनेति कश्यप



**अवधनामा संवाददाता**

**सुकरौली, कुशीनगर।** वृहद वृक्षारोपण अभियान 2.0 के तहत एक पेड़ मां के नाम नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप ने वार्ड नं. 14 महाराणा प्रताप नगर (नगर पंचायत कार्यालय सुकरौली) के कैम्पस व नगर के सभी वार्डो मे एक साथ वृक्षारोपण किया गया।

मौके पर उन्होंने कहा कि पर्यारवण को हरा भरा रखने के लिए हम सभी को इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए। क्यों वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। पेड़ लगाए तो उसका संरक्षण भी जरूरी है। इस दौरान उदयवीर सिंह, सुदामा गिरी, लिपिक अमित सिंह, सभासद सत्यप्रकाश मद्धेशिया, दिग्विजय चौहान, सानू गुप्ता, विजेंद्र शर्मा, अरविन्द गुप्ता, गंगेश भारती सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## लक्ष्मीपुर में अंबेडकर पार्क व छठ घाट पर लगाया गया पौधा

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** वृहद वृक्षारोपण जन अभियान 2025 37 करोड़ + पौधारोपण का लक्ष्य प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के आवाहन पर ग्राम सभा लक्ष्मीपुर के प्रधान अकमल हुसैन ने छठ घाट एवं अंबेडकर पार्क में हरिशंकरी माला एवं वृहद वृक्षारोपण के तहत पीपल, पाकड़ और बरगद का हरिशंकरी पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया गया, साथ ही सभी से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया गया। इस मौके पर ग्राम रोजगार सेवक आफताब आलम, ग्राम पंचायत टीए अवधेश कुमार, पंचायत सचिव समरजीत सिंह, इस्तियाक अहमद समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।



# बिरहोर जनजाति पर शोध के लिए बनी टीम में बीबीएयू सैटेलाइट कैम्पस के डा शंकर लाल भी शामिल किए गए

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** बिरहोर जन जाति पर?? दीर्घकालिक अध्ययन हेतु शोध का अवसर सरकार की ओर से बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी के सेटेलाइट कैम्पस टीकरमाफी के समाजशास्त्र विभाग के समन्वयक डॉ शंकर लाल को मिला है।1.2 करोड रू का शोध? प्रस्ताव हाल ही में स्वीकृत हुआ है।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय अधीन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद , नई दिल्ली द्वारा सामाजिक एवं मानविकी विज्ञान में दीर्घकालिक अध्ययन के अंतर्गत ÷बिहार एवं झारखंड के बिरहोर क्क्ङ्कत्र समुदायों में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन, युवा आकांक्षाएं, लैंगिक एजेंसी एवं पारंपरिक ज्ञान का दीर्घकालिक जातीय अध्ययन÷ को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह देश का सामाजिक विज्ञानं के क्षेत्र में इस बहु-वर्षीय परियोजना के लिए कुल 1,20,00,000/- (एक करोड़ बीस लाख रुपये) की अनुसंधान अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसमें परियोजना निदेशक बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के सेटेलाइट केंद्र, अमेठी के समाजशास्त्र विभाग के समन्वयक डॉ. शंकर कुमार लाल हैं तथा इस टीम में डॉ. अपराजिता कुमारी, डॉ. विकाश कुमार, डॉ.प्रेरणा भारती, मनोहर ,गिरिजा शंकर भी शामिल हैं. जबकि परियोजना समन्वयक पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के डॉ. गौरव सिक्का है. आई.सी.एस.एस. आर. द्वारा दीर्घकालिक अध्ययन हेतु प्रस्ताव स्वीकृत होने पर समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष सह संकाय प्रमुख प्रो. मनीष कुमार वर्मा, सहित अन्य ने प्रसन्नता व्यक्त की है. डॉ. शंकर कुमार लाल को इससे पहले भी भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद से 16 लाख रूपये की शोध प्रस्ताव की स्वीकृति मिली हुई है. जिसपर शोध कार्य चल रहा है.

बिरहोर समुदाय, जो भारत के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों में शामिल है, पर यह अध्ययन उनकी पारंपरिक जीवनशैली, सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक परिवर्तन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और युवाओं की आकांक्षाओं को समग्र रूप से समझने का प्रयास करेगा। यह शोध पाँच वर्षों की अवधि में बिहार और झारखंड के आकांक्षी जिलों में क्रियान्वित होगा। 500 बिरहोर समुदाय के सदस्यों और 100 से अधिक प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, और सामाजिक संस्थाओं से आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे।

# मस्जिद गिराने का काम शुरू, मुस्लिम पक्ष ने खुद चलाया हथौड़ा

- पहले तहसीलदार फिर एडीएम न्यायालय ने सरकारी जमीन खाली करने का दिया था आदेश

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** दो दशक पूर्व सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से निर्माण कराए गये मस्जिद और ईदगाह पर मुस्लिम पक्षकारों ने मस्जिद पर हथौड़ा चला दिया है। सबब यह है कि अपर जिलाधिकारी न्यायालय ने सरकारी जमीन से इस मस्जिद को हटाने के लिए आदेश जारी किया था। इसके बाद मुस्लिम समुदाय व मस्जिद पक्ष ने यह निर्णय लिया है। यहां बताना जरूरी है कि सरकारी जमीन पर अवैध मस्जिद निर्माण का विरोध हिन्दू पक्ष लगातार कर रहा था।

जनपद के तमकुहीराज तहसील के गड़हिया चिंतामन गांव में तकरीबन बीस वर्ष पूर्व गांव के साबिर नामक व्यक्ति ने मुस्लिम समुदाय के समर्थन से सार्वजनिक रास्ते की भूमि (आराजी संख्या 645 और 648 कुल रकबा 0.010 हेक्टेयर) जो भूलेख में रास्ते के नाम से दर्ज है इस पर अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण कराया गया था। सरकारी भूमि पर अवैध मस्जिद निर्माण के विरोध मे गांव के ही निवासी अरविंद किशोर शाही ने प्रशासन को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। बताया जाता है कि अरविन्द द्वारा लगातार शिकायती पत्र देने के बाद जब कोई कार्रवाई नही की गई तो सरकारी जमीन को खाली कराने के लिए अरविंद किशोर ने तहसीलदार न्यायालय में एक वाद दाखिल किया। इसके बाद लगातार तारीख पर तारीख लगती रही। इसी दरम्यान सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर अभियान शुरू हो गया जिसे देख अरविन्द किशोर को न्याय की उम्मीद जगी।

### जनवरी में जमीन से बेदखल का हुआ आदेश

वर्षो से तहसीलदार न्यायालय मे चल रहे तारीख पर तारीख वाले याचिका पर 27 जनवरी - 2025 को न्यायालय ने अरविन्द किशोर के पक्ष मे मस्जिद को अवैध करार देते हुए साबिर को बेदखल का आदेश पारित किया। इसी कडी में 20 मार्च 2025 को मस्जिद पर नोटिस चस्पा कर 8 अप्रैल तक सार्वजनिक भूमि को खाली करने का आदेश दिया गया। नोटिस में यह स्पष्ट लिखा था कि अन्यथा की स्थिति में बुलडोजर चलाकर सार्वजनिक भूमि को खाली कराया जाएगा।

### मुस्लिम पक्ष की अपील खारिज

मस्जिद पर नोटिस चस्पा होने के बाद मुस्लिम पक्ष ने अपर जिलाधिकारी न्यायालय में एक वाद दाखिल कर तहसीलदार न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी। दो माह तक अपर जिलाधिकारी न्यायालय में मुकदमा चलने के बाद मुस्लिम पक्ष द्वारा दाखिल किए गये अपील को एडीएम न्यायालय ने 10 जून 2025 को तमकुहीराज तहसीलदार न्यायालय द्वारा पारित बेदखली के आदेश को कायम रखते हुए मस्जिद पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया। एडीएम ने अपने आदेश में कहा है कि न्यायालय ने सारी पत्रावली का अवलोकन किया है. सभी तथ्यों की जांच करने के बाद यह तथ्य सामने आया है कि गाटा संख्या 645 व 648 रास्ते के नाम की भूमि है। रास्ते की जमीन पर किसी भी तरह का निर्माण अवैध माना जाएगा। मस्जिद पक्ष के पक्षकार साबिर अली का कहना है की पूर्वजों द्वारा सार्वजनिक भूमि की जमीन पर मस्जिद निर्माण कर दिया गया था। तहसीलदार न्यायालय द्वारा इसे हटाने का आदेश पारित किया गया था। इस आदेश के खिलाफ हमने अपर जिलाधिकारी न्यायालय में गुहार लगाई थी, लेकिन वहां से भी हमे कोई राहत नहीं मिली।

# प्राथमिक स्कूलों के हो रहे मर्जर के खिलाफ समाजवादियों ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में आज समाजवादी पार्टी द्वारा भारतीय जनता पार्टी की शिक्षा विरोधी नीतियों, विशेषकर प्रदेश में चल रहे प्राथमिक विद्यालयों के जबरन मर्जर विलय के खिलाफ ज़ोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल एवं शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एस.पी. सिंह पटेल के नेतृत्व में आयोजित हुआ। समाजवादी पार्टी बहराइच के जिला अध्यक्ष एडवोकेट राम हर्ष यादव के संयोजन में नगर मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि भाजपा सरकार का प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर का निर्णय न केवल ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों की शिक्षा पर कुठाराघात है, बल्कि यह निर्णय प्रदेश की भावी पीढ़ी के भविष्य से खिलवाड़ है। छोटे विद्यालयों को बंद कर दूरस्थ विद्यालयों में बच्चों को भेजने की योजना व्यावहारिक नहीं है और इससे न केवल नामांकन घटेगा बल्कि ड्रॉपआउट दर में भी भारी वृद्धि होगी।

इस विरोध में युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश सिंह शैलू, जिला महासचिव समाजवादी पार्टी बहराइच सुनील निषाद ,जिला उपाध्यक्ष राम जी यादव,समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख पेशकार राव, महिला सभा की जिलाध्यक्ष मनु देवी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संत कुमार पासी, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष अफसाल सानू, शिक्षक सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. संजय श्रीवास्तव तथा महसी विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण, पार्टी कार्यकर्ता और अभिभावक उपस्थित रहे।ज्ञापन सौंपने के पश्चात, समाजवादी नेताओं ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी भाजपा की जनविरोधी और शिक्षा विरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। विद्यालयों का मर्जर रोकना, शिक्षकों की बहाली करना और शिक्षा को जनसुलभ बनाना समाजवादी पार्टी की प्राथमिकता है। यह आंदोलन आने वाले समय में पूरे प्रदेश में तेज़ किया जाएगा।

## तालाब पर अवैध कब्जे को लेकर गांव में जल भराव

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद में जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर के ट्रांसफर होने के बाद जैसे ही अपर जिलाधिकारी अरविंद सिंह को अतिरिक्त चार्ज मिला है वैसे ही अपर जिला अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है और लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आधा दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारियों को अभी तक सस्पेंड किया जा चुका है एडीएम अरविंद कुमार पुवायां तहसील क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा पहुंचे जहां तालाब पर अवैध कब्जा होने के कारण गांव में जलभराव के कारण निकलना मुश्किल था जिसे देखने के बाद एडीएम ने क्षेत्रीय लेखपाल कानूनगो और एसडीम पुवायां चित्र निर्बाल को तालाब से अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दिए और एडीओ पंचायत और सचिव को मोटर इंजन लगाकर पानी निकालने का आदेश दिया गया है वहीं ग्रामीणों की शिकायत पर सफाई कर्मचारी संजय कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है।

# बिना लाइसेंस के चल रहे दर्जनों चिकित्सालय

अवधनामा संवाददाता




**शाहजहांपुर।** जनपद के तिलहर में मानकों को ताक पे रखते हुए, लाइसेंस और अफ्रूवल बिना, तथाकथित जनप्रतिनिधियों द्वारा सेवाशुल्क लिए जाने पर नगर भर में खुलेआम प्राइवेट चिकित्सा संस्थान मरीजों की जेब तराशी में लगे हैं तो साथ ही अल्ट्रासाउंड सेंटर, खून जांच केंद्र (लैब) धड़ल्ले से कारोबार में लगी हैं। मानव जीवन के साथ खिलवाड़ करती गंदी सियासत की ताकत ने जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बेहतरीन डॉक्टरों को धीरे धीरे कम करते हुए मात्र दो डॉक्टर ही 700 से अधिक की ओपीडी देखने को मजबूर है तो वहीं उधर आए दिन किसी न किसी नए खुलने वाले प्राइवेट चिकित्सा संस्थान का फीता काटने की चर्चा रहती है। नगर में सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र रोड हो या पचासा मोहल्ला या फिर मौजमपुर राजनपुर रोड, या फिर हाईवे स्थित, खुले दर्जनों प्राइवेट चिकित्सा संस्थान व टैक्नीशियनों के बिना लैब तथा अल्ट्रासाउंड सेंटर एवं मेडिकल स्टोर लाइसेंस के बिना खुलेआम काम करते हुए शासन/प्रशासन का मुंह चिड़ा रहे है। जबकि दूसरी ओर गली कूचों में बैठे, झोला छाप कहे जाने वाले, फिर भी सामान्य तौर पर बहुत कम पैसों में मरीजों का इलाज ही नहीं करते बल्कि अपने व्यवहार से परिवार का हिस्सा तक बने बैठे है। माना कि समाचार पत्रों में ऐसी खबरों को अब जगह नहीं मिल पा रही है तो वहीं चर्चा है कि सोशल मीडिया पर ऐसी तमाम खबरें पोस्ट होते रहने पर भी शासन प्रशासन गंभीरता से नहीं लेता लेकिन जब भी कार्यवाही के नाम पर नगर में हड़कम मचता तो उसे तथाकथित जनप्रतिनिधियों द्वारा तत्काल मैनेज कर उनके हौसलों को फिर से वही उड़ान दी जाती है। नगर के मोहल्ला बहादुरगंज स्थित राधा रानी नाम से चल रहे एक प्राइवेट चिकित्सा संस्थान पर इसी वर्ष दो बार छापामारी कर सील किया गया लेकिन प्रसूता की मौत होने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने के चलते पब्लिक की आंखों में धूल झोंक, ताले खोल कर आज भी वहीं कम किए जाने की चर्चा आम है। मानव जीवन के साथ चूहा बिल्ली का खेल, खेल रहे यह अधोमानक प्राइवेट चिकित्सा संस्थान, बेखौफ होकर अपना करीब ही नहीं कर रहे है बल्कि घमंड में डूबे, बड़े ब्रांड की मीडिया को बड़ी बेबाकी से बुरा भला बोलने में भी रत्तीभर नहीं चूकते। इन सभी मामलों में लगभग, स्थानीय सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ओमेंद्र राठौर से जानकारी लेने पर कभी सीधा जवाब नहीं मिलता। हर एक मामले में उनका गोल मोल जवाब ही सुनने को मिलता है।

## घर के बाहर घूम रहे दंपती को पड़ोसियों ने पीटा, रिपोर्ट

**टूंडला।** घर के बाहर घूम रहे दंपती की पड़ोसियों ने पिटाई कर दी। इस बीच बचाने आए पुत्र व पड़ोसियों के साथ भी मारपीट कर दी। मारपीट में दंपती उनका पुत्र व पड़ोसी घायल हो गए। घायल महिला ने छह नामजद सहित दो अन्य लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। लाइनपार के नगला रामकिशन निवासी चमन कुमारी रविवार रात्रि पौने दस बजे घर के बाहर अपने पति दिवाकर सिंह के साथ घूम रही थी। आरोप है कि उन्हीं के गांव निवासी चंद्रपाल सिंह फब्तियां कसने के साथ गाली-गलौज करने लगा। घूमने के बाद दंपती अपने घर लौटे तभी चंद्रपाल सिंह, रोहित सिंह, विशाल बाबू, हर्ष उर्फ हिमांशु, राहुल, आशीष निवासी नगला रति व दो अन्य मिलकर पीछे से लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में पीड़िता के पति का कंधा टूट गया। मारपीट होता देख बचाने आए पुत्र हेमंत सिंह की पिटाई कर दी। शोर सुनकर पड़ोस के मोहम्मद शहीद, विशंबर सिंह व नरेंद्र सिंह निवासी गालिब थाना पचोखरा के साथ मारपीट कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता चमन कुमारी ने सात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एक पद मां के नाम अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण



**सुल्तानपुर, बल्दीराय।** तहसील क्षेत्र के चक कारी भीट, बहुरावा, दरियापुर व सिंघनी गांवों में बुधवार को जन अरण्य, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत ऐतिहासिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने कहा, विकसित भारत के लिए पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। हर नागरिक पौधे लगाए और उन्हें संरक्षित करे, तभी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य मिल सकता है। कार्यक्रम में एसडीएम मंजुल मयंक, ब्लॉक प्रमुख व भाजपा नेता शिवकुमार सिंह, बीडीओ राधेश्याम सहित कई अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने पीपल, नीम, जामुन, आम, बरगद जैसे पौधे रोपे। बल्दीराय ब्लाक के 65 ग्राम पंचायतों में कुल 1, 32, 922 पौधरोपण का लक्ष्य, खंड विकास अधिकारी राधेश्याम ने दी जानकारी।साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र रसूलपुर का फीता काटकर हुआ उद्घाटन।इस अवसर पर भाजपा नेता अवधेश दुबे, प्रधान मोहम्मद सम्मू, विक्रम बहादुर सिंह, एपीओ मनरेगा नवीन मिश्रा, मनोज यादव, पवन कुमार, तौसीफ खान, श्याम प्रीत, पिंटू पांडे समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण



**कुड़वार, सुल्तानपुर।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक राम चंद्र मिश्रा ने अधिकारियों के साथ विकास खण्ड क्षेत्र के भंडरा, कुड़वार मिठनेपुर और कृषि विज्ञान केन्द्र बरासिन के परिसर में पीपल , बरगद, नीम, आम , जामुन का पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए सैंतीस करोड़ विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण एक अभियान के तहत करा रही है। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र उर्फ बबलू सिंह, खंड विकास अधिकारी नीलिमा गुप्ता, प्रभारी एडीओ पंचायत संतोष पाल, प्रधान राजकुमार यादव एपीओ वसीम खां आदि मौजूद रहे। वृहद पौधारोपण 2025 के तहत आज 9 जुलाई को सरकार के लक्ष्य को पूरा करने में जुटे रहे।

## गोमती मित्रों ने किया धरा को प्रणाम, रोपा पौधा मां के नाम



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** शासन की 9 जुलाई को पौधारोपण का रिकॉर्ड बनाने की मंशा को भाँपते हुए जनपद में पिछले 14 वर्षो से अनवरत पर्यावरण संरक्षण के प्रति दृढ़ संकल्पित गोमती मित्र मंडल ने भी श्री सीता कुंड धाम पर पौधारोपण अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया।बरसते मेघों के बीच में सभी गोमती मित्र समय से धाम पहुंच गए और स्वच्छता श्रमदान आयोजित करने के उपरांत स्वयं से ही गड्ढा खोदा। पौधा रोपा और उपलब्धता के आधार पर जाली लगाकर उन्हें सुरक्षित रखने का प्रयास किया।कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने कहा की इस धरती को हरा भरा रखना अब प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है।यदि हम चाहते हैं प्रकृति हमें सहेजे तो हमें भी प्रकृति को सहेजना होगा।मीडिया प्रभारी रमेश महेश्वरी ने गोमती मित्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की जिस प्रकार बरसते मेघों के बीच में आपने इस अभियान को सफल बनाया है, इसे आगे भी आंदोलन के रूप में चलावें।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, मुन्ना पाठक, मुन्ना सोनी, पप्पू शर्मा, दिनकर सिंह, राकेश सिंह दद्दू, सोनू सिंह, आलोक तिवारी, अभय, अर्जुन, रामू सोनी, राम क्रिंचल मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## वृक्षारोपण कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों व परिवारों की रही सक्रिय भूमिका



**फिरोजाबाद, अवधनामा संवाददाता।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जिले स्तर पर पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित कर पूर्व सैनिकों, एवं उनके परिवारों द्वारा सक्रिय भागीदारी के साथ वृक्षारोपण से संबंधित गतिविधि का संचालन सुनिश्चित किये जाने के निदेशालय द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में कैप्टन ( आई.एन. ) आशीष कुमार मित्तल ( अ0प्रा0 ), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, अधिकारी फिरोजाबाद एवं कार्यालय स्टाफतथा पूर्व सैनिकों एंव उनके आश्रितों द्वारा वन महोत्सव के अवसर पर 09.07.2025 का वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यालय जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, फिरोजाबाद के सामने सैक्टर-01 में स्थित परशुराम पार्क सुहाग नगर फिरोजाबाद में वृक्षा रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान कैप्टन ( आई.एन. ) आशीष कुमार मित्तल ( अ0प्रा0 ), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी एव कार्यालय कर्मचारी रामकुमार, राघवेन्द्र, मु0 लुकमान एंव पूर्व सैनिक, पूर्व सैनिक आश्रित आदि उपस्थित रहे।

## दस जुलाई को होगा सूर्य उदय बूथ कैम्प का आयेजन

**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** जनपद में दिनांक 10 जुलाई 2025 को जनपद में वैश्यिक ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सूर्य उदय बूथ कैम्प का आयेजन किया जाना प्रस्तावित है। इस कैम्प का आयेजन विकास भवन,कलक्ट्रेट,नगर पलिका परिषद, विद्युत बिलिंग काउन्टर सेन्टर, आदि स्थलों पर आयोजित किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक आवेदन कराना।

# बीमार औषधि विभाग को जरूरत है एंटीबायोटिक और वेंटीलेटर की

- पूरा औषधि विभाग खाली है , सिर्फ अनुसेवक के भरोसे चल रहे है बाँदा की सभी औषधि की दुकाने
- अनुसेवक मिथुन की हुयी चांदी , अब तो सर्वेसर्वा बना मिथुन , स्थानांतरण मे आये दूसरे अनुसेवक ने भी नही किया ज्वाइन

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** औषधि का प्रयोग हमेशा बीमारी को ठीक करने और शरीर को स्वस्थ रखने मे किया जाता है परंतु जब औषधी विभाग ही बीमार हो तो उसका इलाज कैसे सम्भव है , जी हाँ बाँदा का औषधि विभाग जिसका कोई खैरख्वाह ही नही है वो इन दिनो बेहद लाचार और बीमार पडा है।

कहने को तो मंडलीय औषधि अधिकारी भी पदस्थ हो औषधि निरीक्षक का पद भी है और औषधि विभाग का अस्थाई आफिस भी है परंतु सब बेकार है क्योकि पूर्व के औषधि निरीक्षक आर एल गुप्ता का कार्यकाल बेहद भ्रष्टाचारी रहा है और उनके सेवा निवृत्त होते ही मंडलीय औषधि अधिकारी वीरेंद्र कुमार पर बडी जिम्मेदारी थी जनपद चलाने की तो शासन द्वारा हमीरपुर /महोबा के औषधि निरीक्षक को किसी तरह से बाँदा का भी अतिरिक्त चार्ज सौंप दिया गया जबकि मनोज कुमार पूर्व मे ही दो दो जनपदो का कार्यभार देख रहे थे ऐसे मे बाँदा का अतिरिक्त भार जब उन्हे मिला तो लगा कि उनको सजा दी गयी है। जबकि मंडलीय औषधि अधिकारी वीरेंद्र कुमार मनोज कुमार को बाँदा औषधि निरीक्षक का चार्ज दिलवाकर स्वयं अपने घर निकल गये ऐसे मे मनोज कुमार ने भी अपनी जिम्मेदारी अनुसेवक मिथुन को सौंपी और महोबा निकल गये ,अब मिथुन सर्वेसर्वा बनकर पूरा औषधि विभाग चलाने लगा। ये वही मिथुन कुमार है जो दवा व्यवसायियौं के बीच ब्लैकमेलर की छवि के रूप मे जाना जाता है ऐसे मे मिथुन बाँदा जनपद का औषधि विभाग का प्रमुख बन गया और फिर से चलने लगा वसूली अभियान।

अनुसेवक के रूप मंडलीय आफिस मे भी एक अनुसेवक का स्थानांतरण हुआ परंतु बाँदा औषधि विभाग के कारनामो को देखकर वो भी यहां आया ही नही ऐसे मे पुराने अनुसेवक मिथुन द्वारा पुनः अपना नेटवर्क व्यवस्थित कर औषधि विभाग को वेंटीलेटर पर भेजने का प्रयास शुरू कर दिया गया है।

अब जब नये औषधि निरीक्षक बाँदा मे आकर कार्यभार ग्रहण करेगे तो उनके सामने प्रमुख चुनौती के रूप मे मिथुन का नेटवर्क तोडना रहेगा या मिथुन के नेटवर्क के सामने झुककर भ्रष्टाचार का लड्डू खाने का होगा।ये तो आने वाला समय बतायेगा जब कोई नया औषधि निरीक्षक आयेगा फिलहाल तो मिथुन का नेटवर्क ही चलेगा।

## "एक पेड़ मां के नाम-2.0" अभियान में लगाए अधिक से अधिक पौधे

**फिरोजाबाद।** आज 'एक पेड़ मां के नाम-2.0' अभियान के तहत थाना रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत न्ैच्क्ब् औद्योगिक क्षेत्र में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा बबीता चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी फिरोजाबाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित, क्षेत्राधिकारी वन विभाग, वनचेत्र अधिकारी आगरा मण्डल सहित अन्य प्रशासनिक, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारीगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अभियान 'एक पेड़ मां के नाम-2.0' के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य हरियाली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और मां के प्रति श्रद्धा को समर्पित है। 09 जुलाई 2025 को एक ही दिन में 37 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे प्रदेश के सभी विभाग मिलकर पूरा कर रहे हैं। सभी अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मौजूद जनसामान्य को भी अधिक से अधिक पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया गया।

## अहमदपुर निवाजपुर के साथ ही आस-पास के क्षेत्र के लोगों को मिलेगी मल्टीपर्पज हॉल की सुविधा



**शाहजहाँपुर, अवधनामा संवाददाता।** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सामुदायिक केन्द्रों का शिलान्यास निम्नवर्गीय व मध्यमवर्गीय परिवारों के हितार्थ स्थापित किये जा रहे हैं उसी क्रम में बुधवार को अहमदपुर निवाजपुर, रोजा में इण्डियन ऑयल कारपोरेशन के सी0एस0आर0 फण्ड से निर्मित मल्टीपर्पेज हॉल बनाने के कार्य का शिलान्यास सुरेश कुमार खन्ना, मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग, उ0प्र0 द्वारा किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मंत्री द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि मल्टीपर्पेज हॉल को बनाने का उद्देश्य निम्नवर्गीय व मध्यमवर्गीय परिवारों को लाभ प्रदान करना है। लेकिन गौरतलब बात यह भी है कि इसके रखरखाव की जिम्मेदारी भी नागरिकों को स्वयं लेनी होगी। मल्टीपर्पेज हॉल की साफ़ सफ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाये जिससे स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य भी साकार हो सके। मल्टीपर्पेज हॉल में बच्चों के जन्मदिन, सालगिरह, नामकरण, छोटे कार्यक्रम, गोष्ठी, बैठकें इत्यादि की जा सकेंगी जिसके लिए एक न्यूनतम किराया निर्धारित किया जाएगा। साथ ही यह भी अवगत कराया कि जनपद के लोगों को अधिक से अधिक रोजगार देने के उद्देश्य से अधिक से अधिक फैक्ट्री लगाई जाएँगी इसके लिए प्रयासरत् हैं।

## सांप काटने से मासूम की ही मौत

**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** कादीपुर में सर्पदंश से 7 साल के मासूम की मौत,परिजनों में मचा कोहराम।कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणपुर निवासी संतोष यादव के बेटे श्रेयांश को सुबह मंजन करते वक्त सांप ने डंस लिया। परिजन तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे,जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर शशांक शुक्ल ने गंभीरता न दिखाते हुए बच्चे को रेफर कर दिया।परिजनों का आरोप है कि उन्होंने सांप के काटने की बात कही,लेकिन डॉक्टर ने सर्पदंश के लक्षण न होने की बात कहकर इलाज नहीं किया। बच्चे ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।मासूम श्रेयांश अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

## पंचतत्व में विलीन हुआ माँ-बेटे का शव, पति ने दी मुखाग्नि

**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** खाटूश्याम जी के दर्शन कर सुल्तानपुर लौटने के दौरान एक सड़क हादसे में जान गवाने वाले माँ और बेटे का पार्थिव शरीर गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। इस दरम्यान गुड़ मंडी, चौक, गल्ला मंडी पार्किसगंज और दूर दराज से आये बड़ी तादाद में आये लोगों ने श्मशान घाट पहुँचे।सुबह करीब दस बजे शव को मुखाग्नि गणेश अग्रहरि ने दी।इस दौरान पूर्व विधायक अनूप संडा भी शमशान घाट पहुँचकर पीड़ित परिवार के दुःख में शामिल हुए।उन्होंने इस हादसे पर अफसोस ज़ाहिर किया और श्रद्धासुमन अर्पित कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इससे पहले घाट के लिए माँ और बेटे की एक साथ अर्थी उठने पर परिजन फूट-फूटकर रोने लगे। शव से लिपट कर घर की महिलाएं रोने लगीं।दुर्घटना में सुरक्षित बची बिटिया का भी रो रो कर बुरा हाल था। बच्ची मां से लिपटकर रोने लगी। गल्ला मंडी का कस्बा भी बिलख पड़ा। इससे पहले शव को कुछ पड़ाव पर रखा गया। ÷राम नाम सत्य है÷ बोलते हुए कंधा देने वाले घाट तक साथ लेकर चले। घाट पर करीबी रिश्तेदारों ने पार्थिव शरीर को ढंका। गौरतलब है कि मंगलवार की भोर में उन्नाव के निकट हाइवे पर कार से लौट रहा परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया था।जिसमें कार चला रहे गणेश की पत्नी और बेटे की मौत हो गयी।मामूली उपचार के बाद गणेश अग्रहरि और 10 वर्षीय बिटिया को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

## तोड़-फोड़ के जोड़ पर आधारित नवाचार कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बहराइच।** आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा महाराज सिंह इंटर कॉलेज में ''तोड़-फोड़ के जोड़'' विषय पर आधारित नवाचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराज सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष शुक्ला एवं आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ के शिक्षा अधिकारी विकास उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य सत्र में महाराज सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि देखने और सोचने का एक दृष्टिकोण है। ''तोड़-फोड़ के जोड़ प्रयोगशाला'' जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से परे जाकर वस्तुनिष्ठ रूप से सीखने का अवसर प्रदान करती हैं।

# ठगी में 3 अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़ा

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना खैरगढं पुलिस टीम द्वारा 03 अभियुक्तों को ठगी के 490 रुपये, 01 अवैध चाकू, 01 अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना खैरगढ पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के कस्बा खैरगढ में दुकानदार को 500 रुपये देकर 10 रुपये का सामान खरीदकर बचे 490 रुपये वापस लेकर दुकानदार को भ्रम में डालकर छल करते हुए दोबारा 500 रुपये लेकर भाग जाने वाले अभियुक्तगण सूरज राय पुत्र कन्हैयालाल गली नं0-1 इन्द्रपुरी जलेसर रोड थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद, करन पुत्र बाबूलाल रायभाट निवासी म0नं0-440 तिलकनगर कोटला चुंगी थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद, रोहित सौलंकी पुत्र पूरन सिंह निवासी गूलर का नगला बोदला थाना जगदीशपुरा आगरा को एसजीएम इण्टर कालेज के खाली पडे ग्राउण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 103/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0सं0 104/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामदगी व गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में सम्मिलित रहे प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, उ0नि0 मनिन्द्र कुमार, हे0का0 644 नाहर सिंह, हे0का0 148 मुजाहिद हुसैन, का0 519 नाहर सिंह, का0 1480 अजय कुमार, का0 378 श्रीगोपाल थाना खैरगढ़, फिरोजाबाद।

# वृक्षारोपण महाअभियान में 41 लाख पौधे रोपित

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** एक पेड़ मां के नाम आदर्श वाक्य के साथ वृक्षारोपण का महा अभियान पूरे प्रदेश के साथ-साथ पूरे जनपद में जन भागीदारी का आंदोलन बन गया, जनपद फिरोजाबाद में जिलाधिकारी के नेतृत्व में 41 लाख पौधों का रोपण किया गया, जिसमें 16 लाख वन विभाग द्वारा तथा 25 लाख पौधे अन्य विभागों द्वारा रोपित किये गएं, यहां पर यह भी उल्लेख करना आवश्यक हो जाता है, कि वर्ष 2017 से 2023 के बीच लगभग 2700 एकड़ वनावरण की वृद्धि हुई है, जो यहां के नागरिकों का वृक्षों के प्रति प्रेम भाव प्रदर्शित करता है, आज इस वृक्षारोपण के महा अभियान की शुरुआत जनपद के नोडल इंद्र विक्रम सिंह और जिलाधिकारी रमेश रंजन के द्वारा निरीक्षण भवन के प्रांगण में पौधरोपित कर आरंभ हुआ, इसके अलावा नोडल अधिकारी व जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत रूपसपुर में पुनरोद्धार किए गए सिरसा नदी के तटबंधों पर भी वृक्षारोपण किया इस नदी के तटबंधों पर कुल 2200 पेड़ लगाए जाने हैं, इसके बाद नोडल अधिकारी और जिलाधिकारी रपड़ी पर्यटन केंद्र और ग्राम मटसेना में भी किये गए वृक्षारोपण के कार्य का निरीक्षण किया। इसके पश्चात् नोडल अधिकारी और जिलाधिकारी ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में आयोजित यू0पी0एस0 आई0डी0सी0 क्षेत्र में आयोजित वृहद्ध वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिरकत किया, इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, वन विभाग के संपूर्ण अधिकारी व कर्मचारी एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम व अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे, पिछला वर्ग कल्याण अधिकारी के0एम0 सिंह



आदि के साथ बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भी इस वृहद्ध वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया, इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा बबीता चौहान ने कहा कि इस संपूर्ण अभियान को हमें जनसमुदाय से जोड़ना है। साथ ही साथ हमें अपने द्वारा लगाए गए पौधों की इस प्रकार से सेवा करनी है जैसे मां अपने बच्चों की सेवा करती है, आज बच्चों को यह संकल्प लेना चाहिए कि, वह आज के अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएंगे, नोडल ने भी कहा कि सिरसा नदी के पुनरोद्धार में इस वृक्षारोपण का अपना एक अलग महत्व होता है और हमें अपने द्वारा लगाए गए पौधों को संरक्षित करने का दायित्व भी लेना चाहिए। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा शुरू किए गए अभियान का परिणाम है, कि हमारे प्रदेश में एक प्रतिशत वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है, हम इस बात के लिए संकल्पित है कि यहां लगने वाले 41 लाख पौधों को हम संजो कर रखेंगे, इस मौके पर बोलते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ्य वातावरण में जीवन जी सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हर बच्चा अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाए, इस कार्यक्रम के पश्चात यू0पी0एस0आई0डी0सी0 के प्रांगण में सभी विशेष जनों ने पौधारोपण भी किया।

## गुरु पूर्णिमा पर भाजपा मठ, मन्दिरों के महंत व पुजारियों को करेंगी सम्मानित

**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी गुरुवार 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर 26 मण्डलों में चयनित 26 मठ, मन्दिरों के साधू, संत,महंत व पुजारियों समेत कथावाचक, शिक्षक व गुरुजनों का समारोहपूर्वक अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित करेंगी।भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी व पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा गोलाघाट स्थित वेदांती आश्रम में 1008 श्री बाल स्वामी श्रीराम प्रपन्नाचार्य जी को सम्मानित करेंगे।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 29.07.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 08202025 dated 08.07.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 07-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ–लखनऊ के सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रथम/सुलतानपुर और सहायक मण्डल इंजीनियर–द्वितीय/सुलतानपुर के सेक्सन में ट्रिम्बल gedo vorsys ट्रॉली प्रणाली या सम्नांतर का उपयोग करते हुए पूर्व और बाद में टैम्पिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण और अद्यतन स्केल मानचित्र का विकास का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 18324337.50 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 241600.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से पाँच माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 16.07.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 30.07.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2063/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हमीरपुर में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली और मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में चल रहे राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान (01 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025) के तहत दीवानी न्यायालय परिसर, हमीरपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मनोज कुमार राय ने की।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि अभियान के माध्यम से जनपद के विभिन्न न्यायालयों में लंबित वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, भूमि अधिग्रहण, दंडनीय शमनीय मामले और दीवानी विवादों का निस्तारण मध्यस्थता के जरिए किया जाएगा। इससे वादकारियों के समय और धन की बचत होगी तथा पक्षकारों के बीच आपसी मनमुटाव कम होगा। जनपद न्यायाधीश ने सभी पीठासीन अधिकारियों से अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता के लिए संदर्भित करने की अपील की। पराविधिक स्वयंसेवकों को अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया गया ताकि इसका लाभ आम जनता तक पहुंचे।कार्यक्रम में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रहलाद सिंह-II, स्थाई लोक अदालत के पीठासीन अधिकारी प्रमोद कुमार-IV, लोक अदालत के नोडल अधिकारी अनिल कुमार खरवार, विशेष न्यायाधीश उदय वीर सिंह, रनवीर सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह-IV, सिविल जज (सी.डि.) निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक त्रिपाठी, सिविल जज (सी.डि.) /एफ.टी.सी. वंदना अग्रवाल, सिविल जज (जू.डि.)/ एफ.टी.सी. कीर्ति मिश्रा, सिविल जज (जू.डि.) अंकित पाल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी व असिस्टेंट, सभी शासकीय अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थगण और पी.एल.वी. उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सचिव महेंद्र कुमार पांडेय ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित कर समापन की घोषणा की।

# अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंता ने फीता काट कर सोलर एजेंसी का किया शुभारंभ



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** हर घर सोलर योजना के तहत इटावा में रामायणी सोलर एजेंसी अंशिका एंटरप्राइजेज का शुभारंभ हुआ। विद्युत वितरण खंड के अधीक्षण अभियंता मनोज गौड़ और अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद ने फीता काट कर सोलर एजेंसी का शुभारंभ किया। दिनों दिन बढ़ती बिजली की कीमतों से राहत पाने का सिर्फ एक ही साधन है सोलर। अधीक्षण अभियंता मनोज गौड़ ने बताया कि सरकार ऊर्जा के वैकल्पिक श्रोत बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही है इसी कड़ी में सोलर पावर प्लांट लगाने पर सब्सिडी भी उपलब्ध करा रही है। इसके तहत सरकार प्रधानमंत्री हर घर सूर्य योजना संचालित कर रही है जिसमें सोलर प्लांट लगाने पर प्रोत्साहन राशि भी प्रदान कर रही है। इसमें सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार 78 हजार रुपए और राज्य सरकार 30 हजार रुपए की सब्सिडी उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि मंहगे बिजली के बिल से राहत पाने के लिए आज के समय में सभी को सोलर लगवाना चाहिए। इससे पर्यावरण को भी लाभ होता है। ऑन ग्रिड सोलर लगवाने पर आप बिजली के बिल से छुटकारा तो पा ही सकते है और बची हुई बिजली सरकार को बेंच कर लाभ भी अर्जित कर सकते है। रामायणी सोलर के इटावा डिस्ट्रीब्यूटर अंशिका एंटरप्राइजेज के संचालक नीलकमल ने बताया कि अब इटावा में ब्रांडेड और भरोसेमंद सोलर किफायती दामों में उपलब्ध है।

# वृक्षारोपण महा अभियान 2025 का शुभारंभ

**‘एक पेड़, माँ के नाम’ थीम पर जोर**



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** वृक्षारोपण महा अभियान 2025 के तहत जनपद हमीरपुर में कनौटा वन ब्लॉक में त्रिवेणी वन लगाकर अभियान शुरू किया गया। कार्यक्रम में राज्य मद्यनिषेध परिषद के उपाध्यक्ष बृजेश शुक्ला और श्रम आयुक्त मार्कण्डेय शाही उपस्थित रहे। प्रभागीय वनाधिकारी ने जनसभा में बताया कि जनपद में वन विभाग और अन्य विभागों के सहयोग से 5 हजार स्थलों पर ‘एक पेड़, माँ के नाम’ थीम के तहत नदियों के किनारे व्यापक वृक्षारोपण हो रहा है। कार्बन क्रेडिट योजना से किसानों को रोपित पौधों के लिए 250 से 300 रुपये तक की अतिरिक्त आय मिलेगी। नाथूराम पथिक ने माँ को समर्पित गीत प्रस्तुत कर अधिक पौधरोपण की अपील की। विधायक सदर मनोज प्रजापति ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है, जिसके परिणाम दिखने लगे हैं। उन्होंने पेड़ों के संरक्षण पर जोर दिया। बृजेश शुक्ला ने कहा कि धरती भी माँ समान है। प्रदेश में किसानों को कार्बन क्रेडिट के रूप में 13 मंडलों में 202 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। जनपद में 75 लाख से अधिक पेड़ लगाए जा रहे हैं, जिससे वनाच्छादन बढ़ेगा। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शासन के निर्देशों का अनुपालन और वृक्षारोपण में वृद्धि का आश्वासन दिया। विभिन्न स्कूलों के बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसपी दीक्षा शर्मा, सांसद राज्यसभा के प्रतिनिधि अशोक तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, आशारानी कबीर, आशीष पालीवाल, जिला स्तरीय अधिकारी और स्कूली बच्चे मौजूद रहे। पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय वृद्धि के लिए यह अभियान महत्वपूर्ण कदम है।

# मौदहा में बस स्टैंड की मांग फिर तेज, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर के कस्बा मौदहा में रोडवेज बस स्टैंड की मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। बुधवार को हिंदुस्थान उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले नगर के दर्जनभर व्यापारियों ने इस मुद्दे को लेकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को परिवहन मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि मौदहा, जो बुंदेलखंड क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण कस्बा और तहसील है, में रोडवेज बस स्टैंड की कमी के कारण यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

निवासियों का कहना है कि वर्तमान में बसें सड़कों पर ही रुकती हैं, जिससे यातायात जाम और असुरक्षा की समस्या बढ़ रही है। विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को बसों के इंतजार में सड़क किनारे लंबे समय तक खड़े रहना पड़ता है। मौदहा बांध जैसे पर्यटक स्थल और क्षेत्र की बढ़ती आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए एक समर्पित बस स्टैंड की आवश्यकता और भी बढ़ गई है। व्यापारियों का तर्क है कि बस स्टैंड के अभाव में स्थानीय व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

इस मांग को लेकर पहले भी कई बार प्रदर्शन और चर्चाएं हो चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। जिला प्रशासन के सूत्रों का कहना है कि बस स्टैंड निर्माण के लिए प्रस्ताव विचाराधीन है, लेकिन बजट और भूमि अधिग्रहण जैसे मुद्दों के कारण देरी हो रही है। ज्ञापन सौंपने वाले व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार से इस दिशा में त्वरित कार्रवाई की मांग की है ताकि मौदहा की जनता को इस मूलभूत सुविधा का लाभ मिल सके।

# वृहद वृक्षारोपण का मण्डलायुक्त ने फीता काटकर किये शुभारंभ

**सोनभद्र।** सोन सुषमा अलंकृत उद्यान में वृहद वृक्षारोपण का मण्डलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी ने शिलापट्ट का अनावरण कर व फीता काटकर शुभारंभ किये, इस दौरान उन्होंने कहा कि सोन सुषमा अलंकृत उद्यान में पौध रोपण का कार्य वृहद स्तर पर करने के साथ ही उसकी सुरक्षा भी बेहतर तरीके से सुनिश्चित की जाये, इसके लिए उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया, इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियन्ता आर0ई0डी0 को निर्देशित करते हुए कहा कि सोन सुषमा अलंकृत उद्यान में निर्माण से सम्बन्धित जो भी कार्य अभी तक शेष हैं, उसको अतिशीघ्र पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, उद्यान परिसर में निर्माण कार्य 10 अगस्त,2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाये। इस मौके पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा पौध रोपित किया गया।

# एक पेड़ माँ के नाम: अधिक से अधिक पौधों का रोपण किया जाये : अर्पणा यादव

**सरिता भदौरिया विधायक सदर ने पारिजात पौध का रोपण किया**



वहाज अली निहाल

**इटावा।** एक पेड़ माँ के नाम वृहद वृक्षारोपण जन अभियान-2025 सामाजिक वानिकी प्रभाग के तत्वाधान में डा0भीमराव अम्बेडकर कृषि अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में मुख्य अतिथि अर्पणा यादव, उपाध्यक्ष, राज्य महिला आयोग द्वारा सिन्दूर के पौधे का रोपण किया गया। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि अधिक से अधिक पौधों का रोपण किया जाये, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सरिता भदौरिया विधायक सदर द्वारा पारिजात पौध का रोपण किया एवं नोडल अधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी, सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त लखनऊ उ0प्र0 द्वारा कृष्ण कदम एवं जिलाधिकारी द्वारा बालमखीरा के पौधे का रोपण किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, एन0सी0सी0 कैडिट छात्र-छात्राओ द्वारा 1500 फलदार वृक्षो का रोपण किया गया एवं वन विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल के निकट एवं मुख्य द्वार पर वृक्ष भण्डारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सज्जन सिंह, ग्राम प्रधान सिण्डौस ग्राम पंचायत एवं गीता देवी, ग्राम प्रधान परौली रमायन को वृक्षारोपण से सम्बन्धित पौधारोपण उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जनपद में वन विभाग द्वारा 4066011 एवं अन्य विभाग द्वारा 2517767 पौध रोपण कुल 6583778 पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम में सावित्री कठेरिया पूर्व विधायक भरथना एवं अन्य जनप्रतिनिधि, स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास नायक, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, इटावा, विमल कुमार सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी क्षेत्रीय वन अधिकारी, अशोक कुमार शर्मा, अमित कुमार सिंह, विनोद यादव, सत्यनारायण यादव, प्रदीप कुमार एवं उपक्षेत्रीय वनाधिकारी प्रबल प्रताप सिंह एवं समस्त वन विभाग स्टाफ का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन



**हमीरपुर,अवधनामा संवाददाता।** समग्र शिक्षा अभियान (समेकित शिक्षा) के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री आलोक सिंह और जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के निर्देशन में बी.आर.सी. कुरारा में दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 29 दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 10 बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए चिन्हित किया गया। कैंप में डॉ. विपिन कुमार (आर्थो सर्जन), डॉ. विकास यादव (ईएनटी सर्जन), डॉ. शाहिद (नेत्र सर्जन), ऑडियोलॉजिस्ट मुशीर, और लिपिक वेद प्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। इसके अलावा खंड शिक्षा अधिकारी कुरारा, जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) अनूप पांडे, और संबंधित ब्लॉक के विशेष शिक्षक भी मौजूद थे। यह कैंप दिव्यांग बच्चों के सशक्तीकरण और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा ने ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**हमीरपुर,अवधनामा संवाददाता।** माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा ने बुधवार को ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा। महासभा के महामंत्री शिवनारायण राजपूत ने बताया कि प्रदेश के 80 प्रतिशत माध्यमिक विद्यालय वित्तविहीन हैं और अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। इन विद्यालयों में धन की कमी के कारण कंप्यूटर और इंटरनेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिससे ऑनलाइन उपस्थिति लागू करना अव्यवहारिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि उच्च शिक्षा के महाविद्यालयों, जो ज्यादातर राजनेताओं द्वारा संचालित हैं, पर ऐसा कोई आदेश लागू नहीं किया गया है। यह प्रदेश सरकार का सौतेला व्यवहार दर्शाता है, जिससे शिक्षकों में असंतोष है। महासभा ने ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश को तत्काल रद्द करने की मांग की है। इस अवसर पर रामबाबू चक्रवर्ती, लक्ष्मी नारायण, वसीम सिद्दीकी, सुरेश चंद्र, मानसिंह, राजेश कुमार, देवनारायण, शिव सिंह सहित जिले के कई विद्यालयों के दर्जनभर शिक्षक मौजूद रहे।

### ग्रासिम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा मनाया गया वन महोत्सव



**सोनभद्र/रेणुकूट।** ग्रासिम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड रेनुकूट में 9 जुलाई 2025 को संस्थान परिसर में स्थित मधुबन में वृक्षारोपण महा अभियान 2025 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वृक्षारोपण कार्यकक्ष का आयोजन किया गया। उक्त कार्यकम का शुभारम्भ संस्थान के ईकाई प्रमुख मनीष गर्ग जी एवं मानव संसाधन प्रमुख राजीव दुबे जी के सयुक्त प्रयास द्वारा पौधा रोपण करने के साथ किया गया।ग्रासिम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड रेनुकूट द्वारा आयोजित बन महोत्सव के इस शुभअबसर पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों में प्रमुख रुप से राकेश कुमार -प्रमुख (कर्मचारी संबंध), राजेश सिंह प्रमुख (सुरक्षा), सतीश कुमार सिंधी अधिकारी (उद्यान विभाग) के अलावा संस्थान के अनेकों कर्मचारिगणों की भी अहम भागीदारी रही।

# अष्टानिका महापर्व पर जैन मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों की भव्यता

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** अष्टानिका महापर्व के पावन अवसर पर शहर के विभिन्न दिगंबर जैन मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। करनपुरा स्थित दिगंबर जैन मंदिर में सातवें दिन सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। मंदिर प्रांगण भक्ति संगीत और मंत्रोच्चारण से गूंज उठा, जहां श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। प्रातःकाल श्रीजी का अभिषेक अनिल अभिषेक जैन, महेन्द्र-नीतेश जैन, जयकुमार-जिनेश प्रकाश जैन परिवार को सौभाग्यस्वरूप प्राप्त हुआ। केसर जल से शांतिधारा करने का सौभाग्य राजीव-आर्जव जैन परिवार को मिला। इसके पश्चात आरती का अवसर भी राजीव जैन परिवार को प्राप्त हुआ। प्रतिष्ठाचार्य पं.मनीष जैन शास्त्री एवं उनकी टीम द्वारा मंत्रोच्चारण और शांतिधारा बोलियों के साथ धार्मिक अनुष्ठान विधिवत पूर्ण कराए गए। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनिल जैन एवं कोषाध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि आगामी शुक्रवार, 11 जुलाई को प्रातः श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और विधान का समापन‘विश्व शांति महायज्ञ’ के साथ किया जाएगा। हवन कुंडों पर आहुतियाँ दी जाएँगी। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे करनपुरा जैन मंदिर से बैंड-बाजों के साथ मंगल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्रीजी को एक प्राचीन रथ पर विराजमान किया जाएगा। शोभायात्रा में लगभग 10 की बग्गियां सहभागिता रहेगी, जिनमें सभी इंद्र और इंद्राणियों को बैठने का सौभाग्य मिलेगा। शोभायात्रा बजरिया चौराहा, पचराहा, कोतवाली चौराहा, सराय शेख मंदिर, तिकोनी, पक्की सराय, नगरपालिका चौराहा होते हुए राजा गंज चौराहा से मंदिर जी पहुंचेगी, जहां कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। सायंकाल श्रीजी की महाआरती का सौभाग्य राजेश, राहुल एवं ऋषभ जैन परिवार को प्राप्त हुआ। रात्रि में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर कमेटी के महामंत्री कमल जैन, रविंद्र जैन, रितेश जैन सहित महिला मंडल की सहभागिता रही।

**कटरा जैन मंदिर में भी चल रहा अष्टानिका आयोजन**

इधर, श्री दिगंबर जैन मंदिर कटरा में भी अष्टानिका महापर्व के उपलक्ष्य में सिद्धों की आराधना और भक्ति भावना के साथ धार्मिक आयोजन जारी हैं। प्रातः श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा मंदिर पुजारियों द्वारा संपन्न कराई गई, जिसमें पं.संजय शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण किया गया। शुक्रवार को हवन की आहुतियों के साथ यहां भी आयोजन का समापन किया जाएगा। आयोजन में मंदिर समिति के पदाधिकारी, महिला मंडल और श्रद्धालु भक्ति भाव से सम्मिलित रहे।

# इटावा सफारी पार्क में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत बुधवार को इटावा सफारी पार्क में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सफारी भ्रमण पर आये पर्यटकों के साथ मिलकर पौधा रोपण किया गया। उक्त जानकारी डा.विनय कुमार सिंह उप निदेशक इटावा सफारी पार्क ने दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रजातियों के आधा सैकड़ा से अधिक पौधे लगाए गए। इस अभियान में जो पौधे लगाए गए हैं, उनकी सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए हैं। इस अभियान में भ्रमण पर आये पर्यटकों एवं सफारी पार्क के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर सफारी पार्क के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पेडों को सुरक्षित रखना हमरा प्रथम दायित्व है: ज्योति गुप्ता



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में एक पेड़ मॉ के नामजन सहभागिता के साथ नगर पालिका परिषद की चेयरमैन ज्योति गुप्ता एवं सतोष कुमार मिश्रा अधिशाषी अधिकारी, मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक नथ्थी लाल कुशवाहा एवं स्वच्छ भारत मिशन(नगरीय)के डीपीएम सुनील कुमार, स्वच्छ भारत मिशन(नगरीय)के ब्रांड एंबेसडर डॉ0हरीशंकर पटेल ने बुद्धापार्क नुमाइश , अम्बेडकर पार्क आवास विकास तथा शीतल प्रसाद शोरावाल वालिक इन्टर कालेज के प्रागंण में नगर पालिका परिषद के द्वारा भी विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमान यादव के साथ स्टाफ तथा छात्राओं ने भी वृहद वृक्षारोपण कर पुनीत कार्य किया। ज्योति गुप्ता चेयरमैन नगर पालिका परिषद ने बताया वृक्ष हमें प्राण वायु देकर जीवन दान देते है पेडों को सुरक्षित रखना हमरा प्रथम दायित्व है। संतोष कुमार मिश्रा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने वृक्षों को लगाने के बाद कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षों को लगाने के साथ ही उनकी सेवा अपने बच्चों की भाँति करें। डॉ0हरीशंकर पटेल ब्रान्ड एम्बेसडर स्वच्छ भारत मिशन(नगरीय)ने बताया कि वृक्षो के विना मानव जीवन शून्य है। वृहद वृक्षारोपड़ कार्यक्रम में पौधा रोपड़ करने में मुख्य रूप से नगर पालिका परिषद के सम्मानित सभासद पुष्पा देवी, अरुण यादव सचिन कठेरिया , केशव यादव, महिपाल सिंह शाक्य, मन्जेश यादव एवं आर आई प्रदीप शर्मा , शुसांत कुमार यादव, ईओं पेशकार गौरव गौड़ वृक्षारोपड़ कार्यक्रम को सफल बनाने में सफाई नायक रजनीश राठौर , अमित कुमार, नरेश, चन्द्रशेखर एवं पालिका का स्टॉफ तथा सफाई कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय रही।

# पौधारोपण महाअभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम चेयरमैन ने किया पौधरोपण



**नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने रेलवे इंटर कॉलेज में किया पौधरोपण**

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/चोपन।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण महाअभियान 2025 के तहत नगर पंचायत चोपन में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने नगर के रेलवे इंटर कॉलेज परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधरोपण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद सिंह सहित विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि एक पेड़ लगाकर हम न केवल प्रकृति के ऋण को चुकाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण भी तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान एक भावनात्मक पहल है जो हमें प्रकृति और अपनी मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर देता है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. अरविंद सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया गया है और विद्यार्थी भी इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### एनटीपीसी सिंगरौली ने चलाया सघन वृक्षारोपण अभियान



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में भारत सरकार के पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने वाले एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत दिनांक 09 जुलाई 2025 को स्थानीय टाउनशिप एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिस के प्रांगण के आस-पास एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत सिंगरौली परियोजना परिसर तथा आस-पास के क्षेत्रों में पौधे लगाए गए। बता दें, यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 45,000 पौधे चरणबद्ध तरीके से एनटीपीसी के आवासीय परिसर एवं आस पास के क्षेत्रों में लगाए जाएँगे, इस पहल का मुख्य उद्देश्य मातृत्व के प्रति सम्मान प्रकट करना तथा पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में योगदान देना है। एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर ने इस अवसर पर कहा, माँ जीवन की प्रथम शिक्षिका होती हैं, और एक पेड़ लगाना उनके प्रति हमारा आभार प्रकट करने का एक सशक्त माध्यम है। यह अभियान न केवल पर्यावरण में हरियाली को बढ़ावा देगा, बल्कि भावी पीढ़ियों को प्रकृति के प्रति सजग बनाने में भी सहायक सिद्ध होगा। एनटीपीसी पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे भी इसी तरह निभाता रहेगा इसी क्रम मे, जोसफ बैस्टियन, मुख्य महाप्रबन्धक (एनटीपीसी सिंगरौली), ने कहा कि, प्रकृति हमारे जीवन का आधार है, और इसकी रक्षा करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। पेड़ लगाना केवल एक पौधा रोपना नहीं है, बल्कि एक बेहतर भविष्य की नींव रखना है। एनटीपीसी इस दिशा में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन नीरज यादव, अपरमहा प्रबंधक (ईएमजी) एवं दीपिका सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (ईएमजी) के सक्षम नेतृत्व में किया गया।

### मां के नाम एक पेड़ अभियान में लायंस क्लब रेणुकूट की सक्रिय भागीदारी




**सोनभद्र/ रेणुकूट।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान मां के नाम एक पेड़ के अंतर्गत आज वन विभाग रेणुकूट के डीएफओ कमल कुमार द्वारा लायंस क्लब रेणुकूट को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर मुर्धवा वन खंड 6क्र में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लायंस क्लब रेणुकूट के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 1,70,000 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। क्लब की ओर से लगभग 50 पौधों का रोपण किया गया, जो कि क्लब की सदस्य संख्या के अनुसार प्रतीकात्मक और संकल्पात्मक भागीदारी का परिचायक रहा।इस कार्यक्रम में क्लब के वरिष्ठ सदस्य लॉयन गोपाल सिंह, लॉयन सुनील दुबे, लॉयन सुनील अग्रवाल, वरिष्ठ लॉयन एल.जी. गुप्ता, प्रकाश चंद्र गुप्ता, लॉयन सचिन परवाल एवं क्लब सचिव लॉयन बृजेश जायसवाल सहित अनेक सदस्यों ने पैदल मार्च करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, अन्य सामाजिक संगठनों एवं सहयोगी क्लबों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। लायंस क्लब रेणुकूट ने यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी इसी तरह के पर्यावरणीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेकर समाज व प्रकृति के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाता रहेगा।

# पौधों का पालन पोषण अपने नौनिहालों की तरह करें: केशव मौर्य

अवधनामा ब्यूरो

- पेड़ वर्तमान भी है और पेड़ भविष्य भी है
- एक-एक पेड़, एक-एक जीवन हैं, पौधारोपण अवश्य करें
- वृक्षों की जीवन्तता सुनिश्चित करने के हर सम्भव प्रयास किये जाय
- उप मुख्यमंत्री ने हरीशंकरी का पौधारोपण कर जनपद में किया वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ



**लखनऊ।** एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण महाअभियान 2025 के अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा हरीशंकरी (पीपल, बरगद, पिलखन) का पौधारोपण कर जनपद मेरठ में वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उपमुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज वृक्षारोपण महाअभियान 2025 के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम 2.0 जैसे भावनात्मक और प्रेरक अभियान में सहभागी बनकर मैं स्वयं को अत्यन्त गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। आम जनमानस से उन्होंने अपील की कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के आप सभी सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि पेड़ नहीं होगा,तो पर्यावरण अनुकूल नहीं होगा, तो पानी नहीं होगा। हम संकल्प लेते है कि पेड़ लगायेंगे और उनको बचाएंगें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पौधो का पालन पोषण अपने नौनिहालों की तरह करें। पेड़ वर्तमान भी है और पेड़ भविष्य भी हैं। एक-एक पेड़, एक-एक जीवन हैं, पौधारोपण अवश्य करें। वृक्षों की जीवन्तता सुनिश्चित करने के हर सम्भव प्रयास किये जांय। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वृक्षारोपण अभियान 2025 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अन्तर्गत जनमानस में हरीतिमा संवर्धन एवं पौध रोपण के प्रति व्यापक जागरूकता की दृष्टिगत विशिष्ट वनों अटल वन् एकता वन, एकलव्य वन, ऑक्सी वन, शौर्य वन, गोपाल वन, त्रिवेणी वन, विरासत वृक्ष वाटिका, पवित्र धारा वृक्षारोपण, एक्सप्रेसवे वृक्षारोपण, सहजन भण्डार, ग्रीन चौपाल एवं खाद्य वन की स्थापना की गयी है। यह अभियान हमारे प्रदेश की हरित चेतना और जलवायु सुधार, पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

उप मुख्यमंत्री द्वारा बताया गया कि प्रदेश में इस बार 37 करोड़ पौध लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य है और उस लक्ष्य का आप सभी हिस्सा बनें। वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए प्रत्येक परिवार के प्रत्येक सदस्य को आज एक पेड़ माँ के नाम लगाने की अपील की गयी। पेड़ो के महत्व व महत्ता पर प्रकाश डाला। पेड़ लगाने से पर्यावरण सुरक्षित होगा और पर्यावरण सुरक्षित होने से पानी की कमी दूर होगी। सभी लोग अभियान मे शामिल होकर अपने आस-पास की नदियों, नालों के किनारे पौधारोपण करने का संकल्प लें। यह महाअभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है ,यह हमारे भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। उपमुख्यमंत्री द्वारा हर पेड़ लगाने के लिए उपस्थित जनसमूह को संकल्प दिलाया गया।

उप मुख्यमंत्री द्वारा सहजन भण्डारा के तहत 251 पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, आवास आयुक्त उ.प्र. /नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा भी पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सांसद अरूण चन्द्रप्रकाश गोविल, महापौर हरिकान्त अहलूवालिया, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह, एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ नुपुर गोयल, कुलपति सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के.के. सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व संबंधित अधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।

# भाषा विवि का स्नातक परीक्षाओं का परिणाम घोषित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर (मई 2025) में आयोजित स्नातक परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जो विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर उपलब्ध हैं। यह परिणाम बी.ए. (हिंदी, पाली, अंग्रेज़ी, फ्रेंच, उर्दू, अरबी, फ़ारसी, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, गृह विज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार, शारीरिक शिक्षा), एलएलबी, बीए एलएलबी, बीकॉम, बीबीए, बीएससी होम साइंस, बी.फार्मा, बीएससी (बॉटनी, बायोटेक्नोलॉजी, रसायनशास्त्र, माइक्रोबायोलॉजी, जूलॉजी), बीटेक (बायोटेक्नोलॉजी, सिविल, सीएसई, सीएसई–AI - DS, सीएसई–IoT, मैकेनिकल, रोबोटिक्स), तथा बीटेक लेटरल एंट्री के चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर के लिए घोषित किए गए हैं।उप परीक्षा नियंत्रक ने सभी विद्यार्थियों को सूचित किया है कि यदि किसी छात्र या छात्रा को अपने परिणाम में किसी प्रकार की त्रुटि प्रतीत होती है, तो वे तुरंत विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग से संपर्क करें। परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेश कुमार ने बताया कि, "विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सम्पन्न किया गया है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध परिणाम जारी करना हमारी प्राथमिकता रही है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थी अपने आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारी योजनाबद्ध तरीके से कर सकें।

## पीसीडीएफ मुख्यालय पराग में वृक्षारोपण किया गया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के आवाह्न पर "एक पेड़ माँ के नाम-2.0" अभियान के तहत आज दिनांक 09.07.2025 को समस्त अधिकारी/कर्मचारियों की सहभागिता में प्रादेशिक को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन (पी0सी0डी0एफ0) मुख्यालय, "पराग" प्रांगण लखनऊ में वृक्षारोपण का कार्य सम्पन्न कराया गया।इस उपलक्ष में श्रीमती नैनतारा दीक्षित, प्रभारी (समन्वय), राजीव कुमार सिंह, प्रभारी (प्रशासन /कार्मिक) एवं प्रशान्त आर्य (प्रभारी नज़ारत/विपणन) द्वारा उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को पर्यावरण को शुद्ध रखने, वर्षा, ऑक्सीजन, प्रदूषण नियंत्रण हेतु जागरूक किया गया एवं अपेक्षा की गयी हम सभी लोग अपनी दैनिक जीवनशैली में पॉलीथीन का उपयोग तत्काल बन्द कर दें। साथ ही समस्त स्टाफ से अपेक्षा की गयी कि वह परिवार के समस्त सदस्यों के साथ इस वर्षा ॠतु में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

# परिवहन निगम में अनुबंध के आधार पर 3200 पदों पर और संविदा महिला परिचालकों की भर्ती होगी

- 15 जुलाई से 25 जुलाई, 2025 तक विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार मेले का होगा आयोजन
- अनुबंध के तहत 1800 पदों पर महिला परिचालकों की भर्ती की जा चुकी है



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में लगभग 05 हजार महिला अभ्यर्थियों को सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखे जाने की प्रक्रिया जारी है। इसमें अनुबंध के तहत 1800 पदों पर महिला परिचालकों की भर्ती की जा चुकी है। शेष 3200 पदों पर भर्ती हेतु रोजगार मेले का आयोजन परिवहन निगम करने जा रहा है। अनुबंध के लिए महिला अभ्यर्थियों का उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं उ0प्र0 कौशल विकास मिशन का सदस्य होना अथवा एन0सी0सी0 बी प्रमाण पत्र, एन0एस0एस0 एवं स्काउट गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। यह जानकारी देते हुए परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए 15 जुलाई से 25 जुलाई, 2025 तक विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार मेलो का आयोजन परिवहन निगम करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि भर्ती के लिए इण्टरमीडिएट की योग्यता के साथ सी0सी0सी0 प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। महिला अभ्यर्थियों को इण्टरमीडिएट में प्राप्तांकों की मेरिट निर्धारित करते हुए सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि एन0सी0सी0 बी0 प्रमाणपत्र, एन0एस0एस0 प्रमाणपत्र, भारत स्काउट एवं गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाणपत्र धारक महिला अभ्यर्थियों को इण्टरमीडिएट में प्राप्तांक पर 05 प्रतिशत का वेटेज भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला परिचालकों को संविदा चालकों/परिचालकों हेतु अनुमन्य पारिश्रमिक दरों के समान दर से ही भुगतान किया जायेगा। महिला अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद के तहत आने वाले डिपो में नियुक्त किया जायेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि महिला परिचालक पद पर भर्ती के लिए परिवहन निगम द्वारा 15 जुलाई से 25 जुलाई तक अलग-अलग तिथियों पर रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई को नोएडा, आगरा, मुरादाबाद, लखनऊ एवं गोरखपुर में, 18 जुलाई को गाजियाबाद, अलीगढ़, बरेली, अयोध्या, वाराणसी में, 22 जुलाई को मेरठ, इटावा, हरदोई, देवीपाटन एवं आजमगढ़, 25 जुलाई को सहारनपुर, झांसी, कानपुर, चित्रकूटधाम, बांदा, प्रयागराज में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रमाणपत्रों का सत्यापन ऑफलाइन किया जाएगा।

# रेलवे कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए ई.रेफरल प्रणाली ऑनलाइन पेपरलेस प्रारंभ



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में रेलवे कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए ई.रेफरल प्रणाली ऑनलाइन पेपरलेस प्रारंभ की गई है। जिससे रेफरल की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी हो गई है। पेंशनर्स एवं कर्मचारियों को उम्मीद कार्ड और पंजीकृत मोबाइल नम्बर के माध्यम से बिना किसी कागजी प्रक्रिया के उपचार कराया जा रहा है। उत्तर रेलवे में मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा और एडीआरएम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व अन्य विभागीय अधिकारी तथा एवं सभी अधिपत्रित अस्पतालों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक हुई। रेलवे प्रशासन की ओर से रेलवे कर्मचारियों व पेंशनर्स के लिए निजी चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार सुविधा के लिए आवश्यक दस्तावेज़ों में यूएमआईडी कार्ड नम्बर, पंजीकृत मोबाइल नम्बर, उपचार प्रारंभ करने के लिए ओटीपी इसी नम्बर पर प्राप्त होगा। आपात स्थिति में कैशलेस, सीधे किसी भी अधिकृत निजी अस्पताल जायें। जहां उम्मीद कार्ड दिखाकर और ओटीपी दें और बिना भुगतान के उपचार करा सकते हैं। अस्पताल रेलवे अधिकारियों को 24 घण्टे के भीतर सूचित करेगा। रेफरल के माध्यम से कैशलेस उपचार कराये। निकटतम रेलवे अस्पताल और चिकित्सक से परामर्श ले सकते हैं। यदि चिकित्सक उचित समझें तो एचएमआईएस मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल रेफरल लेटर जारी करेगा। मनचाहे अधिकृत निजी अस्पताल में भी इलाज करवा सकते हैं। पेंशनर्स के लिए विशेष सुविधाओं में 70 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनभोगियों को सीधे विशेषज्ञ डॉक्टर से ओपीडी परामर्श एवं जांच की सुविधा कैशलेस रूप में दी जा रही है। कैंसर रोगियों को टाटा मेमोरियल जैसे शीर्ष संस्थानों में बिना रेफरल के प्रारंभिक जांच की सुविधा दी गई है। एक बार रेफरल मिलने पर 90 दिनों तक 6 बार परामर्श लिया जा सकता है।

## उत्तर प्रदेश मेट्रो का निलांश रिज़ॉर्ट एवं वॉटर पार्क के साथ अनुबन्ध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने मेट्रो यात्रियों के लाभ के लिए निलांश रिज़ॉर्ट एवं वॉटर पार्क के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन के तहत नियमित स्मार्ट कार्ड से यात्रा करने वाले मेट्रो यात्रियों को निलांश रिज़ॉर्ट एवं वॉटर पार्क के एंट्री टिकट, कमरे और विला, रेस्टोरेंट एवं खास आयोजनों पर भारी छूट मिलेगी। निलांश वॉटर पार्क के एंट्री टिकट पर 20 प्रतिशत की फ्लैट छूट एक कार्ड पर एक दिन में अधिकतम 4 टिकट खरीदे जा सकते हैं। निलांश रिज़ॉर्ट के कमरे एवं विला बुकिंग पर 20 प्रतिशत की फ्लैट छूट मिलेगी। निलांश के रेस्टोरेंट बिल पर 15 प्रतिशत की फ्लैट छूट, निलांश में शादी, कॉरपोरेट मीटिंग, बर्थडे, वर्षगांठ आयोजित करने पर 10 प्रतिशत की फ्लैट छूट मिलेगी। यूपीएमआरसी आने वाले दिनों में इसी प्रकार के कई और समझौतों पर हस्ताक्षर करने की तैयारी में है। जहां नियमित स्मार्ट कार्ड धारकों को किफायती सफर के साथ कई संस्थानों में भारी छूट हासिल हो सकेगी।

# गैंगस्टर एक्ट का वांछित गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो




**काकोरी लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, काकोरी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक वांछित अपराधी उमेश रावत उर्फ मूसा को आज गिरफ्तार कर लिया है। 36 वर्षीय मूसा पुत्र रामखेलावन, जो बेगरिया, दुबग्गा का निवासी है, काफी समय से न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के बावजूद फरार चल रहा था। काकोरी पुलिस टीम ने उसे बेगरिया दुबग्गा से धर दबोचा और न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के सख्त निर्देशों पर की गई। संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय अपराध अमित वर्मा, पुलिस उपायुक्त पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिमी धनंजय सिंह कुशवाहा, और सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी शकील अहमद के निकट पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली काकोरी के नेतृत्व में इस गिरफ्तारी को अंजाम दिया गया। उमेश रावत उर्फ मूसा पर अपराध संख्या 215/2018, मु.अ.सं.-561/2017, धारा-2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था। लंबा है आपराधिक इतिहास-गिरफ्तार अभियुक्त उमेश रावत उर्फ मूसा का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है, जिसमें विभिन्न थानों में कई गंभीर धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। थाना दुबग्गा (मारपीट/धमकी/नुकसान) इसके अलावा, उस पर वर्ष 2023 से 2025 के बीच दुबग्गा थाने में भी कई मामले दर्ज हैं जिनमें सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, मारपीट, धमकी और अन्य अपराध शामिल हैं।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक उस्मान खाँन, उपनिरीक्षक सुमित तिवारी, उपनिरीक्षक गिरेन्द्र सिंह और कांस्टेबल गौरव भदौरिया शामिल थे।

# इमामबाड़ा गुफरांमाब चौक में यौम-ए-ख्वातीन-ए-कर्बला का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इमामबाड़ा गुफरांमाब चौक में बुधवार को यौम-ए-ख्वातीन-ए-कर्बला का आयोजन किया गया। इस मौके पर मौलाना कल्बे जव्वाद ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि कर्बला के मैदान में जो ख्वातीन जनाबे जैनब (स) के साथ थी। उनके सुहाग उजड़े गोदी वीरान हुई भूखी प्यासी असीर हुई लेकिन उन्होंने सब्र का दामन नहीं छोड़ा। इन ख्वातीन का तारीख में जिक्र मौजूद है लेकिन अशरा ए मजलिस में वक़्त कम होने की वजह से उनका जिक्र नहीं हो पाता है। इस लिए आज यह मजलिस आयोजित कर उनकी कुर्बानियों को याद किया जाता है। मौलाना ने कहा कि कर्बला के मैदान में ख्वातीन ने अहम कुर्बानियां दी हैं। मौलाना ने कहा कि इन त्यागी और बलिदानी महिलाओं की सरदार शहजादी जनाबे जैनब (स.अ.) हैं। जनाबे जैनब (स.अ.) के सब्र की कोई मिसाल नहीं है। मजलिस के बाद कर्बला का मंजर पेश किया गया। जिसमें कर्बला में शहीद हुए 24 मासूम बच्चों और जनाबे सकीना (स.अ.) का ताबूत, हजरत अली असग़र (अ.स.) का झूला, ऊंटों पर अमारियां, ज़ुलजनाह की जियारत करायी गयी। जुलूस मशाले और मातमी बैंड भी शामिल था। कर्बला के पेश किए गए मंजर को देख कर अजादारों की आंखें आंसुओं से लबरेज हो गयीं।



## छोटे इमामबाड़े में पांच दिवसीय मजलिसें शुरू

कर्बला के 72 शहीदों की याद में छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में बुधवार से पांच दिवसीय मजलिसों का आगाज हो गया। मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने पहली मजलिस को खिताब किया। मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन (अस) ने खुद को और अपने पूरे खानदान को हक़ के लिए कुर्बान कर दिया लेकिन जालिम हाकिम यजीद और जुल्म की तरफदारी नहीं होने दी। इमाम हुसैन (अस) तमाम इंसानियत के लिए एक दर्स हैं कि इंसानियत को बचाने के लिए जालिम और जुल्म का विरोध करना जरूरी है। चाहे उसके लिए अपना सब कुछ कुर्बान करना पड़ जाए।

## काजमैन में पांच मजलिसें कल से

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स) व उनके साथियों की दर्दनाक शहादत की याद में रौजा-ए-काजमैन सआदतगंज में 11 से 15 जुलाई तक रात 8.30 बजे पांच दिवसीय मजलिसों का आयोजन हुसैनी अकादमी ने किया है। मजलिस का आगाज तिलावते कुराने पाक से कारी नदीम करेंगे। मजलिसों को मौलाना अब्बास इरशाद "जव्यान् मजलेसिकुम ब-जिक्रे अली" शीर्षक से खिताब करेंगे। मजलिसों के बाद अंजुमन शहीदाने कर्बला, रजाए हुसैन, शमशीरे हैदरी, जफरुल ईमान व अंतिम दिन काजमिया आबिदया नौहाख्वानी करेंगीं। इसके अलावा ताबूत, अलम और जुलजनाह की जियारत करायी जायेगी।

# संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए एक जुट हो पीडीए समाज-मिठाई लाल भारती

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ/सहारनपुर।** सपा बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कहा कि भाजपा की सरकारें संविधान व आरक्षण को समाप्त करने पर आमादा है। ताकि पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों के अधिकारों को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ता आपसी मतभेद भुलाकर संविधान को बचाने के लिए एक जुट होकर आगे आने का काम करें।

सहारनपुर अम्बाला रोड स्थित सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि अंबेडकर वाहिनी राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यकों की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लडने का काम कर रहे है। जब अयोध्या के भाजपा पूर्व सांसद ने संविधान को बदलने का बयान दिया था, तब उस चुनौती को स्वीकार करते हुए समाजवादी पार्टी ने अयोध्या की सामान्य सीट होने के बावजूद दलित समुदाय के अवधेश पासी को चुनाव जीताकर साबित कर दिया कि समाजवादी पार्टी ही संविधान व लोकतंत्र की सच्ची हिमायती है। उन्होंने कहा कि गत लोकसभा चुनाव में दलित समुदाय ने एक जुट होकर सपा-कांग्रेस गठबंधन को वोट देने का काम किया, जिसके चलते समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में नम्बर वन पार्टी बन गयी तथा कांग्रेस के छह सांसद भी सपा की बदौलत ही चुनाव जीते। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ.अम्बेडकर ने संविधान के माध्यम से जनता को वोट का सबसे बड़ा अधिकार देने का काम किया, जिसका प्रयोग कर जनता आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ करने का काम करेगी।

सपा जिलाध्यक्ष चौ.अब्दुल वाहिद ने कहाकि सभी कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर जाकर पिछड़ो, दलितों व अल्पसंख्यकों के बीच पार्टी के पीडीए मिशन का प्रचार प्रसार करें, ताकि आगामी विधान सभा चुनाव मे भाजपा का सूपड़ा साफ किया जा सकें। देहात विधानसभा के विधायक आशु मलिक ने कहाकि भाजपा अल्पसंख्यक,दलित, पिछड़ा विरोधी है भाजपा की राज्य सरकार इन वर्गों को शिक्षा से वंचित रखने के लिए 5000 स्कूलों का विलय करने का काम कर रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह जानकारी सपा अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने दी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री विनोद तेजियान, लियाकत अली एडवोकेट, प्रदेश सचिव मजाहिर राणा, राष्ट्रीय महासचिव शमशाद अहमद, महेन्द्र पाल राकेश, हसीन कुरैशी, ममता चौधरी, रूही अंजुम, महजबी खान, महानगर अध्यक्ष नवाब अंसारी, चौ.इजहार बब्लू व सतीश कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सुमन लता, आफताब मलिक, प्रदीप कुमार, जिंदा हसन, कासिफ अल्वी, कंवर पाल, नदीम अंसारी, चौ.जुल्ला सिंह, रविंदर, वसीम, सोनू नम्बरदार, अनुज मदनूकी, विजय पाल, रजनीश, इमरान मलिक, कैफ कुरैशी, जमाल साबरी, शादाब नम्बरदार, मेहरबान चौधरी, विशाल, अभिषेक, आयश, अरविंद, दिनेश बोध, दीपक, सन्नी कुमार आदि मौजूद रहे।

## राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान में 1500 पौधों का किया गया रोपण

**लखनऊ।** हरदोई रोड स्थित राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, रहमानखेड़ा, लखनऊ में "पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जन अभियान-2025" के अन्तर्गत वृहद वृक्षारोपण महाअभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' का आयोजन किया गया। संस्थानके निदेशक हरेन्द्र ने बताया कि कृषि विभाग एवं राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान के द्वारा संयुक्त रूप से 1.5 हे0 क्षेत्रफल में आम, आंवला, सहजन, अमरूद, जामुन, नीम, सागौन के कुल 1500 पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने समस्त प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे अपने पवित्र एवं शुद्ध भावनाओं को संकल्पित करते हुए पौधों को रोपित करें, जिससे वे पल्लवित तथा पुष्पित होते हुए मनुष्य जीवन में प्राण-वायु व फल प्रदान करें। कार्यक्रम के अन्त में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कृषि निदेशक, डा0 पंकज त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक,सहायक निदेशक तथा कृषि विभाग के अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रति व्यक्ति एक वृक्ष माँ के नाम भाव से वृक्ष रोपित कर वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की।

# बिजली निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल

- उत्तर प्रदेश में एक लाख बिजली कर्मी सड़क पर उतरे



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश - नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर आज देशभर के 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। इस हड़ताल में उत्तर प्रदेश के लगभग एक लाख बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी, जूनियर इंजीनियर और अभियंता शामिल हुए, जिन्होंने पूरे दिन निजीकरण के विरोध में व्यापक प्रदर्शन किया।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे सहित NCCEE के शीर्ष नेताओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकारों की बिजली के निजीकरण की जनविरोधी नीतियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में यह हड़ताल की गई। नेताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए सरकार से निजीकरण का निर्णय वापस लेने की मांग की।

NCCEE ने उत्तर प्रदेश सरकार से बिजली के निजीकरण का निर्णय तत्काल रद्द करने की मांग की, और भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय से इस मामले में हस्तक्षेप कर निर्णय को निरस्त करवाने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उत्तर प्रदेश में दो विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण का निर्णय वापस नहीं लिया गया और बिजली कर्मियों का उत्पीड़न करने की कोशिश की गई, तो देश के तमाम बिजली कर्मी मूकदर्शक नहीं रहेंगे और देशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

उत्तर प्रदेश में आज लगभग एक लाख बिजली कर्मी अपने कार्यालयों और कार्यस्थलों से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में नारे लगाए। उनके समर्थन में केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी संगठन, उपभोक्ता संगठन और संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान भी विभिन्न जनपदों में प्रदर्शन में शामिल हुए। किसान और उपभोक्ता संगठनों ने भी चेतावनी दी है कि यदि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों का उत्पीड़न किया गया तो वे भी सड़कों पर उतरेंगे।

लखनऊ में शक्ति भवन मुख्यालय पर हजारों बिजली कर्मी उमड़ पड़े, जिससे दफ्तर पूरी तरह खाली हो गए। बिजली कर्मचारियों, संविदाकर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने पूरे दिन विरोध प्रदर्शन किया और पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के निर्णय को रद्द करने की मांग की। लखनऊ में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित किया, जिनमें संजय सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय और महेंद्र राय प्रमुख थे।